CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 22°C

नई दिल्ली, शनिवार 12 जुलाई 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 100 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 16 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



ओडिशा के जंगल- जमीन मित्रों के हवाले कर रहे मोदी: खड़गे-राहुल पेज 2



लॉर्ड्स टेस्ट: राहुल व नायर ने भारतीय पारी संभाली खेल टाइम्स



चंद्रचूड़ बंगला विवाद: सुप्रीम कोर्ट का पत्र सरकार को चेतावनी! सम्पादकीय



अमेरिकी हमले में भी बच गया ईरान का परमाणु कार्यक्रम पेज 12

## शॉल ओढ़ाने पर समझें उम्र हो चली: भागवत

# भागवत के मुंह से निकली '75 उम्र की दलील' को कांग्रेस ने लपका

## कांग्रेस बोली: प्रधानमंत्री को भी हो जाना चाहिए रिटायर

नागपुर, वार्ता

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक** संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि 75 साल की उम्र के बाद नेताओं को रिटायरमेंट ले लेनी चाहिए। भागवत ने कहा कि जब आपको 75 साल पूरे होने पर शॉल ओढ़ाई जाती है, तो समझिए कि दूसरों को मौका देने का समय आ गया है। आपको किनारे हो जाना चाहिए।

भागवत ने ये बातें रामजन्मभूमि आंदोलन के प्रेरक दिवंगत मोरोपंत पिंगले पर लिखी पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में कहीं। मोदी और भागवत, दोनों इस साल सितम्बर में 75 साल के हो जाएंगे। भागवत के इस बयान के बाद विपक्षी पार्टियां इसे प्रधानमंत्री से जोड़ रही हैं। कांग्रेस महासचिव



- मोदी और भागवत इसी साल सितम्बर में 75 साल के हो जाएंगे
- संघ प्रमुख के बयान पर सियासी घमासान

जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बेचारे पुरस्कार जीवी प्रधानमंत्री! यह कैसी घर वापसी है। लौटते ही सरसंघचालक ने उन्हें याद दिलाया कि 17 सितम्बर, 2025 को वे 75 साल के हो जाएंगे। जयराम रमेश ने आगे लिखा कि प्रधानमंत्री भी सरसंघचालक से कह सकते हैं कि वे भी 11 सितम्बर, 2025 को 75 साल के हो जाएंगे! एक तीर, दो निशाने! दरअसल, पीएम मोदी 10 जुलाई को 5 देशों की विदेश यात्रा से लौटे हैं। जयराम रमेश ने इसे ही उनकी घर वापसी बताया। भाजपा में राज्य और मंडलस्तर पर उम्र की सीमाएं लागू हैं। भाजपा के भीतर एक निश्चित उम्र तक पद पर बने रहने को लेकर कोई आधिकारिक नियम नहीं है। हालांकि, कुछ स्तरों पर उम्र सीमाएं लागू की गई हैं। उदाहरण के लिए, छत्तीसगढ़ भाजपा ने मंडल अध्यक्ष पद के लिए 35 से 45 साल और जिला अध्यक्ष पद के लिए 45 से 60 साल की उम्र सीमा निर्धारित की है। वहीं भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनावों में 75 साल से अधिक उम्र के कई वरिष्ठ नेताओं को टिकट नहीं दिया था। इसमें लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, सुमित्रा महाजन, कलराज मिश्र, जैसे कई नेता शामिल थे। 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा में 75 साल की उम्र से ज्यादा के नेताओं को रिटायर करने का ट्रेंड शुरू। पहली बार प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी ने अपनी कैबिनेट में इससे कम उम्र के नेताओं को ही जगह दी थी। लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी को मार्गदर्शक मंडल में शामिल किया गया।

# अजित डोभाल ने पहली बार चुप्पी तोड़ी

## कहा: 23 मिनट में पाक के नौ ठिकानों को किया बर्बाद

चेन्नई, वार्ता



- बोले-विदेशी मीडिया ने पाकिस्तान को बढ़ा-चढ़ाकर किया पेश

**राष्ट्रीय सुरक्षा** सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने आईआईटी मद्रास में आयोजित एक कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विदेशी मीडिया की रिपोर्टिंग पर कड़ी प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने पहली बार कहा कि कई विदेशी समाचार एजेंसियों ने भारत को लेकर भ्रामक और तथ्यहीन जानकारी प्रकाशित की है। इसके साथ ही अजित डोभाल ने कहा कि भारत का ऑपरेशन बेहद ही सफल रहा। हमने पाकिस्तान में नौ ठिकानों को निशाना बनाया था। इसमें से एक भी नहीं चूका। एनएसए डोभाल ने कहा कि विदेशी प्रेस ने कहा कि पाकिस्तान ने यह किया, वो किया... आप मुझे एक भी फोटो या सबूत दिखाइए, जिसमें भारत में किसी इमारत को नुकसान हुआ हो, एक कांच तक टूटा हो, उन्होंने बातें लिख दीं और छाप दीं। उन्होंने आगे कहा कि विदेशी मीडिया द्वारा जारी की गई सैटेलाइट तस्वीरों में 10 मई से पहले और बाद में पाकिस्तान के 13 एयरबेस दिखाए गए, चाहे वह सरगोधा हो, रहीम यार खान हो या चकलाला। मैं सिर्फ वही बता रहा हूं जो उन्होंने अपनी रिपोर्टिंग में छापा। हममें यह क्षमता है कि अगर हम चाहें, तो पाकिस्तान के एयरबेस को नुकसान पहुंचा सकते हैं। डोभाल ने कहा कि हमें अपनी स्वदेशी तकनीक विकसित करनी होगी। ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र यहां किया गया था। हमें इस बात पर गर्व है कि इसमें कितनी स्वदेशी सामग्री थी... हमने पाकिस्तान के आर-पार नौ आतंकवादी ठिकानों पर निशाना साधने का फैसला किया, ये सीमावर्ती इलाकों में नहीं थे। हम कोई भी निशाना नहीं चूके। हमने इसके अलावा कहीं और निशाना नहीं साधा। यह उस बिंदु तक सटीक था, जहां हमें पता था कि कौन कहां है? पूरे ऑपरेशन में 23 मिनट लगे। हम एक ऐसे देश और ऐसी सभ्यता से ताल्लुक रखते हैं, जो हजार वर्षों से संकटग्रस्त, लहूलुहान और अपमानित रही है। हमारे पूर्वजों ने बहुत कुछ सहा है... मुझे नहीं पता कि इस सभ्यता को जीवित रखने और राष्ट्र की इस धारणा को जीवित रखने के लिए उन्होंने कितने अपमान, अभाव और कष्ट सहे होंगे। राष्ट्र, राज्य से अलग होता है। भारत, एक राष्ट्र के रूप में सहस्राब्दियों से अस्तित्व में है। अब से 22 साल बाद जब हम अपनी आजादी के 100 साल पूरे कर रहे होंगे, तब आप अपने करियर के शीर्ष पर होंगे।

### शुभांशु शुक्ला 14 जुलाई को धरती पर लौटेंगे

**टेक्सास।** भारतीय एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला 14 जुलाई को धरती पर लौटेंगे। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने इसकी जानकारी दी। एक्सिओम-4 मिशन के तहत शुभांशु सहित चार क्रू सदस्य इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पहुंचे थे। एक्सिओम मिशन को 25 जून को फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया था। ड्रैगन अंतरिक्ष यान 28 घंटे की यात्रा के बाद 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर डॉक किया गया था। हालांकि, यह मिशन 14 दिनों का था। अब एस्ट्रोनॉट की वापसी चार दिन देरी से होगी। इससे पहले 6 जुलाई को शुभांशु के आईएसएस स्टेशन से कुछ तस्वीरें सामने आईं थीं। जिसमें शुभांशु कपोला मॉड्यूल के विंडो से पृथ्वी देखते नजर आ रहे थे। कपोला मॉड्यूल एक गुंबदनुमा ऑब्जर्वेशन विंडो है, जिसमें 7 खिड़कियां होती हैं।

### गुजरात महिसागर पुल हादसा: मृतक संख्या 19 हुई, दो लापता

**अहमदाबाद।** गुजरात के वडोदरा जिले में महिसागर नदी पर बने पुराने पुल के ढहने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है। शुक्रवार को एक घायल शख्स की अस्पताल में मौत हो गई। दो लोग अभी भी लापता हैं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ का सर्च ऑपरेशन जारी है। वडोदरा कलेक्टर अनिल धमेलिया ने कहा कि नदी में गिरे एक टैंकर में सल्फ्यूरिक एसिड भरा था। ऐसे में पता लगाया जा रहा है कि उसमें से कोई रिसाव न हो। वहीं पानी सोडा ऐश (सोडियम कार्बोनेट) होने के कारण रेस्क्यू टीम को जलन और खुजली हो रही है। हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई है।

### अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा के लिए ऑपरेशन शिवा शुरू

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने श्री अमरनाथ जी की सुचारू और सुरक्षित यात्रा के लिए नागरिक प्रशासन और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के साथ मिलकर 'ऑपरेशन शिवा 2025' शुरू किया है। इस विशेष अभियान का उद्देश्य विशेष रूप से ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान समर्थित छद्म आतंकवादियों से बढ़े खतरे को देखते हुए उत्तरी और दक्षिणी दोनों यात्रा मार्गों पर मज़बूत और पुख्ता सुरक्षा प्रदान करना है, इस वर्ष अभियान के लिए प्रौद्योगिकी और अन्य जरूरी संसाधनों से लैस 8500 से अधिक सैनिकों को तैनात किया गया है।

### 'कन्नड़' अनिवार्य करने पर केंद्र व राज्य सरकार को नोटिस

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने कन्नड़ भाषा की पढ़ाई अनिवार्य करने पर सरकार से जवाब मांगा है। इसके लिए तीन हफ्ते का समय दिया है। अदालत ने राज्य और केंद्र सरकार को नोटिस भी जारी किए हैं। राज्य के सीबीएसई और सीआईएससीई स्कूलों में कन्नड़ की पढ़ाई अनिवार्य करने के खिलाफ 2023 में एक जनहित याचिका दायर हुई थी।

### हिमाचल: 21 दिन में 91 मरे, वाराणसी में गंगा में बहे व्यक्ति को एनडीआरएफ ने बचाया

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में 20 जून को मानसून की एंट्री हुई थी। बीते 21 दिन में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 91 लोगों की मौत हुई है। इनमें बाढ़, लैंडस्लाइड और सड़क हादसे शामिल हैं। राज्य की 200 से ज्यादा सड़कें बंद हैं। यूपी के कई जिलों में शुक्रवार को बारिश हुई। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी में शख्स बह गया। वो यहां दर्शन के लिए आया था। वाराणसी की गंगा में बहे व्यक्ति को एनडीआरएफ ने बचाया। यहां गंगा में पानी हर घंटे 2 बार बढ़ रहा है। मप्र के मंडला में बाढ़ से अब तक 7 लोगों की मौत हो चुकी है, 2 लापता हैं। 300 मकान क्षतिग्रस्त हैं। 300 से ज्यादा लोग 7 रेस्क्यू कैंप में हैं। सीधी में बीते 12 घंटे से बारिश हो रही है। राजस्थान के 11 जिलों में सुबह से बारिश हो रही है। 27 जिलों में तेज बारिश का येलो अलर्ट है। सीकर में खंडेला नदी का पानी आबादी वाले इलाकों में पहुंचा। कोठपुतली में सरकारी स्कूल में पानी भर गया। बच्चों को पीठ पर लादकर बाहर निकाला गया। सीडब्ल्यूसी ने कहा कि देश भर में 20 नदी स्थल बाढ़ के खतरे में हैं, जिनमें से असम में एक और बिहार में दो स्थानों पर गंभीर बाढ़ की स्थिति है। गंभीर बाढ़ की स्थिति वाले स्थल असम के गोलाघाट में ब्रह्मपुत्र और उसकी सहायक नदियों के किनारे, और मुजफ्फरपुर तथा गोपालगंज में गंगा की सहायक नदियों बागमती और गंडक के किनारे पर बसे हैं।

### मोदी व आरएसएस पर आपत्तिजनक व्यंग्यचित्र विवाद पर 14 को सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट पीएम नरेन्द्र मोदी व आरएसएस पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों के साथ अशोभनीय व्यंग्यचित्र बनाने के मामले में आरोपी हेमंत मालवीय की अंतरिम जमानत की मांग वाली याचिका पर 14 जुलाई को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया व न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता वृंदा ग्रोवर के मामले पर शीघ्र सुनवाई का अनुरोध शुक्रवार को स्वीकार करते हुए इस मामले को सोमवार के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। इंदौर के व्यंग्यचित्रकार हेमंत ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के तीन जुलाई के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती देते हुए राहत की गुहार लगाई है।

# बम बम भोले के उद्घोष के साथ शुरू हुई कांवड़ यात्रा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- तीर्थ नगरी हरिद्वार में कांवड़ियों का हुजूम उमड़ना शुरू

**हरिद्वार/देहरादून।** श्रावण मास शुरू होते ही शुक्रवार को उत्तराखंड की तीर्थ नगरी हरिद्वार में कांवड़ियों का हुजूम उमड़ना शुरू हो गया। बम बम भोले के उद्घोषों के साथ आकर्षक कांवड़ में गंगा जल लेने आने वाले कांवड़ियों का मेला इस बार अदभुत नजर आ रहा है।

पुलिस ने पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादा सुरक्षा के प्रबंध किए हैं। साथ ही, कांवड़ियों की भीड़ में फर्जी साधु बनकर नशीले पदार्थों की आपूर्ति अथवा सीधे साधे भोले के भक्तों को अपने जाल में फंसाकर, ठगने वालों को ऑपरेशन कालनेमी के तहत पुलिस के जवान खोजते घूम रहे हैं। शुक्रवार को श्रावण कृष्ण पक्ष प्रतिपदा से चतुर्दशी तक हर की पैड़ी से गंगा जल लेकर कांवड़िए उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और मध्य प्रदेश के नगरों, कस्बों और गांवों के शिवालयों में चढ़ाने के लिए आना शुरू हो गए। पुराणों के अनुसार, काल के प्रथम खंड में कनखल के राजा ब्रह्मपुत्र दक्ष को दिया वचन निभाने के लिए भोले भंडारी श्रावण प्रतिपदा यानी शुक्रवार से कनखल पहुंच गए हैं। प्रति वर्ष में दो बार हरिद्वार से शिवालयों तक कांवड़ यात्रा निकलती है। फागुन मास की कांवड़ का जल महाशिवरात्रि तथा श्रावण मास की कांवड़ का जल शिव चतुर्दशी को चढ़ाया जाता है।

### नारकोटिक्स मामले के आरोपी कुब्बावाला को यूएई से भारत लाया गया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) एक सफल अभियान में नारकोटिक्स मामले के वांछित अपराधी कुब्बावाला मुस्तफा को शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से प्रत्यर्पित कर भारत ले आई। सीबीआई ने बताया कि उसने इंटरपोल चैनलों के माध्यम से कुब्बावाला मुस्तफा की वापसी का सफलतापूर्वक समन्वय किया है। कुब्बावाला मुस्तफा मुंबई पुलिस का वांछित अपराधी है। सीबीआई की अंतर्राष्ट्रीय पुलिस सहयोग इकाई एनसीबी-अबू धाबी के सहयोग से रेड नोटिस के तहत वांछित कुब्बावाला मुस्तफा को सफलतापूर्वक भारत वापस लेकर आई है। मुंबई पुलिस की चार सदस्यीय टीम कुब्बावाला मुस्तफा को वापस लाने के लिए दुबई गई थी।

### अस्त्र मिसाइल का सुखोई लड़ाकू विमान से सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और वायुसेना ने हवा से हवा में मार करने वाली स्वदेशी मिसाइल 'अस्त्र' का सुखोई-30 लड़ाकू विमान से सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि व्यक्ति की देखने की सीमा से आगे तक मार करने में सक्षम इस मिसाइल का ओडिशा के तट से परीक्षण किया गया। परीक्षणों के दौरान विभिन्न दूरी तथा अत्यधिक गति वाले मानवरहित हवाई लक्ष्यों पर दो निशाने लगाए गए और दोनों बार मिसाइलों ने सटीक निशाना साधा। अस्त्र की मारक क्षमता 100 किलोमीटर से अधिक है और यह अत्याधुनिक नौवहन प्रणाली से सुसज्जित है। डीआरडीओ की विभिन्न प्रयोगशालाओं के अलावा हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड सहित 50 से अधिक सार्वजनिक और निजी उद्योगों ने इस हथियार प्रणाली के सफल निर्माण में योगदान दिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मिसाइल से जुड़ी टीमों की सराहना की और कहा कि स्वदेशी सीकर युक्त मिसाइल का सफल परीक्षण महत्वपूर्ण रक्षा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। डीआरडीओ के अध्यक्ष डा. समीर वी. कामत ने भी सफल उड़ान परीक्षण पर सभी टीमों को बधााई दी।

# खुले फास्टैग को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया तेज

शाह टाइम्स ब्यूरो




- टोल संग्रह एजेंसियों को अपनी नीति और सुव्यवस्थित करने में मिलेगी मदद

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण- एनएचएआई ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर सुगम टोल संग्रहण संचालन सुनिश्चित करने के वास्ते 'खुले फास्टैग' को ब्लैक लिस्ट करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। एनएचएआई के अनुसार इससे टोल संग्रह एजेंसियों को अपनी नीति और सुव्यवस्थित करने में मदद मिलेगी और जो खुले फास्टैग जिन्हें 'टैग-इन-हैंड' भी कहा जाता है, उसकी तुरंत रिपोर्ट कर उसे ब्लैकलिस्ट किया जा सकेगा।

पास- प्रणाली और मल्टी-लेन फ्री फ्लो टोलिंग जैसी पहलों के मद्देनजर फास्टैग की प्रामाणिकता और प्रणाली की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए इसका समाधान आवश्यक है। खुले फास्टैग से अभिप्राय है कि कभी-कभी वाहन मालिक जानबूझकर वाहन के विंडस्क्रीन पर फास्टैग नहीं लगाते। इस से परिचालन सम्बंधी चुनौतियां पैदा होती हैं, जिससे लेन में भीड़भाड़, झूठे चार्ज बैंक, बंद टोल प्रणाली में दुरुपयोग, इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह व्यवस्था में बाधा आती है। इससे टोल प्लाजा पर अनावश्यक देरी होती है और राष्ट्रीय राजमार्ग के अन्य उपयोगकर्ताओं को असुविधा होती है। इसको लेकर सुधारात्मक उपाय सुनिश्चित करने के लिए, एनएचएआई ने एक समर्पित ईमेल आईडी उपलब्ध कराई है और टोल संग्रह एजेंसियों और रियायतधारकों को ऐसे फास्टैग की तुरंत सूचना देने का निर्देश दिया है। प्राप्त रिपोर्टों के आधार पर, एनएचएआई रिपोर्ट किए गए फास्टैग को ब्लैकलिस्ट करने के लिए तुरंत कार्रवाई करेगा। एनएचएआई का कहना कि 98 प्रतिशत से अधिक की व्यापक पहुंच के साथ फास्टैग ने देश में इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली में क्रांति ला दी है। खुले फास्टैग या हाथ में टैग इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह कार्यों की दक्षता के लिए एक चुनौती हैं, लेकिन यह पहल टोल संचालन को और अधिक कुशल बनाने में मदद करेगी, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं के लिए निर्बाध और सहज यात्रा सुनिश्चित होगी।

# EOW के हाथ लगा 49 हजार करोड़ की ठगी का मास्टरमाइंड

शाह टाइम्स ब्यूरो

- पंजाब के रोपड़ जिले से हुई गिरफ्तारी

**लखनऊ।** उप्र की आर्थिक अपराध जांच शाखा (ईओडब्ल्यू) ने 49 हजार करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के एक मामले के मुख्य आरोपी को पंजाब के रोपड़ जिले से गिरफ्तार किया है।

ईओडब्ल्यू के सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि पर्ल्स एग्रो-टेक कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएसीएल) के निदेशक गुरनाम सिंह (69) को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। उस पर पांच करोड़ निवेशकों के 49 हजार करोड़ रुपये हड़पने का आरोप है। उन्होंने बताया कि गुरनाम सिंह ने 13 फरवरी 1996 को जयपुर में रजिस्ट्रार ऑफ कंपनी से गुरुवंत एग्रोटेक लिमिटेड नाम से कंपनी का पंजीकरण कराया था, जबकि 25 अक्टूबर 2011 को इसका नाम बदल कर पर्ल्स एग्रो-टेक कॉर्पोरेशन लिमिटेड कर दिया गया, जिसका मुख्यालय नई दिल्ली स्थित बारह खंभा रोड पर है। गुरनाम ने अपने साथी संचालकों की मदद से दस राज्यों उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, असम, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, केरल, बिहार और छत्तीसगढ़ में कंपनी की शाखाएं खोलीं।

## संक्षिप्त समाचार

### कश्मीर के मुख्य धार्मिक नेता मीरवाइज उमर फारूक नजरबंद

**श्रीनगर।** हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं कश्मीर के मुख्य धार्मिक नेता मीरवाइज उमर फारूक ने शुक्रवार को कहा कि ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में उन्हें जुमे की नमाज अदा करने से रोकने के लिए फिर से नजरबंद कर दिया गया है। मीर वाइज ने अपनी नज़रबंदी को 13 जुलाई को मनाए जाने वाले 'शहीद दिवस' से जोड़ा है। गौरतलब है कि 'शहीद दिवस' 13 जुलाई-1931 को श्रीनगर केंद्रीय जेल के बाहर सुरक्षाकर्मियों के हाथों 22 कश्मीरियों को मारे जाने की घटना की याद में मनाया जाता है, जहां वे निरंकुश शासन का विरोध करने के लिए एकत्र हुए थे। वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने से पहले जम्मू कश्मीर में इस दिन आधिकारिक अवकाश होता था।

### भाजपा को लाकर पछता रहे दिल्लीवाले: आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने कहा है कि दिल्ली की जनता ने बड़ी उम्मीदों के साथ भारतीय जनता पार्टी को सत्ता सौंपी थी,लेकिन पांच महीने में ही उसे अपने फैसले पर पछतावा हो रहा है। आप के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने जलभराव के मुद्दे पर शुक्रवार को कहा कि आज दिल्ली के व्हाट्सएप, ड्राइंग रूम्स और साउथ दिल्ली के क्लब में मध्यम वर्ग के लोगों के बीच यही चर्चा चल रही है कि वह मान रहे हैं कि भाजपा को दिल्ली में लाना एक बघी गलती थी। लोग भूल गए कि वही भाजपा, जो पिछले 12-14 साल से हरियाणा में सरकार चला रही है और हर बार गुघ्गांव नगर निगम में जीतती है, उसके बावजूद वहां करोड़ों के फ्लैट में रहने वालों की गाड़ियां पानी में डूब रही हैं।

## ओडिशा के जंगल-जमीन मित्रों के हवाले कर रहे मोदी

# खड़गे-राहुल ने की प्रधानमंत्री मोदी की घेराबंदी

नई दिल्ली, वार्ता



■ कहा: अपने कुछ उद्योगपति मित्रों के हित के लिए काम करते हैं पीएम

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने कुछ उद्योगपति मित्रों के हित के लिए काम करते हैं इसलिए उन्होंने ओडिशा की जमीन और जंगल अडानी जैसे अपने चंद मित्रों के हवाले कर दी है।

खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मैं हमारे ओडिशा के महान नायक 'उत्कलमणि' गोपबंधु दास जी, बैरिस्टार मधुसूदन दास जी और यहां के सभी महान सेनानियों को श्रद्धांजलि देता हूं। कांग्रेस की सरकारों में पारादीप पोर्ट, राउरकेला स्टील प्लांट, हीराकुंड बांध, एनटीपीसी, नाल्को, चिल्का नेवल एकेडमी, पंचेश्वर रेल कोच फैक्ट्री, कोरापुट में एचएएल, आर्डिनेंस फैक्ट्री लगी। कांग्रेस के शासनकाल में भुवनेश्वर में एम्स, एनआईएसईआर, फिजिक्स इंस्टीट्यूट और कई शिक्षा संस्थान कायम हुए। कालाहांडी, बोलांगीर और कोरापुट केबीके जिलों के बदलाव की योजना बनाई, लेकिन आज क्या हो रहा है। मोदी, ओडिशा के लोगों की मेहनत की कमाई का पैसा अपने अरबपति मित्रों को सौप रहे है। सभी सरकारी कारखाने, सरकारी कंपनियां, खदानें, पोर्ट, एअरपोर्ट, जंगल, जमीन, सब मोदीजी के कुछ मित्रों को दिए जा रहे है। उन्होंने सवाल किया कि प्राकृतिक संसाधनों में भारत का सबसे अमीर राज्य ओडिशा है, पर यहां के जनजातीय समुदाय दुनिया में सबसे अधिक गरीबी में क्यों जी रहे हैं। कांग्रेस की सरकार यहां मार्च 2000 के बाद नहीं बनी। खड़गे ने आरोप लगाया हसभी संवैधानिक संस्थाओं पर मोदीजी का क़ब्जा है। ये सभी संस्थाएं भारत के संविधान से नहीं, भाजपा के इशारों पर चलती है। जो मोदी-शाह कहते है, वो ये संस्थाएं और एजेंसियां करती है। इसी तरह अब लोगों के वोट के अधिकार पर सीधा हमला हो रहा है। पहले महाराष्ट्र और अब बिहार। ठीक चुनाव से पहले, बिहार में ग़रीब, पीड़ित, शोषित और वंचित लोगों के वोट का अधिकार छीना जा रहा है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने मामले में हस्तक्षेप कर, चुनाव आयोग के निर्णय पर सवाल उठाया। आधार कार्ड, वोटर आईडी और राशन कार्ड को दस्तावेज की सूची में शामिल करने को कहा। उन्होंने ओडिशा के लिए भाजपा का योगदान शून्य करार देते हुए कहा कि भाजपा पहले मुख्यमंत्री चुनती है, फिर अडानी- अंबानी जैसे लोग पीछे लगते हैं और देखते हैं कि कौन सी जमीन अच्छी है, कहां खनन करना है।

### कांग्रेस आयोजित करेगी ओबीसी नेतृत्व भागीदारी न्याय सम्मेलन

**नई दिल्ली।** विभिन्न क्षेत्रों में पिछड़ों की भागीदारी बढ़ाने के मुद्दे को लगातार उठा रही कांग्रेस 25 जुलाई को राष्ट्रीय राजधानी में 'ओबीसी नेतृत्व भागीदारी न्याय सम्मेलन' आयोजित करेगी। इस सम्मेलन में पार्टी के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी शामिल हो सकते हैं। वह लगातार अन्य पिछड़ा वर्ग की भागीदारी बढ़ाने के लिए जातिगत जनगणना कराने की मांग करते रहे हैं। गांधी कांग्रेस पार्टी के भीतर पिछड़े वर्ग की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने की बात भी करते रहे हैं। इसी कड़ी में पार्टी का ओबीसी विभाग नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 25 जुलाई को ओबीसी नेतृत्व भागीदारी न्याय सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। सम्मेलन में देश भर से कांग्रेस के कई नेता और पदाधिकारी शामिल होंगे। सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रमुख नेताओं में राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पार्टी महासचिव सचिन पायलट समेत कई नेताओं के नाम शामिल हैं।

# श्रावण मास के पहले दिन शिवालयों में भक्तों का तांता



शाह टाइम्स ब्यूरो

■ मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर गोरखनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक व हवन किया

**लखनऊ।** देवाधिदेव भगवान शिव के प्रिय मास श्रावण के पहले दिन शुक्रवार को वाराणसी समेत समूचे उत्तर प्रदेश में शिवालयों में श्रद्धालुओं ने हर हर महादेव के उद्घोष के साथ जलाभिषेक किया। इस दौरान सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए हैं।

मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक व हवन किया। रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कर उन्होंने भगवान भोले शंकर से चराचर जगत के कल्याण और सभी नागरिकों के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। मंदिर के अपने आवास के प्रथम तल स्थित शक्तिपीठ में योगी ने भगवान भोलेनाथ को विल्व पत्र, दुर्वा, मदार पत्र, कमल पुष्प समेत अनेकानेक पूजन सामग्री अर्पित करने के बाद जल, दूध और ऋतुफल के रस से रुद्राभिषेक किया। मठ के विद्वत आचार्यगण एवं पुरोहितगण ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्याई के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक संपन्न कराया। रुद्राभिषेक के बाद गोरक्षपीठाधीश्वर ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन किया। विधि विधान से पूर्ण हुए रुद्राभिषेक अनुष्ठान के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की। वाराणसी से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार ज्योतिर्लिंग काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए देर रात से ही श्रद्धालु कतारबद्ध हो चुके थे। मंदिर में कावंड़िए अपने आराध्य का जलाभिषेक करने को आतुर दिखे। कतार में लगे श्रद्धालु हर हर महादेव शंभू,काशी विश्वनाथ गंगे का उदघोष करते हुए अपनी बारी का इंतजार करते दिखाई दिए। इस दौरान पुलिस के जवान सुरक्षा इंतजाम में मुस्तैद दिखे। सीसीटीवी और ड्रोन के जरिए भी अराजक तत्वों पर नजर रखी जा रही थी।

### हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है सरकार: योगी

**गोरखपुर।** सीएम योगी ने लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर में 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान उन्होंने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और कहा कि परेशान मत हों, आपकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है। जनता दर्शन में एक महिला इलाज के लिए मुख्यमंत्री से गुहार लगाई, तो उसे आत्मीय संबल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इलाज का इस्टीमेट मंगा लीजिए, सरकार भरपूर मदद करेगी।

## सिद्दारमैया को किया गया अपमानित: भाजपा

■ राहुल ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री के साथ बैठक से इन्कार किया: मालवीय

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेतृत्व पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का अपमान करने का आरोप लगाया है।

पार्टी के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने शुक्रवार को दावा किया कि सिद्धारमैया हाल ही में दिल्ली आए और कांग्रेस नेता राहुल गांधी से बैठक का अनुरोध किया। लेकिन उनको इनकार कर दिया गया और मुख्यमंत्री को बिना किसी मुलाकात के बेंगलुरु लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा। मालवीय ने एक्स पोस्ट में दावा किया कि कांग्रेस में कर्नाटक के किसी वरिष्ठ नेता का अपमान होना कोई पहली बार नहीं है। उन्होंने लिखा कि सन 1990 में बीमार चल रहे मुख्यमंत्री वीरेंद्र पाटिल के साथ तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने भी ऐसा किया था और कई लोग यह मानते हैं कि इसके बाद से राज्य में कांग्रेस के पतन की शुरुआत हो गई। उन्होंने राज्य कांग्रेस इकाई के आंतरिक झगड़े का जिक्र करते हुए कहा कि कमजोर सिद्दरामैया को उनके खिलाफ साजिश रचने वाले आदमी और कुर्सी के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे डीके शिवकुमार के पीछे छिपने के लिए मजबूर कर दिया गया है।

## यूपी में हत्या-लूट अब आम बात: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: प्रदेश में वही व्यक्ति सुरक्षित है, जो अपराधियों की नजर से बचा हुआ

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराधी तत्व बेखौफ है, जबकि हत्या, लूट की वारदातें आम हो चुकी हैं।

यादव ने यहां जारी बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार का दावा था कि अपराधी अपराध छोड़ देंगे या फिर प्रदेश छोड़ देंगे, लेकिन हकीकत यह है कि यहां सिर्फ अपराधी बेखौफ हैं प्रदेश में वही व्यक्ति सुरक्षित है, जो अपराधियों की नजर से बचा हुआ है। भाजपा सरकार में पूरा प्रदेश जंगलराज में बदल गया है। हत्या, लूट, डकैती और बलात्कार तो अब रोज की आम बातें हो गई हैं। पुलिस निरंकुश हैं मुख्यमंत्री अपने भाषणों से आत्ममुग्ध है। शासन-प्रशासन गहरी नींद में सोया हुआ है। उन्होंने कहा कि कोई दिन तो नहीं जाता है, जब राजधानी लखनऊ सहित अन्य जनपदों में अपराधिक वारदातें न होती हों। भाजपा सरकार में दलितों को सर्वाधिक उत्पीड़न झेलना पघ्ता है। कहीं दबंग दलितों की बारात में डीजे बजाने पर मारपीट पर उतारू हो जाते हैं, तो कहीं दूल्हें के घोड़े पर चढ़ने पर हंगामा हो जाता है। ताजा घटना बाराबंकी की हैं जहां एक दलित युवक शैलेन्द्र गौतम को मंदिर में प्रवेश से रोका गया और बेरहमी से उसकी पिटाई कर दी गई। सच तो यह है कि अब प्रदेश में लोग आतंक और भय में जी रहे हैं। भाजपा सरकार की हर मोर्चे पर विफलता के चलते प्रदेश की दुनियाभर में बदनामी हो रही है। बच्चियां और महिलाएं अपमा. नित हो रही है। कानून व्यवस्था तो पूरी तरह ध्वस्त है। इस वजह से प्रदेश में न तो कोई निवेश आ रहा है और नहीं कोई उद्योग लग रहा है। बल्कि जो उद्योग लगे हैं वे भी अब बाहर जाने का मन बना रहे है। मुख्यमंत्री बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं पर कोई भी दावा जमीन पर नहीं उतर रहा है।



सेंसेक्स 82500.47

निफ्टी 25129.00



सोना रु. 99150


प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 110290

प्रति किलो



# शेयर बाजारों में गिरावट जारी

मुंबई, वार्ता



■ आईटी, आटो शेयरों में बिकवाली के दबाव से सेंसेक्स निफ्टी लुढ़के

सूचना प्रौद्योगिकी और वाहन कंपनियों के शेयरों में तेज बिकवाली के दबाव से शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला लगतार तीसरे दिन जारी रहा और प्रमुख सूचकांकों में 0.83 प्रतिशत तक टूट गए।

विश्लेषकों के अनुसार अमे. रिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की उठा- पटक भरी व्यापार नीति से फैली अनिश्चितताओं के साथ-साथ भारतीय कंपनियों के हिमाही नतीजों को लेकर भी बाजार में सावधानी है। देश की दिग्गज आईटी कंपनी टीसीएस के गुरुवार को बाजार बंद होने के बाद घोषित तिमाही परिणाम के बाद इसके शेयर में 3.46 प्रतिशत की तेज गिरावट दर्ज की गई। एशियाई बाजारों में मिले जुले रुख का भी स्थानीय बाजार पर असर रहा। एशियाई बाजारों में जापान के बाजार में करीब 0.19 प्रतिशत की गिरावट रही, सिगापुर का स्ट्रेट टाइम्स 0.30 प्रतिशत और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक 0. 46 प्रतिशत लाभ में रहा। चीन का शंघाई कंपोजिट कल के स्तर पर बना रहा। दिन के कारोबार में लगातार बिकवाली के दबाव में रहा बीएसई 30 संसेक्स गुरुवार की तुलना में 689.81 यानी 0.83 प्रतिशत गिर कर 82,500.47 पर बंद हुआ। संसेक्स सुबह 82,820. 76 पर गिरावट के साथ खुला और दिन में ऊपर में 83,040.74 और नीचे में 82,442.25 तक चला गया था। कल बाजार 83,190.28 पर बंद हुआ था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 भी 25,149.85 पर बंद के साथ 205. 40 अंक (0.81 प्रतिशत की) गिरावट पर था। निफ्टी 25,255. 50 पर खुल कर कारोबार के दौरान ऊपर में 25,322.45 और नीचे में 25,129.00 तक गया था। बीएसई संसेक्स के 22 शेयर घाटे में बंद हुए। सबसे वाहन कंपनी महिद्रा एंड महिदा, टाटा मोटर्स में दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही, मारुति भी हल्की गिरावट में बंद हुआ। टेक कंपनियों में टीसीएस के साथ साथ एचसीएल टेक, इन्फोसिस और टेक महिद्रा भी घाटे में बंद हुए। लाभ में रहे शेयरों में हिदुस्तान लीवर 4.61 प्रतिशत उछल गया। एक्सिस बैंक, सन फार्मा, एनटीपीसी, इटर्नल, एसबीआई, आईटीसी और अल्ट्रा सेमको भी हल्के लाभ में रहे। निफ्टी बैंक 0.35 प्रतिशत की गिरावट में रहा। निफ्टी 100, निफ्टी मिडकैप 100 और निफ्टी स्मालकैप 100 भी क्रमश: 0.81 प्रतिशत, 0.8 प्रतिशत और 1.02 प्रतिशत घाटे में बंद हुए। जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि कंपनियों के पहली तिमाही के शुरुआती नतीजों में आय वृद्धि की रफ्तार दिखने और अमेरिका द्वारा कनाडा पर 35 प्रतिशत शुल्क लगाने लगाने की धमकी का घरेलू बाज़ारों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा।

## चांदी 110290 रुपये के ऑल टाइम हाई पर

**मुंबई।** चांदी की कीमत शुक्रवार को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार एक किलो चांदी की कीमत 2,356 रुपये बढ़कर 1,10,290 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई है। कल ये 1,07,934 रुपये पर थी। वहीं, 24 कैरेट सोने के दाम में भी आज तेजी है। ये 465 रुपये महंगा होकर 97,511 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। गुरुवार को सोने का दाम 97,046 रुपये प्रति 10 ग्राम था। इससे पहले 18 जून को चांदी ने 1,09,550 और सोने ने 99,454 रुपये का ऑल टाइम हाई बनाया था। 4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत, दिल्ली-24 कैरेट सोने की कीमत 99,150 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,900, मुंबई- 24 कैरेट सोने की कीमत 99,000 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,750, कोलकाता- 24 कैरेट सोने की कीमत 99,000 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,750, चेन्नई- 24 कैरेट सोने की कीमत 99,000 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,750।

## डॉलर के मुकाबले में रुपये में 27 पैसे की तेज गिरावट

मुंबई, वार्ता



वैश्विक व्यापार परिदृश्य को लेकर व्याप्त अनिश्चितताओं और स्थानीय शेयर बाजारों में लगातार गिरावट के बीच अंतर बैंक विदेशी मुद्रा बाजार में अमेरिकी डॉलर के समक्ष रुपया करीब 27 पैसे नीचे आ गया।

अमेरिका में कनाडा के सामानों पर 35 प्रतिशत की दर से आयात शुल्क लगाने और ब्रिक्स के सदस्य देशों पर 10 प्रतिशत का दंडात्मक प्रशुल्क लगाने की अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की घोषणाओं से व्यापार को लेकर अनिश्चिततायें बढ़ गई हैं। इस बीच स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला आज तीसरे दिन भी बना रहा। इस बीच प्रमुख विदेशी मुद्राओं के समक्ष अमेरिकी डॉलर में लगातार तेजी बनी हुई है। डॉलर भारतीय रुपये के खिलाफ मजबूत होकर 85. 8536 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। कल बंद के समय डॉलर का भाव 85.5780 था। भारतीय मुद्रा के साथ अन्य प्रमुख मुद्राओं की विनिमय दर इस प्रकार रही: पौंड (ब्रिटेन) 116.2853 रुपये, यूरो 100.2850 रुपये और जापानी येन (प्रति सैकड़ा) 58.45 रुपये। एलकेपी सिक्योरिटीज के कमोडिटी और करेंसी के वाइस प्रेसिडेंट रिसर्च एनालिस्ट जतीन त्रिवेदी ने कहा कि पूंजी बाजार में कमजोरी के साथ-साथ सोने और चांदी की ऊंची कीमतों और कमजोर वैश्विक संकेतों ने रुपये के प्रति बाजार की धारणा को प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा ब्राज़ील और कनाडा के माल पर अमेरिका में ऊंची दर से प्रशुल्क लगाने से अनिश्चितता बढ़ गई है और जब तक कोई रचनात्मक व्यापार वार्ता नहीं होती, बाजार में सतर्कता रहेगी।

## दिल्ली में आधार के लिए हों सख्त नियम

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के प्रधान सचिव ने दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर राष्ट्रीय राजधानी में आधार कार्ड जारी करने के लिए सख्त नियम लागू करने को कहा है।

सक्सेना के प्रधान सचिव ने मुख्य सचिव को आज एक पत्र लिखकर कहा कि सुरक्षा समीक्षा बैठकों में यह बात सामने आई है कि कई अवैध प्रवासी फर्जी दस्तावेजों या गलत जानकारी से आधार कार्ड हासिल कर रहे हैं। इस दस्तावेज के आधार पर पासपोर्ट और वोटर कार्ड जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज बनवा रहे हैं। आधार कार्ड प्राप्त करने के बाद अवैध अप्रवासी भी केन्द्र और राज्य सरकारों की कल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इसका स्थानीय बाजार पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। यह स्थिति राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन रही है। उपराज्यपाल सचिवालय ने सभी रजिस्ट्रारों को आधार (नामांकन और अद्यतन) विनियम, 2016 के प्रावधानों का सख्ती से अनुपालन करने और दो महीने के भीतर आधार नामांकन के आंतरिक मॉडल को अपनाने का निर्देश दिया है। नगर निकायों सहित राज्य सरकार द्वारा स्थापित सभी नामांकन केंद्रों का विस्तृत विवरण, वर्तमान कार्यप्रणाली सहित, 15 जुलाई तक प्रस्तुत करने के लिए निर्देश दिया गया है।

## श्री अमरनाथ के लिए 6482 तीर्थयात्रियों का नया जत्था रवाना

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए 6482 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था शुक्रवार सुबह 'बम बम भोले' के जयकारों के साथ जम्मू के भगवती नगर स्थित यात्री निवास से बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रवाना हुआ।

अधिकारियों ने शुक्रवार को यहां बताया कि स्वनिर्मित हिम शिवलिंग दर्शन के लिए तीर्थयात्री जम्मू आधार शिविर से 268 गाड़ियों में रवाना हुए। उन्होंने कहा कि शुक्रवार सुबह 6,482 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू आधार शिविर से कश्मीर स्थित श्री अमरनाथ यात्रा गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों के अनुसार 268 वाहनों के बेड़े में 4129 तीर्थयात्री पहलगाम और 2353 तीर्थयात्री बालटाल के लिए रवाना हुए। वाहनों के बेड़े हल्के और भारी मोटर वाहन शामिल थे। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दो जुलाई को यहां से तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। अमरनाथ यात्रा इस वर्ष 3 जुलाई से शुरू होकर 9 अगस्त तक चलेगी। यह यात्रा कुल 38 दिनों की होगी।

## विश्व जनसंख्या दिवस नड्डा का संदेश

### मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए सुनियोजित देखभाल महत्वपूर्ण



■ जन स्वास्थ्य में परिवार नियोजन की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर बेहतर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए देखभाल के महत्व पर जोर दिया है।

विश्व जनसंख्या दिवस प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को मनाया जाता है और इस वर्ष के दिवस का विषय 'मां बनने की उम्र वही, जब तन और मन की तैयारी सही' जन स्वास्थ्य में परिवार नियोजन की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है। नड्डा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा एक संदेश में कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस परिवार नियोजन के बारे में जागरूकता बढ़ाने और जनसंख्या संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दोहराने का मंच प्रदान करता है। इस वर्ष के विषय मां बनने की सही उम्र वह है, जब मन और शरीर तैयार हो पर प्रकाश डालते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने पितृत्व के लिए शारीरिक और भावनात्मक तैयारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह शारीरिक और भावनात्मक दोनों तरह की तत्परता के साथ जानकारी और सशक्त निर्णयों के महत्व को रेखांकित करता है। नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार देश भर में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों सहित सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के माध्यम से जरूरी परिवार नियोजन सेवाएं प्रदान करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि ये प्रयास परिवारों को सशक्त बना रहे हैं और स्वस्थ भारत का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। इस बीच इस सप्ताह के शुरू में जारी संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की विश्व जनसंख्या स्थिति रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में 36 प्रतिशत वयस्कों में अनचाहे गर्भधारण के मामले सामने आते हैं। भारत की आबादी एक अरब 46 करोड़ से ज्यादा है, जो चीन के बाद दुनिया में सबसे अधिक है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है

आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।

काजीजादा, अमरोहा-UP

हाशमी दवाखाना

9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?

अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।

फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।

ऋषि इन्टरनेशनल

08899787114

09808917010

Cipzer

HEALTH WITH CARE

जॉन्डिस क्योर

लिवर का जिगरी दोस्त

प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।

86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बाप-बेटों ने मिलकर दो दोस्तों पर किया हमला, एक जख्मी, दूसरे की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जाफराबाद इलाके में रुपयों की लेनदेन में पिता-पुत्रों ने दो दोस्तों पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में फरदीन (२३) नामक युवक की मौत हो गई जबकि उसका दोस्त जावेद (२२) बुरी तरह जख्मी हो गया। गंभीर हालत में उसे जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनकी पहचान शकील (४९), इसके बेटे आदिल (२५) और कामिल (२२) के रूप में हुई है। आदिल जाफराबाद थाने का घोषित बदमाश है, वहीं कामिल के खिलाफ भी पहले से कई मामले दर्ज हैं। पुलिस तीनों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद फरदीन का शव परिवार के हवाले कर दिया है। जावेद का बयान लेकर मामले की जांच की जा रही है। शुरुआती जांच के बाद पता चला कि जावेद ने आदिल को दो हजार रुपये उधार दिए हुए थे। रुपये वापस मांगने पर सारा विवाद हुआ। इस बीच आरोपियों ने चाकू के सात वारकर वारदात को अंजाम दे दिया।

उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि फरदीन अपने परिवार के साथ गली नंबर-२०, जाफराबाद में रहता था। इसके परिवार में पिता मो. जफर, मां शाजिया, दो भाई आरिश, फैज के अलावा दो बहनें हैं। फरदीन अपने चाचा अमजद अली के साथ टेंट का काम करता था।

बुधवार रात को तेज बारिश के दौरान फरदीन अपने दोस्त जावेद के साथ गली नंबर-१० में खड़ा हुआ था। दोनों बारिश से बचने के लिए एक दुकान के बाहर खड़े थे। इस बीच बाइक पर आदिल व कामिल पहुंचे। आदिल को देखते ही जावेद ने उसे रोकर अपने रुपये मांगे। इस बात पर दोनों के बीच विवाद हो गया। कहासुनी के दौरान अभी पैसे देने की बात कर दोनों वहां से चले गए। इसके बाद दोनों आरोपी अपने पिता शकील के साथ वहां पहुंचे। तीनों ने वहां पहुंचते ही जावेद के चेहरे पर चाकू से हमला कर दिया। इससे उसकी नाक कट गई। इसके बाद आरोपियों ने उसके सीने में चाकू मारने का प्रयास किया तो जावेद ने चाकू पकड़ लिया, जिससे उसका अंगूठा कट गया।

यह देखकर फरदीन ने बीच बचाव कराते हुए शकील से चाकू छीन लिया। जावेद डर की वजह से वहां से भाग गया। इस दौरान आरोपियों ने फरदीन को पकड़कर उस पर चाकू से हमला करना शुरू कर दिया। आरोपियों ने शरीर पर चाकू के करीब सात वार किए। बाद में वह मौके से भाग निकले।

घायल होने के बाद जावेद ने तुरंत फरदीन के घर जाकर वारदात की जानकारी दी। फौरन उसके पिता मो. जफर और भाई आरिश मौके पर पहुंचे। उस समय तेज बारिश हो रही थी। फरदीन के सीने, कमर, पेट और हाथों पर चाकू के घाव थे। उसमें कोई हलचल नहीं थी। दोनों फरदीन को उठाकर किसी तरह जग प्रवेश चंद्र अस्पताल पहुंचे। वहां पहुंचने पर पता चला कि फरदीन की मौत हो चुकी है। जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि देर रात करीब १२.१० बजे उनकी टीम को जग प्रवेश चंद्र अस्पताल से युवक की हत्या की सूचना मिली। फौरन वरिष्ठ अधिकारी वहां पहुंचे। क्राइम टीम और एफएसएल को मौके पर भेजा गया। बारिश के दौरान वहां से साक्ष्य जुटाने के प्रयास किए गए। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से जांच शुरू की। हत्या का मामला दर्ज कर बृहस्पतिवार को शकील और उसके दोनों बेटों आदिल व कामिल को गिरफ्तार कर लिया गया।

फरदीन के चाचा अमजद अली ने बताया कि उनके भतीजे को महज बीच-बचाव कराने में मार दिया गया। फरदीन ने उनका क्या बिगाड़ा था। उसकी मौत के बाद घर में मातम का माहौल है। भाइयों में फरदीन दूसरे नंबर कर था। बड़ा भाई आरिश है और छोटा फैज है। एक छोटी बहन मरियम है जबकि बड़ी बहन आलिया की शादी हो चुकी है। परिवार ने तीनों आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है।

# गृह मंत्री ने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता बढ़ाने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में यमुना पुनर्जीवन को लेकर एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल, जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केन्द्रीय गृह सचिव, दिल्ली के मुख्य सचिव सहित केन्द्र एवं दिल्ली सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।बैठक को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति को जल प्रदूषण पर नियंत्रण लगाने के लिए ऐक्शन मोड में कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार को औद्योगिक इकाइयों से बढ़ रहे प्रदूषण को रोकने के लिए सतत एवं प्रभावी कदम उठाने चाहिए । अमित शाह ने कहा कि यमुना नदी में दिल्ली के अलावा अन्य राज्यों से भी अपशिष्ट के द्वारा केमिकल आ रहा है, इसलिए इन सभी राज्यों को साथ मिलकर नदी को स्वच्छ करने के उपायों पर कार्य करना चाहिए ।अमित शाह ने नजफगढ़ और शाहदरा के मुख्य ड्रेनों में बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड को सुधारने की कार्ययोजना पर कार्य करने पर बल दिया। अमित शाह ने इसके लिए दिल्ली के दो मुख्य ड्रेन, नजफगढ़ और शाहदरा ड्रेनों की ड्रोन सर्वे कराने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि नदियों को स्वच्छ करने के लिए दिल्ली सरकार के द्वारा की जा रही कोशिशों के अलावा राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन का बजट बढ़ाने की आवश्यकता है।केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने यमुना की सफाई के साथ-साथ सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की क्षमता वृद्धि पर विशेष बल दिया। उन्होंने २०२८ तक एसटीपी क्षमता १५०० एमजीडी तक बढ़ाने के निर्देश दिए।

# विजेंद्र गुप्ता ने किया इंटरनेशनल हेल्थ एक्सपो का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नमो गंगे ट्रस्ट द्वारा आयोजित ८वां अंतरराष्ट्रीय हेल्थ एंड वेलनेस एक्सपो २०२५ शुक्रवार को भव्य रूप से प्रगति मैदान, हॉल नंबर १२ में आरंभ हुआ, जो १३ जुलाई २०२५ तक चलेगा।

इस आयोजन का उद्घाटन दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता तथा प्रसिद्ध वेलनेस गुरु आचार्य मनीष, संस्थापक, शुद्धि वेलनेस ने संयुक्त रूप से किया। विजेंद्र गुप्ता ने कहा, नमो गंगे नमस्कार, मैं सबसे पहले नमो गंगे ट्रस्ट को इस भव्य अंतरराष्ट्रीय एक्सपो के सफल आयोजन के लिए बधाई देता हूँ। यह केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि एक जन कल्याणकारी पहल है, जो समाज को स्वस्थ, जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है।

उन्होंने नमो गंगे संस्थान के पिछले १० वर्षों से आयुष पद्धति, योग, स्वास्थ्य जागरूकता और प्राकृतिक जीवनशैली को बढ़ावा देने के कार्यों की प्रशंसा की।संस्था के प्रेरणादायक नेतृत्व विजय शर्मा (अध्यक्ष) तथा अवधेश शर्मा, बृजेश शर्मा, वेद प्रिया पांडेय, दिनेश राठौर, रवि मल्ला, विपिन शर्मा और दीपक (ट्रस्टीगण) का उल्लेख करते हुए उन्होंने उनके समर्पण को सराहा। अजय वर्मा द्वारा इस आयोजन में निभाई गई भूमिका भी सराहनीय रही। उन्होंने स्वामी चिदानंद सरस्वती, संदीप मारवाह, राजेश मित्तल और आचार्य दीपक जी जैसे मार्गदर्शक संरक्षकों का भी धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, आज स्वास्थ्य केवल बीमारी से मुक्ति नहीं, बल्कि एक समग्र जीवनशैली बन चुका है।




**नमो गंगे ट्रस्ट द्वारा आयोजित 8वां अंतर्राष्ट्रीय हेल्थ एंड वेलनेस एक्सपो 2025 का उद्घाटन करते विधानसभा अध्यक्ष बिजेंद्र गुप्ता।**

## एक नजर

### एनआइए ने तहव्वुर राणा के खिलाफ दाखिल किया एक और आरोपपत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** तहव्वुर हुसैन राणा के खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने एक पूरक आरोपपत्र दाखिल किया है। अदालत १३ अगस्त को पूरक आरोपपत्र पर विचार करेगी। दूसरी तरफ न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर जांच एजेंसी ने राणा को विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह के समक्ष पेश किया। इस पर अदालत ने राणा की न्यायिक हिरासत १३ अगस्त तक के लिए बढ़ा दी। अदालत १५ जुलाई को राणा द्वारा अपने परिवार से फोन पर बात करने की मांग वाली अर्जी पर सुनवाई करेगी।

तहव्वुर राणा २६/११ के मुख्य षड्यंत्रकारी डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी का करीबी सहयोगी है। चार अप्रैल को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा उसके भारत प्रत्यर्पण के खिलाफ उसकी समीक्षा याचिका खारिज करने के बाद उसे भारत लाया गया था। २६ नवंबर २००८ को १० पाकिस्तानी आतंकवादियों ने समुद्री मार्ग से मुंबई में घुसने के बाद एक रेलवे स्टेशन, दो होटलों और एक यहूदी केंद्र पर हमला किया था। इसमें १६६ लोगों की मौत हुई थी, जबकि बड़ी संख्या में लोग घायल हुए थे।

### सेबी से स्टॉक ब्रोकिंग लाइसेंस मिला

**नई दिल्ली।** मोबिक्विक की अनुषंगी कंपनी, मोबिक्विक सिक्योरिटीज ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड (एमएसबीपीएल) को सिक्योरिटिज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) से स्टॉक ब्रोकर/क्लियरिंग सदस्य के रूप में कार्य करने के लिए रेगुलेटरी द्वारा अनुमित प्राप्त हो गई है। सेबी द्वारा 1 जुलाई, 2025 को रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट जारी किया गया, जिससे एमएसबीपीएल इक्विटी ट्रेडों की खरीद, बिक्री, लेनदेन, क्लियरिंग और सेटलमेंट जैसी सर्विस प्रदान कर सकेगी। मोबिक्विक के को-फाउंडर, एमडी और सीईओ बिपिन प्रीत सिंह' ने इस विकास के बारे में अपनी खुशी जताते हुए कहा, स्टॉक ब्रोकिंग लाइसेंस हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है क्योंकि हम भारतीय इक्विटी मार्केट में प्रवेश कर रहे हैं।

### केबीसी के नए सीजन का किया आगाज

**नई दिल्ली।** क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) एक बार फिर अपने नए सीजन के साथ भव्य वापसी के लिए तैयार है। इस बार भी शो की मेजबानी करेंगे महानायक अमिताभ बच्चन। इस नए सीजन की शुरुआत करते हुए सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन ने एक नया और प्रेरणादायक कैंपेन लॉन्च किया है - 'जहां अकल है, वहां अकड़ है'।

### फैक्टरी लाइसेंस की अब एमसीडी से अलग से जरूरत नहीं

**नई दिल्ली।** राजधानी के औद्योगिक इलाकों में काम कर रही फैक्ट्रियों को एमसीडी से अलग से फैक्टरी लाइसेंस नहीं लेना पड़ेगा। ऐसे उद्यमियों के एमएसएमई पंजीकरण या जीएनसीटीडी/डीएसआईआईडीसी से जारी लीज पेपर को ही लाइसेंस के रूप एमसीडी मान्यता दे देगा।

सदन की बैठक में बृहस्पतिवार को यह महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास किया गया। यदि कोई फैक्टरी जीएनसीटीडी या डीएसआईआईडीसी के स्थापित या मान्यता प्राप्त औद्योगिक क्षेत्र में है और उसके पास वैध एमएसएमई रजिस्ट्रेशन या आवंटन पत्र/लीज डीड है, तो उसे एमसीडी से फैक्टरी लाइसेंस लेने की कोई आवश्यकता नहीं होगी। एमसीडी इन्हीं दस्तावेजों को डीम्ड लाइसेंस यानी स्वीकृत लाइसेंस मान लेगी। लाइसेंस फीस भी अब अलग से जमा करने के बजाय, संपत्ति कर के साथ एक बार में ली जाएगी। यानी अब एक ही रसीद से लाइसेंस और टैक्स दोनों का काम हो जाएगा। यह लाइसेंस शुल्क प्रॉपर्टी टैक्स का पांच फीसदी होगा। इस फैसले से उद्योगपतियों को फैक्टरी लाइसेंस के लिए एमसीडी के न तो चक्कर लगाने पड़ेंगे और न ही निरीक्षण के नाम पर अनावश्यक दबाव झेलना होगा। एमसीडी ने साफ किया है कि नई व्यवस्था के तहत कोई निरीक्षक फैक्टरी में जांच के लिए नहीं जाएगा। लाइसेंस मिलने का मतलब यह नहीं कि जान-माल की सुरक्षा की जिम्मेदारी एमसीडी की है। अगर कोई हादसा होता है तो पूरी जिम्मेदारी फैक्टरी मालिक की होगी।

# बीजेपी को लाकर पछता रहे दिल्लीवाले: सौरभ भारद्वाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की जनता ने बड़ी उम्मीदों के साथ बीजेपी को सत्ता सौंपी थी, लेकिन पांच महीने में ही उसे अपने फैसले पर पछतावा हो रहा है। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली से लेकर गुरुग्राम तक हुए भारी जल भराव को लेकर यह बातें कही। उन्होंने कहा कि लोगों को उम्मीद थी कि २७ साल बाद मौका दे रहे हैं तो बीजेपी अच्छा काम करेगी, लेकिन वह पूरी तरह से नकारा निकली। आप" के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने सड़कों पर जलभराव के मुद्दे पर कहा कि यह सब जानते हुए भी दिल्ली के लोगों ने यह सोचकर भाजपा को मौका दिया कि दिल्ली की लीडरशिप कुछ कर देगी। लेकिन पहले ही मॉनसून में भाजपा के चारों इंजन की पोल खुल गई। अगर आज "आप" के पास एमसीडी होती, तो मुख्यमंत्री, मंत्री, एलजी और ये तमाम भाजपा के लोग सारा दोष "आप" पर डाल देते कि वह गड़बड़ कर रही है। लेकिन आज दिल्ली वालों को दिख रहा है कि चाहे एनडीएमसी, डीडीए, एमसीडी या पीडब्ल्यूडी की रोड हो, चारों इंजन इन्हीं के पास हैं।

### झमाझम बारिश से मौसम हुआ खुशनुमा

**नई दिल्ली।** इस साल मानसून ने २९ जून को दिल्ली और देश के बाकी हिस्सों को कवर किया था। दिल्ली में मानसूनी बारिश की शुरुआत दो दिन देर से हुई।

हालांकि इसके बाद से राजधानी में मानसून की बारिश ज्यादातर धीमी और बिखरी हुई रही है। सामान्यत: जुलाई के महीने में दिल्ली में २०९.७ मिलीमीटर बारिश होती है। पिछले साल जुलाई में २०३.७ मिमी बारिश दर्ज की गई थी। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में १६ तारीख तक लगातार बादल छाए रहने और हल्की से मध्यम बारिश होने की उम्मीद है। शनिवार को भी कमोवेश मौसम को लेकर यही स्थिति बनी रहेगी।

# महापौर ने विपक्ष के जलभराव संबंधी आरोपों को किया खारिज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने आज दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी द्वारा जलभराव को लेकर लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए आम आदमी पार्टी पर तीखा प्रहार किया।

उन्होंने कहा, आम आदमी पार्टी का एकमात्र एजेंडा है - न खुद काम करेंगे और न ही दूसरों को करने देंगे। महापौर ने बताया कि निगम सदन की बैठक में नालों की सफाई को लेकर एक शॉर्ट नोटिस लाया गया था, जिस पर गंभीर चर्चा होनी थी। लेकिन आम आदमी पार्टी के पार्षद जानते थे कि भारतीय जनता पार्टी ने दो महीनों के भीतर उनसे कहीं बेहतर कार्य किया है। इसीलिए वे चर्चा से भाग खड़े हुए और अब आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति में लगे हैं।महापौर सरदार राजा इकब्बाल सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को निगम की सत्ता संभाले हुए अभी मात्र दो महीने हुए हैं, लेकिन इतने कम समय में ही नालों की सफाई को लेकर ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं। उन्होंने जानकारी दी कि दिल्ली नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में चार फुट तक गहराई वाले कुल ८०० नाले हैं, जिनकी कुल लंबाई ५३०.८४ किलोमीटर है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष नगर निगम द्वारा लगभग ७७,००० मीट्रिक टन गाद की निकासी की गई थी, जबकि इस वर्ष मात्र दो महीनों में ही १.४० लाख मीट्रिक टन गाद की रिकॉर्ड निकासी की गई है। यह भाजपा के कार्य के प्रति प्रतिबद्धता और तत्परता को दर्शाता है।

महापौर ने आम आदमी पार्टी की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा, यदि उन्हें वास्तव में नालों की सफाई और जलभराव को लेकर कोई चिंता होती, तो वे सदन की बैठक में भाग लेते और रचनात्मक चर्चा करते, लेकिन इसके बजाय वे लगातार व्यवधान उत्पन्न कर सदन को बाधित कर रहे हैं।



**सांसद बांसुरी स्वराज व मेयर राजा इकबालसिंह राजेन्द्र नगर का जायजा लेते हुए।**

# बांसुरी स्वराज व राजा इकबाल सिंह ने लिया राजेन्द्र नगर का जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लोकसभा सांसद बांसुरी स्वराज एवं दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने आज राजेन्द्र नगर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों का संयुक्त दौरा कर मौजूदा नागरिक सुविधाओं और मानसून के दौरान की गई तैयारियों का जायजा लिया।

इस निरीक्षण के दौरान स्थानीय विधायक उमंग बजाज, पार्षद श्रीमती आरती चावला, दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर माननीय सांसद श्रीमती बांसुरी स्वराज ने सक्रिय प्रशासन की आवश्यकता पर बल देते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे क्षेत्र में सभी गड्ढों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र भरवाएं। साथ ही, उन्होंने निगम अधिकारियों को क्षेत्र की स्वच्छता एवं सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए ताकि आमजन को स्वच्छ वातावरण मिल सके। निरीक्षण के दौरान महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने संतोष व्यक्त किया कि दौरे के दौरान किसी भी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति नहीं पाई गई। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे पूरे मानसून सीजन के दौरान सतर्क रहें, जिससे नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और दिल्ली के मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में हम दिल्लीवासियों को सर्वश्रेष्ठ सुविधाएं प्रदान करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं। यह संयुक्त निरीक्षण जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन की इस प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि वे दिल्ली के नागरिकों को मजबूत बुनियादी ढांचा, उत्तरदायी प्रशासन और बेहतर जीवन गुणवत्ता उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्यरत हैं।

# 40 साल चले मुकदमे में 90 वर्षीय अपराधी को 1 दिन की मिली सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने १९८४ के भ्रष्टाचार मामले में ९० वर्षीय सुरेंद्र कुमार को राहत दी है। कोर्ट ने सजा घटाकर एक दिन कर दी है। यह एक दिन की सजा उन्होंने ट्रायल कोर्ट के फैसले के बाद काटी थी। अदालत ने कहा कि ४० साल तक चली अनिश्चितता अपने आप में एक महत्वपूर्ण राहतकारी कारक है।

न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने डैमोकल्स की तलवार (ग्रीक कथाओं का एक हिस्सा) के रूपक का उपयोग करते हुए कहा कि इतने लंबे समय तक अनिश्चितता में जीना अपने आप में सजा है। न्यायमूर्ति सिंह ने कहा कि सजा पर विचार करते समय एक महत्वपूर्ण कारक अपीलकर्ता की ९० वर्ष की आयु है।

इतनी आयु में गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे व्यक्ति को जेल की सजा शारीरिक और मानसिक रूप से गंभीर नुकसान पहुंचा सकती है। कोर्ट ने ८ जुलाई को फैसला सुनाते हुए कहा कि यह मामला सजा की मात्रा को कम करने के लिए उपयुक्त है। इसलिए अपीलकर्ता की सजा को उनके द्वारा पहले ही काटी गई अवधि तक कम किया जाता है। हालांकि उन्हें अपना शेष जीवन भी भ्रष्टाचार के दोष के साथ ही बिताना होगा । अदालत में उन्हें दोषी रहने पर कोई राहत नहीं दी है।

कोर्ट ने बताया कि यह घटना जनवरी १९८४ में हुई थी और कार्यवाही चार दशकों तक चली। ट्रायल पूरा होने में १९ साल जबकि अपील २२ साल से अधिक समय तक लंबित रही। सुरेंद्र कुमार, जो उस समय स्टेट ट्रेडिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एसटीसी) के मुख्य विपणन प्रबंधक थे, पर आरोप था कि उन्होंने एक फर्म से १५,००० रुपये की रिश्वत मांगी थी।

### दुश्मनी का बदला लेने को की थी फायरिंग, एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस के एएटीएस स्टाफ ने फायरिंग और हत्या के प्रयास का मामला सुलझाकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने

उसके पास से एक देसी पिस्टल एक जिंदा कारतूस और अपराध में इस्तेमाल की गई एक स्कूटी बरामद की है। पीड़ित पर हमला पिछली दुश्मनी का बदला लेने के लिए किया गया था।दिल्ली के उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि ७ जुलाई को रात्रि १०:१४ बजे, सिविल लाइंस स्थित ट्रॉमा सेंटर से सूचना प्राप्त हुई कि सत्रह वर्षीय लड़के को गोली लगने से घायल अवस्था में भर्ती कराया गया है।

# घुटनों के रिप्लेसमेंट के लिए रोबोटिक सिस्टम लांच

**नई दिल्ली।** गौर सिटी 2, ग्रेटर नॉएडा वेस्ट स्थित सर्वोदय हॉस्पिटल ने घुटने के प्रत्यारोपण (रिप्लेसमेंट)के लिए एक अत्याधुनिक और पूरी तरह से सक्रिय रोबोटिक सिस्टम (मिसो) लॉन्च किया हैद्य यह एडवांस्ड तकनीक इलाज को और ज्यादा सटीक और आसान बनाती है। इस नई सुविधा से जोड़ों के दर्द और चलने-फिरने में दिक्कत झेल रहे लोगों को बहुत राहत मिलेगी और वे जल्दी ठीक होकर अपने सामान्य जीवन में लौट पाएंगे। रोबोट के बारे में अधिक जानकारी देते हुए सर्वोदय हॉस्पिटल के डॉ. अंचित उप्पल, सीनियर कंसलटेंट एंड हेड-ऑर्थोपेडिक्स व रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट ने बताया,भारत में जोड़ प्रत्यारोपण की मांग तेजी से बढ़ रही है। हाल की रिपोर्टों के अनुसार हर साल इसमें 20-25% की वृद्धि हो रही है। इसकी बड़ी वजह बढ़ती उम्र के साथ हड्डियों का कमजोर होना, ऑस्टियोआर्थराइटिस और जीवनशैली से जुड़ी हड्डियों की समस्याएं है। पारंपरिक सर्जरी में मरीज को हॉस्पिटल में ज्यादा दिन रुकना पड़ता था और उन्हें ठीक होने में समय लगता था। लेकिन रोबोटिक तकनीक पारंपरिक सर्जरी से ज्यादा सटीक है। इसमें रोबोट की मदद से इम्प्लांट सटीकता से घुटने में लगाया जाता है ।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

लोनी-भोपुरा-मोहन नगर मार्ग का नंद किशोर गुर्जर ने किया निरीक्षण

# अधिकारियों और ठेकेदारों को कार्य जल्द पूर्ण करने के दिए सख्त निर्देश

**गाजियाबाद।** जनहित में निर्माण कार्य तेज, लोनी-भोपुरा-मोहन. नगर मार्ग का लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर के द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारियों और ठेकेदारों को कार्य जल्द पूर्ण करने के लिए सख्त निर्देश भी दिए। लोनी-भोपुरा-मोहननगर मार्ग पर स्थित ऑक्सिहोम के समीप जलभराव और गहरे गड्ढों के कारण सड़क की हालत बेहद खराब हो गई थी।



इस वजह से आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय नागरिकों की लगातार शिकायतों के चलते संबंधित विभागों को पहले ही निर्देश दिए जा चुके थे। अब इस मार्ग की स्थिति का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें सड़क की स्थिति का जायजा लिया गया।

इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि सड़क पर इंटरलॉकिंग का कार्य प्रगति पर है। मौके पर मौजूद पीडब्ल्यूडी अधिकारियों और ठेकेदारों को सख्त निर्देश दिए गए कि मार्ग को गड्ढा मुक्त किया जाए और कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। अधिकारियों ने कहा कि निर्माण कार्य में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और तय समय-सीमा के भीतर काम पूरा होना चाहिए। इस मौके पर उपस्थित स्थानीय नागरिकों ने अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं।

नागरिकों का कहना था कि खराब सड़कों के कारण यातायात प्रभावित हो रहा है और दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। अधिकारियों ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा और मार्ग को सुरक्षित तथा सुगम बनाया जाएगा।

इसी क्रम में दिल्ली-सहारनपुर मार्ग की स्थिति सुधारने के प्रयास भी तेजी से किए जा रहे हैं। सड़क निर्माण और जल निकासी व्यवस्था को मानकों के अनुसार सुधारने के लिए कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

शीघ्र ही इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जनहित को सर्वोपरि मानते हुए प्रशासन लगातार प्रयासरत है कि नागरिकों को बेहतर और सुरक्षित यातायात सुविधा मिल सके।

जीडीए उपाध्यक्ष के हस्तक्षेप के बाद

## समाजवादी आवासीय योजना के आवंटियों को मिल सकेंगे बिजली कनेक्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के द्वारा विकसित मधुबन बापू धाम योजना में समाजवादी आवास योजना के अंतर्गत बनाए गए भवनों के आवंटियों को अब बिजली के कनेक्शन मिलने शुरू हो सकेंगे। PVVNL द्वारा कार्य के हस्तगत हेतु जीडीए से सुपर-विजन चार्ज एवं टोटल एस्टीमेट पर जीएसटी का भुगतान किए जाने के लिए पत्र प्रेषित किये गए थे। ये मामला जब प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स के सामने लाया गया तो उनके द्वारा पावर कार्पोरेशन के प्रबंध निदेशक के साथ पत्राचार करते हुए हस्तक्षेप किया गया। 292 फ्लैटो के अवंटियों द्वारा लगातार बिजली का कनेक्शन दिलाए जाने के लिए लगातार आग्रह किया जा रहा था। योजना के कुछ आवंटियों के द्वारा बिजली के कनेक्शन के प्रकरण को लेकर माननीय उच्च न्यायालय की भी शरण ली गई थीं। प्राधिकरण के द्वारा साल 2021 में ही भवनों में आंतरिक व बाह्य विद्युतीकरण का कार्य करा दिया गया था। प्राधिकरण उपाध्यक्ष के हस्तक्षेप के बाद बिजली विभाग के द्वारा अब योजना में बिजली का ट्रांसपफार्मर को चार्ज कर दिया गया है। इस तरह योजना के आवंटियों को अब आवे. दन उपरांत बिजली के कनेक्शन उपलब्ध होंगे।

## करण जवेरी के दम पर उदय गुप्ता क्रिकेट एकेडमी जीती

**गाजियाबाद।** जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में चल रहे स्पोर्ट्स सन शील मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को उदय गुप्ता क्रिकेट एकेडमी ने वर्षा से प्रभावित मैच में 24 रन से एम टेन एकेडमी को हराया।

करण जवेरी को अर्धशतक लगाने के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।नेहरू नगर स्थित स्टेडियम में शुक्रवार को टॉस जीतकर एम टेन क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और आठ विकेट पर 234 रन का स्कोर बनाया।

आकाश भटनागर ने सबसे ज्यादा 60 रन, विनय कुमार ने 39,धन्य ने 35 और अंश ने 24 रन की पारी खेली। जय को दो विकेट और आरव एवं आदि को एक एक विकेट मिला।लक्ष्य का पीछा करने उतरी उदय गुप्ता क्रिकेट एकेडमी जब 10 ओवर में दो विकेट पर 96 रन पर खेल रही थी तभी बारिश आ गई।

इसके बाद बेहतर रन रेट के आधार पर उदय गुप्ता क्रिकेट एकेडमी को 24 रन से विजेता घोषित किया गया। करण जवेरी ने शानदार अर्धशतक जड़ 50 रन की पारी खेली। आर्यमन ने 24 और आरव ने 12 रन बनाए।विनय कुमार को एक विकेट हासिल हुआ।

भारतीय किसान यूनियन (सर छोटू राम) संगठन की घोषणा की गई

## किसान व मजदूरों की समस्याओं के समाधान को संगठन की आवश्यकता: आनन्द चौधरी

**गाजियाबाद।** किसान, मजदूर व ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न समस्याएं पैदा होती रहती हैं तथा प्रशासनिक स्तर पर किसान एवं मजदूरों का उत्पीड़न होता रहता है। किसान व मजदूरों की समस्याओं के समाधान के लिए संगठन की आवश्यकता को महसूस करते हुए भारतीय किसान यूनियन (सर छोटू राम) के नाम से संगठन की घोषणा की गई। जिसका उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में किसानों की कम होती कृषि भूमि, फसलों का उचित मूल्य दिलाना, शिक्षा के स्तर का विकास करना एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शहरीकरण का तेजी से विस्तार भविष्य में किसानों एवं मजदूरों के परिवारों के सामने आने वाली चुनौतियों को मजबूती से सामना करना है।



भारतीय किसान यूनियन (सर छोटू राम) के बैनर के नीचे मजबूती से लड़ाई का संकल्प लेते हुए उक्त संगठन का राष्ट्रीय स्तर पर समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने का काम किया जाएगा तथा जाति धर्म और पार्टी लाइन से ऊपर उठकर जहां भी अन्याय अत्याचार जानकारी में आएगा मां संगठन के बैनर के नीचे मजबूती से आंदोलन चलाकर लोगों की समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। समाज के हर वर्ग को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना समझ में भाईचारा बनाए रखना हमारी प्राथमिकता रहेगा। प्रेसवार्ता में राष्ट्रीय संगठन के पदाधिकारी का प्रथम चरण में घोषणा की जाती है।

जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष का आनंद चौधरी, मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता का कुंवर अयूब अली एडवोकेट, मुख्य राष्ट्रीय महासचिव का अजय प्रमुख, राष्ट्रीय मुख्य कोषाध्यक्ष का सोनवीर सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का दायित्व धर्मेंद्र चौधरी के पद पर सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। संगठन को ग्राम स्तर ब्लॉक तहसील जिला स्तर मंडल स्तर प्रदेश स्तर का गठन यथाशीघ्र किया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय जाट महासभा भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सरोहा, राष्ट्रीय जाट महासभा के विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष भूपेंद्र एडवोकेट, शहजाद चौधरी व्यापार मंडल अध्यक्ष मुरादनगर, संदीप चौधरी भारतीय किसान यूनियन संघर्ष के अध्यक्ष, असलम पठान मुरादनगर, संजय त्यागी जनहित पार्टी प्रगतिशील के राष्ट्रीय अध्यक्ष, डॉ. राजपाल तोमर, हाजी आसिफ पूर्व पार्षद, चौधरी कर्मवीर, इंद्रपाल, उमेश चौधरी, विशन चौधरी, मांगेराम, उम्मेद, महेंद्र व विजेंद्र सिंह, लोकेंद्र सिंह, मोहित. हत चौधरी, प्रितपाल, इस्तकार प्रधान, हाजी हुकूमत अली, एजाज खान, रणवीर प्रधान, आजाद शमशेर, बबलू, मनोज पार्षद, संजय खुटैल, आशु मलिक, संदीप चौधरी, विक्रांत चौधरी, विश्वजीत चौधरी, देवेंद्र सिंह, सुधीर चौधरी, गुड्डू, हरेन्द्र, विपिन चौधरी, चौ. सोहनवीर खुटैल, राजू पार्षद रहिसपुर, तरूण रावत, वीरपाल, मनोज प्रधान, सन्तवीर गुरूवचन आदि सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाई व्यापारी नेता सतेन्द्र गुप्ता की 25वीं वैवाहिक वर्षगांठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** वैश्य संगठन के अध्यक्ष व व्यापारी नेता सतेन्द्र गुप्ता की 25वीं वैवाहिक वर्षगांठ पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगो ने शामिल होकर उन्हें बधाई दी।



गोविंदपुरी निवासी व्यापारी नेता सतेन्द्र गुप्ता की शादी की 25वीं वर्षगांठ पर द्वारा तहसील के सामने स्थित अपने होटल एएक्सएन रिसोर्ट के सभागार में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सत्येंद्र गुप्ता के निमंत्रण पर पहुंचे क्षेत्र के व्यापारियों, चिकित्सकों, समाजसेवियों, मीडिया कर्मियों, सगे संबंधियों आदि ने सत्येंद्र गुप्ता और उनकी धर्मपत्नी को पुष्प गुच्छ के अलावा उपहार आदि भेंट कर वैवाहिक वर्षगांठ

**सैकड़ों लोगों ने दी बधाई**

की बधाई दी। इस दौरान सत्येंद्र गुप्ता के बच्चों के अलावा मित्रों एवं सगे संबंधियों ने डीजे की धुन पर जमकर धमाल मचाया।

बधाई देने वालों में नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, वरिष्ठ समाजसेवी विजय मेहरा, पत्रकार अनिल वशिष्ठ, पत्रकार राकेश शर्मा, पत्रकार विनय अग्रवाल, डॉ अनिल गर्ग, वरिष्ठ रालोद नेत्री महिला रोग विशेषज्ञ डॉ पूनम गर्ग, सभासद रजनीश चौधरी, एड राजकुमार गुप्ता, व्यापारी नेता धर्मेंद्र चौधरी, संजय गुप्ता, महेश तायल, आशीष बिश्नोई, बिट्टू बिश्नोई, प्रमोद ठाकुर, प्रदीप शर्मा, राकेश शर्मा, अनिल जैन, राकेश गोयल, विजेंद्र गुप्ता, सपा नेता पुनीत वर्मा, पीयूष गुप्ता, विशाल भारद्वाज आदि शामिल थे।

लोनी ट्रोनिका सिटी अंशल गेट के पास बस ने

## नंदी महाराज को रौंदा, गौसेवकों ने किया प्राथमिक उपचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोनी।** लोनी के ट्रोनिका सिटी गेट के सामने एक रोडवेज बस चालक ने नंदी महाराज को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे नंदी महाराज का एक पैर टूट गया। और मुँह से लगातार खून बह रहा था। इसकी सूचना गौरक्षकों को मिली तो बहुत से हिन्दू गौसेवक दल मौके पर पहुंचे। और सभी ने मिलकर नंदी महाराज का प्राथमिक उपचार किया। प्राथमिक उपचार के बाद नंदी महाराज की हालत स्थिर बनी हुई है। क्योंकि बस की टक्कर बहुत जोरदार थी। गौसेवकों ने बताया कि नंदी महाराज को उचित उपचार हेतु हरियाणा के जिला झज्जर स्थित गो. कुल धाम गौशाला भेजा जा रहा है।



## खंबे में करंट उतरने से चपेट में आई भैंस की मौत

**इस हादसे को लेकर स्थानीय लोगों ने बताया कि 3-4 दिन पहले यहां एक लड़के को भी करंट लग गया गया था**

**गाजियाबाद।** मसूरी मैन रोड पर ऐसा हादसा देखने को मिला जिसे देखकर आप सन्न रह जाएंगे। बिजली विभाग की गलतियां आए दिन देखने को मिलती हैं, जिसका खामिजा मासूम लोगों को चुकाना पड़ता हैं। लेकिन इस बार इसका खामियाजा एक मासूम जानवर को चुकाना पड़ा।

गाजियाबाद की मसूरी मैन पर यह यह घटना हुई। जहां दीवान हॉस्पिटल के सामने लगे लोहे के खंभे का करंट जमीन में उतर गया जिसने कई फुट दूर से निकल रही भैंस को अपनी चपेट में ले लिया। इसके कारण भैंस की मौके पर ही मौत हो गई।

इस हादसे को लेकर स्थानीय लोगों ने बताया कि 3-4 दिन पहले यहां एक लड़के को भी करंट लग गया गया था, लेकिन खुशकिस्मती की बात यह हुई कि किसी तरह डॉक्टरों ने उसका इलाज करके उसकी जान बचा ली।

इससे पहले भी एक बच्ची की इसी खंभे में करंट उतरने के कारण मौत हो चुकी है, लेकिन बिजली विभाग की ओर से इस घटना पर किसी प्रकार की कोई कारवाई नहीं की गई और ना ही किसी ने सुधार लाने की को. शिशें की।

जब यह वीडियों सामने आई तो इसे देखकर सभी हैरान रह गए। वीडियों में साफतौर पर दिख रहा हैं कि एक शख्स अपनी दो भैंस लेकर रास्ते पर जा रहा था। अचानक एक भैंस खंभे के पीछे से निकलने लगती हैं। जिसके बाद वह उसी जगह पर बेसुध होकर गिर गई। अपनी दुसरी भैंस के साथ आगे जाते हुआ वह शख्स भागकर खंबे के पास पड़ी भैंस के पास पहुंचा।

उसे हिलाने की कोशिश की, लेकिन तब तक भैंस अपने प्राण गंवा चुकी थी। रास्ते में जा रहे कुछ लोगों ने मदद करने की भी कोशिश की और साथ मिलकर भैंस को खिंचा लेकिन चीजें तब तक हाथ से निकल चुकी थी।

## किसान ने लगाया पुत्रवधू पर फर्जी तरीके से जमीन बेचने के प्रयास का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** तहसील क्षेत्र निवासी एक किसान ने अपनी पुत्रवधू पर धोखे से उनकी जमीन अपने नाम करवाने व बेचने का प्रयास करने का विरोध करने पर अपने परि. जनों संग मिलकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है पुलिस मामले की जांच कर रही है। ग्राम दौसा निवासी महेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि

**विरोध करने पर पुत्रवधू ने की मारपीट**

उनकी पुत्रवधू आरती ने धोखे से उनकी जमीन अपने नाम करवा ली,जिसका वाद कोर्ट में चल रहा है इसी जमीन को आरती द्वारा बेचने का प्रयास करने का विरोध करने पर आरती व उसके साथियों ने तहसील परिसर में उनके साथ मारपीट की है। एसीपी ने बताया कि शिकायत की जांच कर उचित कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

## विकास कार्यों एवं कांवड़ शिविरों का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोनी।** नगर पालिका अध्यक्ष रंजीता धामा ने लोनी में विभिन्न विकास कार्यों व कांवड़ शिविरों का उद्घाटन किया खन्ना नगर में दिल्ली सहारनपुर रोड के पास बने शंख, कांवड़ मार्ग पर लोनी बॉर्डर से बंद फाटक तक लगी पोल लाइटों, बंद फाटक से लेकर टीला मोड तक लगने वाली पोल लाइटों का फीता काटकर उद्घाटन किया जोकि लाखों रुपए की लागत से तैयार हुए हैं।



स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कल से सावन का पवित्र माह शुरू हो जाएगा जो भगवान शंकर महादेव का पवित्र माह माना जाता है और कांवड़ माह भी और पूरे देश के अंदर पवित्र नदियों और स्रोतों से जल लाकर श्रद्धालु अपने इष्ट देवों के साथ भगवान भोले नाथ को अर्पित करते हैं और इन लाइटों के लगने से जो हर वर्ष लाखों रुपए खर्च होते थे उन से नगर पालिका को बचत होगी।

इसके साथ ही धामा वाटिका लोनी बॉर्डर, बंद फाटक पर लगने वाले कावड शिविर पर लगने वाले कांवड़ शिविर का विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करा कर शुभारंभ कराया इस अवसर पर कार्यक्रम में नरेंद्र कसाना अनिल प्रजापति सभासद धर्मेन्द्र कुमार अनिल कुमार सुभाष पंडित जी विकास वकील नरेंद्र फौजी उदयपाल प्रधान राहुल मलिक शारदा सुनीता ठाकुर रजनी शर्मा मो. निका ठाकुर सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### गैंगस्टर एक्ट में वांछित चार आरोपी दबोचे

**लोनी।** लोनी थाना पुलिस ने शुक्रवार को अलग अलग स्थानों से गैंगस्टर ऐक्ट में वांछित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चारों के खिलाफ वाहन चोरी, घरों में चोरी करने व चोरी का माल बरामद होने के चार मुकदमे दर्ज हैं। लोनी थाना पुलिस ने सूचना पर अलग अलग स्थान से गैंगस्टर ऐक्ट में वांछित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि चारों आरोपियों ने गिरोह बनाया हुआ है। गिरोह का मुखिया अमन निवासी प्रताप विहार विजय नगर है। चारों लोनी, टीला मोड़ थाना क्षेत्र में रेकी करने के बाद बंद घरों व सुनसान स्थान पर खड़े दो पहिया वाहन चोरी की घटना को अंजाम देते हैं।

## राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने किया पौधारोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा के जन्म दिवस, राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बाल किशन गुप्ता एवं वरिष्ठ समाज सेवी राजीव अग्रवाल के विवाह की वर्षगांठ के अवसर पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने कवि नगर के जी ब्लॉक पार्क में 15 पौधो का रोपण किया। बरगद जामुन अमरूद कटहल व नीम के पौधों का रोपण किया गया। पौधारोपण करते हुए सभी से सदैव जन्मदिन एवं वैवाहिक वर्षगांठ पर पौधारोपण करने का आह्वान किया गया। पूरे वर्ष पौधे की सेवा रक्षा करने का आह्वान करते हुए उन्नति प्रगति की कामना की गई। इस अवसर पर देश में प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने एवं बुजुर्गों को शुद्ध ऑक्सीजन के लिए सदैव पेड़ लगाने तथा उनकी रक्षा करने का आह्वान किया। बालकिशन गुप्ता पंडित अशोक भारतीय राजीव अग्रवाल संदीप त्यागी रसम समीर शर्मा मनोज गुप्ता काजल छिब्बर अनिल त्यागी विपिन कौशिक मोहित आदेश मनीष आदि उपस्थित रहे।

## इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ट्रांस हिंडन ने किया वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ट्रांस हिंडन ने सुनील कुमार शर्मा कैबिनेट मंत्री इलेक्ट्रॉनिक्स व भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम मे 1000 पेड़ लगाए तथा औद्योगिक समस्याओं की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया है। एसोसिएशन के पदाधिकारियो ने फूलों का बुक्का देकर स्वागत किया तथा सम्मान प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

बैठक मे ट्रांस हिंडन औद्योगिक क्षेत्र की औद्योगिक समस्याओं एवं अन्य सामयिक मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। वर्तमान में यूपी एस आई डी सी द्वारा औद्योगिक क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयों से लिए जाने वाले मेंटेनेंस चार्ज दर 72 रुपए प्रति वर्ग मीटर प्रति वर्ष कर दी गई है जो नगर निगम को दिए जा रहे हाउस टैक्स से बहुत ज्यादा बढ़ा दिया गया है पर विस्तार से चर्चा की।

नगर निगम द्वारा इंदिरापुरम एस.टी.पी से औद्योगिक क्षेत्र साइट-4 साहिबाबाद में सप्लाई किए जाने वाले इंडस्ट्रियल ग्रेड वाटर जिसका रेट 45.90 पैसे है जो की इंडस्ट्रीज के लिए खरीदना बहुत महंगा है इस विषय से भी अवगत कराया।

मंत्री ने न्चैप्क। द्वारा लिए जाने वाले मेंटेनेंस चार्ज के संबंध में बताया कि इस विषय को मुख्यमंत्री के समक्ष रखकर अवगत कराया जाएगा तथा नगर निगम द्वारा दिए जाने वाले इंडस्ट्रियल गेट वाटर के रेट के संबंध में नगर निगम के अधिकारियों के साथ बातचीत की जाएगी अन्य सभी औद्योगिक समस्याओं को सुनकर आश्वासन दिया है कि वह अपने स्तर से तथा राज्य सरकार के स्तर से भी सभी समस्याओ का निराकरण कराने का प्रयास करेंगे।



बैठक मे एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक चौधरी, उपाध्यक्ष आरके शर्मा, उपाध्यक्ष एमपी शर्मा, वरिष्ठ महासचिव मनोज तोमर, महासचिव संजीव त्यागी, सचिव अरविंद बालियान, कार्यकारिणी सदस्य सुनील शर्मा, अतुल त्यागी, मुकुट लाल शर्मा, राजीव रस्तोगी, प्रवीण जैन, प्रवीण हिम्मतरामका, तरुण गुप्ता, संजीव सिक्का, विपिन मेहता, दमनप्रीत सिंह, हरचरण सिंह, मनप्रीत सिंह, ओपी शर्मा, हरक. ीरत सिंह, संजीव रस्तोगी, दीपक कंसल, आनंद सिंह, आशीष गर्ग, तिलकेंद्र सिंह, राहुल भारद्वाज, एसपी सिंह, विनय शर्मा, इन्दरवीर सिंह, रविंदर कपूर सुनील कुमार, विजय नारायण गुप्ता, किशन तथा अजीत सिंह नंदा अध्यक्ष हर्षा कंपाउंड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन, महिपाल चौहान अध्यक्ष आनंद इंडस्ट्रियल स्टेट, महानगर महामंत्री भाजपा युवा मोर्चा संदीप चौधरी उपस्थित रहे।

# अंतरराज्यीय ऑटो- लिफ्टर गैंग के तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मध्य जिला पुलिस की एएटीएस टीम ने अंतरराज्यीय ऑटो-लिफ्टरों के उस्ताद- मौज गैंग का भडाफोड कर तीन ऑटो-लिफ्टर और उनके रिस.ीवर गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से दस चोरी के वाहन, सात कारें और तीन बाइक बरामद की है।आरोपी वाहनों को दोबारा बेचने या कबाड़ में बदलने के लिए चेसिस और इंजन नंबरों को खुरचते थे।

दिल्ली के मध्य जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वाल्सन ने बताया कि ०२.जुलाई को, बापा नगर स्थित मंदिर के पास खड़ी एक मारुति ईको कार की चोरी की शिकायत प्रसाद नगर थाने में दर्ज की गई। शिकायतकर्ता के बयान पर प्रसाद नगर थाने के तहत मामला दर्ज कर प्रसाद नगर थाना और एएटीएस की एक संयुक्त टीम का गठन इंस्पेक्टर रघुवीर, प्रभारी एएटीएस के नेतृत्व में किया गया।

इसके बाद टीम ने तकनीकी निगरानी और, सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण के साथ साथ स्थानीय खुफिया जानकारी एकत्र की। जांच के दौरान टीम ने होलंबी कलां में छापेमारी कर आरोपी आबिद उर्फ घ्ज्जावेद (४७) को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस पूछताछ के दौरान, आबिद ने चोरी में अपनी संलिप्तता कबूल की और अपने दो साथियों के नाम बताए, जिनकी पहचान आसिफ (२१)और दिलीप (३४) के रूप में हुई। उसने यह भी बताया कि उन्होंने या तो वाहन को कबाड़ में बदलवा दिया था या इंजन और चेसिस नंबर खुरच कर उसे बेच दिया था।इसके बाद आबिद की निशानदेही पर दोनों साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया।आगे की पूछताछ में, वे टीम को सोनीपत ले गए, जहाँ आशीष (३१) नाम के एक व्यक्ति ने चोरी के वाहन खरीदे थे। पुलिस ने उसकी निशानद.ेही पर प्रसाद नगर क्षेत्र से चोरी की गई ईको कार और आईपी एस्टेट के एक मामले से संबंधित एक सियाज कार भी बरामद की है। आगे की पूछताछ में, टीम आबिद के घर पहुँची, जहाँ से थाना प्रसाद नगर क्षेत्र से चुराई गई ईको कार का स्टीरियो बरामद हुआ।

## आजाद मार्केट में भरभराकर गिरी इमारत, एक शख्स की मौत

**नई दिल्ली।** आजाद मार्केट इलाके में दिल दहला देने वाला हादसा हुआ है। देर रात आजाद मार्केट के पास एक इमारत भरभराकर गिर गई। मलबे में दबने से एक शख्स की मौत हो गई है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची। फिलहाल पुलिस, दमकल और एनडीआरएफ की टीमें राहत व बचाव कार्य में जुटी हैं।

बिल्डिंग के नीचे ग्राउंड फ्लोर पर सूटकेस और तीरपाल की दुकानें थी। पास ही में मेट्रो निर्माण कार्य चल रहा था। रात करीब २ बजे इमारत अचानक भरभराकर गिर गई। दुकान के नीचे खड़ा ट्रक भी क्षतिग्रस्त हुआ है। दिल्ली पुलिस, फायर बिग्रेड, एंबुलेंस और एनडीआरएफ की टीम मौके पर मौजूद है। राहत और बचाव कार्य जारी है। दमकल कर्मियों ने मलबे से निकालकर ४६ वर्षीय एक व्यक्ति को घायल हालत में निकालकर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उस मृत घोषित कर दिया।

एक अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार तड़के दिल्ली के आजाद मार्केट में एक तीन मंजिला इमारत ढहने से ४६ वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान मनोज शर्मा के रूप में हुई है, जो जोकि यूपी का रहने वाला था। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारी ने बताया कि इमारत में कई दुकानें थीं।

# दिल्ली सरकार लेगी मुनक नहर के रख -रखाव का जिम्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के हिस्सा में आने वाले मुनक नहर के रखरखाव की जिम्मेदारी अभी हरियाणा सरकार के पास है। रखरखाव में लापरवाही होने से कई स्थानों पर नहर क्षतिग्रस्त हो गई है। इससे नहर का पानी बर्बाद व दूषित हो रहा है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि दिल्ली सरकार बेहतर तरीके से इसका रखरखाव कर सकती है। नहर के ऊपर प्रस्तावित एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण में भी मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा के साथ मुनक नहर से जुड़े हरियाणा के अधिकारियों, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), पीडल्यूडी, वन विभाग व अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री ने कहा, मुनक नहर बवाना से दिल्ली में प्रवेश करती है और इंद्रलोक के पास खत्म हो जाती है। इसकी लंबाई लगभग २० किलोमीटर है। नहर व उसके आसपास की जमीन हरियाणा सरकार के सिंचाई विभाग के पास है। २०० मिलियन गैलन प्रतिदिन (एमजीडी) क्षमता वाले हैदरपुर जल शोधन संयंत्र को इसी नहर ले पानी मिलता है।

इससे लगभग २० लाख लोगों की प्यास बुझती है लेकिन, नहर के रखरखाव में दिल्ली सरकार की कोई भूमिका नहीं है। न तो नहर का सही ढंग से रखरखाव होता है और न इसकी सुरक्षा का ध्यान रखा जा रहा है। दिल्ली में कई स्थानों पर इसे पक्का नहीं किया गया है। कई स्थानों पर यह क्षतिग्रस्त हो गई है। इससे नहर का पानी प्रदूषित व बर्बाद हो रहा है। यह नहर दिल्ली की सांस्कृतिक व धार्मिक गतिविधियों का भी प्रतिनिधित्व करती है। इस नहर में बड़े स्तर पर छठ पर्व भी आयोजित किया जाता है।हरियाणा के अधिकारियों ने कहा कि सैद्धांतिक रूप से उन्हें कोई समस्या नहीं है।

# मुख्यमंत्री ने आईएनए अग्निकांड प्रभावित को दी अनुग्रह राहत राशि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गत ३० अप्रैल २०२५ की देर शाम दिल्ली हाट, आईएनए में आग लगने की घटना में २४ शिल्पकारों के स्टॉल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गए थे। इस घटना के बाद मुख्यमंत्री श रेखा गुप्ता द्वारा प्रत्येक प्रभावित शिल्पकार को ५ लाख रुपये की राहत राशि देने की घोषणा की गयी थी।

इसी क्रम में आज मुख्यमंत्री ने दिल्ली सचिवालय में प्रभावित शिल्पकारों को ५ लाख रुपये की अनुग्रह राहत राशि के चेक वित.रित किए। मुख्यमंत्री ने २४ प्रभावित को कुल १ करोड़ २० लाख रुपये की राशि प्रदान की। ये प्रभावित कारीगर हस्तशिल्प, ज्वेलरी, कार्पेट, नक्काशी, टेक्सटाइल और अन्य व्यवसायों से जुड़े हुए थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली की जनता के आशीर्वाद से चुनकर आई नयी सरकार पीड़ितों के साथ है। सभी अग्निकांड में प्रभावित शिल्प कारों को ५-५ लाख रुपये के चेक वितरित किए गए हैं और ६ महीने का दुकान का किराया माफ किया गया है। अब न्याय देने की प्रक्रिया कहीं भी नहीं रुकेगी और जिसका जो हक है, वो समय से मिलेगा। वहीं आग की घटना में जिन २४ कारीगरों के स्टॉल नष्ट हुए हैं, उन्हें १ जुलाई, २०२५ से ३१ दिसंबर, २०२५ तक की अवधि के लिए दिल्ली हाट आईएनए में छह महीने के लिए नि:शुल्क स्टॉल आवंटित कर दिए गए हैं।

चेक वितरण कार्यक्रम में उपस्थित पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि हमारी सरकार शिल्पकारों के हितों की रक्षा और उन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।



**मुख्यमंत्री ने दिल्ली हाट आईएनए अग्निकांड में प्रभावित शिल्पकारों को अनुग्रह राहत राशि देते हुए।**

# पीडब्ल्यूडी बनाएगा अपना इंजीनियरिंग कैडर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बुनियादी ढांचे की दिशा और दशा बदलने वाला एक ऐतिहा.सिक कदम उठाते हुए दिल्ली के लोक निर्माण विभाग ने अपना स्वतंत्र इंजीनियरिंग कैडर बनाने का निर्णय लिया है।

यह विभाग के इतिहास का सबसे बड़ा प्रशासनिक सुधार माना जा रहा है, जिससे केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्लूडी) पर दशकों से चली आ रही निर्भरता समाप्त हो जाएगी। अब तक पीडब्ल्यूडी में कार्यरत अधिकांश अभियंता, कार्य पालक अभियंता , अधीक्षण अभियंता और कनिष्ठ अभियंता सीपीडब्ल्यूडी या अन्य केंद्रीय एजेंसियों से प्रतिनियुक्ति पर आते थे। लेकिन स्वतंत्र इंजीनियरिंग कैडर के गठन के बाद, दिल्ली को अपना स्थायी, समर्पित और पूरी तरह से जवाबदेह तकनीकी स्टाफ मिलेगा जो दिल्ली सरकार की अपनी सेवा शर्तों और निगरानी व्यवस्था के अंतर्गत चयनित, प्रशिक्षित और पदोन्नत होंगे। पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने कहा कि यह सिर्फ पीडब्ल्यूडी के लिए नहीं, बल्कि पूरी दिल्ली के लिए एक टर्निंग पॉइंट है।

# आठ लाख रुपये की स्कॉच के साथ पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विदेशी शराब की बोतलों में देशी शराब भरकर ऊंचे दामों पर बेचने वाले एक होटल के बार टेंडर को बाहरी उत्तरी जिले के एएटीएस और एबीएस सेल की टीम ने गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से ८ लाख रुपये की अवैध विदेशी स्कॉच शराब की बोतलें और वारदात में इस्तेमाल टेंपो बरामद किया है। पुलिस आरोपी से पता करने की कोशिश कर रही है कि उनकी इन शराब की बोतलों की कहां कहां पर सप्लाई थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी दिनेश कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर प्रमोद तोमर के निर्देशन में अलीपुर इलाके में एक टेंपो को रोका। जिसमें अवैध शराब की बोतलें भरी हुई थी। पुलिस टीम ने मौके पर ही मनीष और मोहम्मद यूसुफ को गिरफ्तार किया। शराब की १६२ बोतलें बरामद की गईं।

पूछताछ करने पर पता चला कि मनीष अशोक विहार स्थित द ग्रैंड्ज बैंक्वेट में बार टेंडर के तौर पर काम करता है और उच्च गुणवत्ता वाली स्कॉच आयातित शराब की खाली बोतलें एकत्र करता है। फिर खाली बोतलों में निम्न-गुणवत्ता वाली शराब भरकर उन्हें ऊँची कीमतों पर बेचता है।

# कारोबारी के अपहरण का आरोपी 25 साल बाद मुम्बई से पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कोतवाली इलाके में २५ साल पहले एक कारोबारी का भाईयों के साथ मिलकर अपहरण और जबरन वसूली करने वाले एक आरोपी सुनीत अग्रवाल उर्फ पप्पी उर्फ बबली को अपराध शाखा ने मुंबई, महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है। जिसने फरार होने के बाद मुम्बई में अपना ठिकाना बनाया और वहीं पर शादी भी कर ली थी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि २९ जनवरी २००० को, राज नगर पार्ट-२, गाजियाबाद में रहने वाले शिकायतकर्ता नाथ यादव का सुनीत अग्रवाल उर्फ पप्पी उर्फ बबली ने अपने दो भाइयों के साथ मिलकर अपहरण कर लिया और पैसे की मांग की, न देने पर उसे धमकाया और उसके साथ मारपीट की।इसके बाद, सुनीत अग्रवाल उर्फ पप्पी उर्फ बबली शिकायतकर्ता को चांदनी चौक ले गया और शिकायतकर्ता के नियोक्ता राम गोपाल को फोन किया। सुनीत अग्रवाल उर्फ पप्पी उर्फ बबली ने मालिक राम गोपाल को फोन पर बताया कि वह पैसे लेने राज नगर पहुँचेगा और इसके बाद, सुनीत अग्रवाल उर्फ पप्पी उर्फ बबली पीड़ित को लाल किला ले गया। इसके बाद, शिकायतकर्ता को जबरन कार में बिठाया गया और कालकाजी इलाके में एक बंगले के बेसमेंट में ले जाकर उसकी बुरी तरह पिटाई की गई और फिर उसे एक फ्लैट में बंधक बना लिया गया।

सुनीत अग्रवाल उर्फ पप्पी उर्फ बबली ने शिकायतकर्ता के सिर पर रिवॉल्वर तान दी और उसे अपने नियोक्ता को फोन करने के लिए कहा, और उसे पैसे के साथ सफदरजंग हवाई अड्डे के पुल पर मिलने के लिए मजबूर किया। फिर, जब शिकायतकर्ता के नियोक्ता को इसी तरह का कॉल किया गया, तो इसे सुमेर सिंह ने उठाया, जो एक पुलिसकर्मी बताया गया था, जिसे सुनीत अग्रवाल उर्फ पप्पी उर्फ बबली ने राम गोपाल के साथ जाने के लिए कहा (तू भी आ जाना, मैं तेरी वर्दी उतार दूंगा)। बाद में, आरोपी शिकायतकर्ता को सफदरजंग हवाई अड्डे के पुल पर ले गया, और अंत में शिकायतकर्ता को तुगलक रोड गोल चक्कर पर छोड़ दिया, और उसे धमकी दी कि अगर शिकायतकर्ता ने घटना की सूचना किसी को दी तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। मामले में आरोपी सुनीत अग्रवाल उर्फ पप्पी उर्फ बबली को शुरू में गिरफ्तार किया गया और २००० में जमानत पर रिहा कर दिया गया। बाद में, सह-आरोपी विनीत अग्रवाल और पुनीत अग्रवाल को भी मामले में गिरफ्तार किया गया। तीनों आरोपियों के विरुद्ध आरोप पत्र तैयार किया गया। तीनों आरोपी वापिस जेल नहीं गए। तीनों को भगौड़ा घोषित कर दिया था। एसआई संदीप संधू को आरोपी सुनीत अग्रवाल उर्फ पप्पी उर्फ बबली के बारे में मुम्बई में रहने की जानकारी मिली थी।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर ग्राउंड स्टाफ व लोडर के 14000 से ज्यादा पदों पर निकली भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आईजीआई एविएशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ने एयरपोर्ट ग्राउंड स्टाफ और लोडर जैसे १४०० पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया १० जुलाई २०२५ से शुरू हो चुकी है। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार पहपंअपं.जपवदकमसीप.बवउ पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती अभियान के तहत कुल १४४६ पदों पर भर्ती की जाएगी। इसमें एयरपोर्ट ग्राउंड स्टाफ के लिए १०१७ पद आरक्षित हैं, जबकि लोडर (केवल पुरुष) के लिए ४२९ पद तय किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपनी योग्यता और रुचि के अनुसार संबंधित पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। एयरपोर्ट ग्राउंड स्टाफ पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से १२वीं पास होना अनिवार्य है। इससे अधिक योग्यता रखने वाले, जैसे ग्रेजुएट्स या डिप्लोमा होल्डर्स भी आवेदन कर सकते हैं।

वहीं लोडर पद के लिए मैट्रिक (१०वीं पास) या समकक्ष योग्यता जरूरी है और इस पद पर केवल पुरुष उम्मीदवार ही पात्र हैं। यदि कोई अभ्यर्थी दोनों पदों के लिए योग्य है, तो वह दोनों के लिए आवेदन कर सकता है, लेकिन परीक्षा शुल्क दोनों के लिए अलग-अलग देना होगा। एयरपोर्ट ग्राउंड स्टाफ पद पर आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की उम्र १८ से ३० वर्ष के बीच होनी चाहिए। वहीं लोडर पद के लिए अभ्यर्थियों की आयु २० से ४० वर्ष तक मान्य है। इन पदों पर फ्रेशर्स भी आवेदन कर सकते हैं। ग्राउंड स्टाफ पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के पास अगर आईटीआई सर्टिफिकेट है तो भी वे आवेदन के पात्र हैं। अच्छी बात यह है कि किसी प्रकार का विमानन/एयरलाइन डिप्लोमा या सर्टिफिकेट अनिवार्य नहीं है। अधिक जानकारी के लिए आधिकारिक नोटिफिकेशन देख सकते हैं। एयरपोर्ट ग्राउंड स्टाफ के लिए चयनित उम्मीदवारों को २५,००० रुपये से ३५,००० रुपये प्रति माह वेतन मिलने की संभावना है। वहीं लोडर पद पर चयनित अभ्यर्थियों को १५,००० रुपये से २५,००० रुपये प्रति माह तक का वेतन मिल सकता है। यह सैलरी पोस्टिंग लोकेशन और कार्य अनुभव के अनुसार अलग-अलग हो सकती है। भर्ती प्रक्रिया में सबसे पहले लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी।

## ड्रग सप्लाई नेटवर्क का पर्दाफाश

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने ड्रग सप्लाई नेटवर्क के प्रमुख सदस्य को गिरफ्तार किया है।आरोपी शाहबाद डेयरी थाने में दर्ज एक हाई-प्रोफाइल एनडीपीएस एक्ट मामले में वांछित था।आरोपी को कोर्ट द्वारा पीओ घोषित किया गया था।

दिल्ली पुलिस अपराध शाखा पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि अपराध शाखा की सेंट्रल रेंज के एसीपी राजबीर मलिक की देखरेख में इंस्पेक्टर वीर सिंह के नेतृत्व मे एएसआई दीप चंद, हेड कांस्टेबल विनोद, संदीप, मनोज और कांस्टेबल सुमित की टीम ने गहन जमीनी स्तर की खुफिया जानकारी और तकनीकी निगरानी के संयोजन से श्री नगर कॉलोनी, प्रीतमपुरा,से आरोपी भोले शंकर उर्फ शंकर (२४) को उसके ठिकाने से गिरफ्तार कर लिया।




**मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दिल्ली पर्यटन विभाग व इन्वेस्ट इंडिया द्वारा आयोजित डीलाइट फॉर दिल्ली समिट में शामिल हुईं।**

# विदेशी पर्यटक भारत आएं, तो दिल्ली देखे बिना वापस न जाएं: रेखा गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में पर्यटन, शिक्षा, संस्कृति और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में असीम संभावनाएं हैं और सरकार का लक्ष्य है कि इन क्षेत्रों में ठोस नीति और जन-सहभागिता से दिल्ली को देश की सबसे गतिशील सिटी बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा सपना है कि जब भी कोई विदेशी पर्यटक भारत आए, तो वह दिल्ली देखे बिना वापस न जाए। मुख्यमंत्री आज दिल्ली पर्यटन विभाग और इन्वेस्ट इंडिया द्वारा आयोजित डीलाइट फॉर दिल्ली समिट में बोल रही थीं। इस आयोजन का उद्देश्य दिल्ली को Driving Eperiential Leadership, Innovative Growth and High& Impact Tourism DELIGHT की दृष्टि से एक अग्रणी शहर के रूप में स्थापित करना है।इस कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा सहित देश की नामी निवेशक कंपनियों के प्रतिनिधि, नीति-निर्माता, पर्यटन विशेषज्ञ और उद्यमी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली भारत की राजधानी होने के साथ-साथ देश की आत्मा भी है। यह एक ऐसा शहर है जो समृद्ध संस्कृति, विविध विरासत और गौरवशाली इतिहास को अपने भीतर समेटे हुए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज की दिल्ली आधुनिकता और परंपरा का एक अद्वितीय संगम बन चुकी है। भारत मंडपम्, यशोभूमि, प्रधानमंत्री संग्रहालय और नेशनल वॉर मेमोरियल जैसे प्रतिष्ठित स्थल दिल्ली को वैश्विक सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पर्यटन केंद्र के रूप में पहचान दिला रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री भी देश के पर्यटन विकास को प्राथमिकता देते रहे हैं और हमारी सरकार भी सभी क्षेत्रों में समन्वित प्रयासों के साथ राजधानी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## आपसी रंजिश में नाबालिग पर गोल चलाने वाला पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आदर्श नगर इलाके में बीते सोमवार रात आर्यन नामक नाबालिग को उसी की मां के सामने गोली मार दी थी। एएटीएस उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस ने वारदात में शामिल गैंग के एक सदस्य तनिश उर्फ लाला को गिरफ्तार कर लिया है, जिसके कब्जे से पिस्टल,कारतूस और वारदात में इस्तेमाल स्कूटी बरामद की है। पुलिस आरोपी के बाकी साथियों के ठिकाने पता करके उनको भी पकडने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते सात जुलाई की रात दस बजकर १४ मिनट पर आदर्श नगर पुलिस को सिविल लाइंस स्थित ट्रॉमा सेंटर से सूचना मिली कि गली नंबर ४, एमसीडी फ्लैट्स, जहाँगीरपुरी के रहने वाले आर्यन (१७) को गोली लगने से घायल अवस्था में भर्ती कराया गया है। पुलिस मौके पर पहुंची। एसीपी रणजीत ढाका की देखरेख में इंस्पेक्टर जितेंद्र तिवारी के निर्देशन में पुलिस टीम ने जांच शुरू की।

# जलभराव से निपटने को अभी भी तैयार नहीं दिल्ली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बारिश ने दिल्ली वालों को गर्मी व उमस से राहत दी, लेकिन साथ ही जलभराव व भीषण जाम की समस्या से भी दोचार होना पड़ा। इससे दिल्ली की एजेंसियों के जलभराव से निपटने के दावे पानी में बह गए। साथ ही एजेंसियों की तैयारियों की भी पोल खुल गई है। ऐसे में दिल्ली की इन एजेंसियों से नागरिक इंटरनेट मीडिया पर और बेहतर तैयारी करने की मांग करते हुए नजर आए। क्योंकि लोगों को जलभराव व जाम के कारण दो से ढाई घंटे तक परेशान होना पड़ा। हालांकि मिंटो ब्रिज से लेकर विकास मार्ग और ओल्ड राजेंद्र नगर के बड़ा बाजार जैसे रोड पर जलभराव नहीं हुआ। ऐसे में जैसे प्रविधान जलभराव से निपटने के लिए एजेंसियों ने इन स्थानों पर किए हैं वैसे ही सुधार अन्य जलभराव के स्थानों पर करने की दरकार है। साथ ही एजेंसियों ने हर जलभराव के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की थी ऐसे में इन अधिकारियों की भी जवाबदेही सुनिश्चत करने की मांग हो रही है।

बृहस्पतिवार को वर्षा के कारण स्थित यह रही कि नाट प्लेस, इंडिया गेट, मथुरा रोड, रिंग रोड, बहादुर शाह जफर मार्ग, आइटीओ, विकास मार्ग, दिल्ली गेट, बाराखंभा, कश्मीरी गेट, सराय काले खां, लक्ष्मी नगर, शास्त्री पार्क, छतरपुर जैसे इलाकों में जलभराव के साथ ही जाम की भीषण समस्या रही। अरविंद मार्ग, जीके, रेल भवन, अक्षरधाम, आश्रम, पुल प्रहलादपुर, एमबी रोड, एमजी रोड, पुराना रोहतक रोड, शादीपुर, मधुबन चौक समेत अन्य शामिल हैं।जाम की स्थिति यह कि १५ से २० मिनट का सफर एक से दो घंटे में पूरा हो रहा था। खासकर यमुना पार पूर्वी दिल्ली में रिहायशी इलाकों की गलियों से लेकर मुख्य मार्गों पर वर्षा का पानी जमा हुआ। दिल्ली भर में प्रमुख मार्गों पर १५० से अधिक स्थानों पर जलभराव की शिकायतें मिली। हालांकि, यह जलभराव अधिक देर के लिए नहीं रहा। वर्षा के आधे से एक घंटे में अधिकांश स्थानों से पानी निकल गया। जबकि, जाम के स्थान २०० से अधिक रहे।

सीलमपुर, शाहदरा मेट्रो स्टेशन के बाहर, ब्रह्मपुरी रोड, बाबरपुर सौ फुटा रोड, वजीराबाद रोड, एनएच-नौ की सर्विस लेन, स्वामी दयानंद मार्ग, शाहदरा जीटी रोड, यमुना विहार, बृजपुरी रोड समेत कई जगह वर्षा से जलराव हुआ। सड़कों पर इतना पानी भर गया कि कई वाहन बंद हो गए। इससे सड़कों पर जाम लग गया। लोग जलभराव में अपने वाहनों को धक्का लगाकर साइड करते हुए दिखाई दिए। सीलमपुर सर्विस रोड पर करीब तीन फुट पानी जमा हो गया। बैरिकेड लगाकर वाहनों के लिए रास्ता बंद करना पड़ा। जिस सड़क पर जलभराव हुआ, वहां लंबा जाम लगा। जलभराव से लोगों के मकानों व दुकानों में पानी भर गया। जिससे नाराज लोग निगम व पीडब्ल्यूडी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते दिखे।

दक्षिणी दिल्ली में कई स्थानों पर जलजमाव होने से यातायात प्रभावित रहा। संगम विहार, देवली, सैनिक फार्म व एमबी रोड पर पानी भर जाने से वाहनों की रफ्तार रुक सी गई। वहीं आउटर रिंग रोड पर मोदी मिल फ्लाईओवर से मथुरा रोड पर जसोला विहार तक जाम लगा रहा। आश्रम, मूलचंद, चिराग दिल्ली चौक पर भी वाहन रेंगते नजर आए।

## सावन का महीना शुरू मंदिरों में जुटी भीड़

**नई दिल्ली।** आज शुक्रवार से सावन का महीना शुरू हो गया है। सुबह से ही दिल्ली-एनसीआर के सभी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। सावन मास की शुरुआत से पहले ही राजधानी दिल्ली के प्रमुख शिव मंदिरों में भव्य सजावट का कार्य संपन्न हो गया है। गुरुवार देर रात तक मंदिरों को फूलों की मालाओं, रंग-बिरंगी झालरों और आकर्षक लाइटिंग से सजाया गया। चांदनी चौक स्थित गौरी शंकर मंदिर, झंडेवालान मंदिर, कालकाजी मंदिर, और उद्यानाथ मंदिर सहित कई प्रमुख शिवालयों में सजावट का विशेष प्रबंध किया गया। मंदिरों के गर्भगृह से लेकर परिसर के हर हिस्से को रोशनी और फूलों से सजाया गया, जिससे पूरे वातावरण में भक्तिमय माहौल बना रहा। मंदिर प्रबंधकों के अनुसार सावन के पहले सोमवार को भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है, ऐसे में श्रद्धालुओं को भक्ति और श्रद्धा का अनुभव कराने के लिए विशेष सजावट की गई।

# बलकटी से भाई हत्या करने वाला भाई गिरफ्तार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना धौलाना पुलिस ने धारदार हथियार से वार कर अपने मौसेरे भाई की हत्या करने वाले हत्यारोपी भाई को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि गुरुवार की देर शाम को धौलाना थाना क्षेत्र के गांव शेखपुर खिचरा में आरोपी सौरभ का अपने तहेरे भाई अमित के साथ शराब पीने के दौरान पैसे के लेन-देन को लेकर विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया कि सौरभ ने तहेरे भाई की गर्दन पर बलकटी से वार कर मौत के घाट उतार दिया था।

मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी और साक्ष्य इकठ्ठा कर आरोपी की तलाश में जुट गई थी। शुक्रवार को पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रहे हत्यारोपी भाई सौरभ पुत्र विजयपाल सिंह निवासी ग्राम मौहम्मदपुर खडलिया थाना सिम्भावली जनपद हापुड़ को शेखपुर खिचरा अड्डे के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल बलकटी बरामद की गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया की हत्या आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## किशोरी ने युवक पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप, विरोध करने पर की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के मोहल्ला निवासी महिला ने तीन भाईयों पर बेटी के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि शिकायत करने पर आरोपियों ने उसके भाई के साथ पिटाई कर घायल कर दिया। पीड़िता द्वारा महिला आयोग में दिए गए शिकायत पत्र पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

मोहल्ला निवासी महिला ने बताया कि वह मूल रूप से राजस्थान की रहने वाली है। उनका आरोप है कि उनकी नाबालिग बेटी के साथ मोहल्ला निवासी एक युवक छेड़छाड़ करता है। आए दिन रास्ते में उसकी बेटी का हाथ पकड़ लेता है। इसको लेकर उन्होंने शिकायत की आरोपी ने अपने दो भाईयों के साथ मिलकर उसके भाई को पीटकर घायल कर दिया। पीड़िता ने महिला आयोग में शिकायत पत्र भेजकर कार्रवाई करने की मांग की। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शीघ्र ही आरो. पियों को गिरफ्तार कर लिया

## बारिश ने खोली सफाई व्यवस्था की पोल, सरकारी दफ्तरों में भरा पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शुक्रवार को हुई कुछ ही देर की बारिश ने जिले की सफाई व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी। शहर के विभिन्न मार्गों के साथ-साथ कई सरकारी दफ्तर भी जलमग्न दिखाई दिए, जिन्होंने तालाब का रूप ले लिया।

बारिश के कारण स्वर्ग आश्रम रोड स्थित अग्निशमन विभाग का कार्यालय पानी से लबालब भर गया। इस दौरान कर्मचारियों को महत्वपूर्ण कागजात, फाइलें और दस्तावेज मेजों के ऊपर रखने पड़े ताकि वे भीगने से बच सकें। बारिश की वजह से पूरे शहर का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। नगर क्षेत्र के गोल मार्केट, न्यू कासिमपुरा, मीनाक्षी रोड, जवाहरगंज, रेलवे रोड जैसे प्रमुख इलाके पानी में डूब गए। इतना ही नहीं अतरपुरा के पास स्थित पुरानी कलेक्ट्रेट में स्थित महिला थाना और एसडीएम दफ्तर में भी पानी भर गया। इससे



फरियादियों, अधिकारियों और कर्मचारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह स्थिति नालों की समय पर सफाई न होने की वजह से पैदा हुई है। अभी तो यह बारिश की शुरुआत है और सावन का महीना आने वाला है। अगर शुरुआत में ही ऐसे हालात हैं, तो आने वाले समय में स्थिति और भी खराब हो सकती है जिससे निपटने के लिए प्रशासन को तुरंत कदम उठाने होंगे।

## जिला स्तरीय जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शुक्रवार को जिला खेल कार्यालय, खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में गढ़ रोड पर स्थित एलएन पब्लिक स्कूल में जिला स्तरीय जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता बालक-बालिका का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक श्वेता पूठिया के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपक्रीड़ा अधिकारी अरुणा द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची जिला विद्यालय निरीक्षक श्वेता पूठिया को पौधा भेंट कर और माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर एलएन पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य डा. आराधना और जिला बैडमिंटन उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने भी मुख्य अतिथि को बुक भेंट कर स्वागत किया।

प्रतियोगिता में अंडर-14 वर्ग एकल बालिका में प्रथम स्थान पर तनिष्का श्रीगति भयादेवी स्कूल, द्वितीय स्थान पर दीक्षा, तृतीय स्थान पर सोनाली और तान्या रहे। अंडर-14 वर्ग एकल बालक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर तनुष एम20 इन्टर नेशनल, द्वितीय स्थान पर अभिचच, अंडर-14 डबल्स विजेता में रिया और रिशिका, अंडर-17 वर्ग एकल बालिका प्रतियोगिता में विजेता दीक्षा, तनिष्का, राशि, दृष्टि, अंडर-17 डबल्स बालिका प्रतियोगिता में विजेता दीक्षा, राशि, दृष्टि, सिमरन, अंडर-17 वर्ग एकल बालक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आदित्य, द्वितीय स्थान पर शिवम



तृतीय स्थान पर कार्तिकय और नमन रहे। अंडर-17 डबल्स बालक प्रतियोगिता में तनुम और अभिनव विजेता रहे। प्रतियोगिता का समापन पंकज अग्रवाल बैडमिंटन उपाध्यक्ष और सुधीर गोयल पूर्व सांसद प्रति. निधि व राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी द्वारा किया गया। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पुनीत शर्मा पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी, सामेन्द्र सिंह शारीरिक शिक्षा, एसएसवी इंटर कॉलेज तनवीर सिंह मानदेय प्रशिक्षक, सचिन रावत, और गरिमा सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## सांप डसे तो झाड़-फूंक में न गवाएं समय: डा. दिनेश कुमार भारती

**रोबिन शर्मा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बरसात के मौसम में सांप के काटने पर झाड़-फूंक में समय बर्बाद न करें। अगर ऐसा किया गया तो सर्पदंश के शिकार व्यक्ति की मौत हो सकती है। अगर विषैले सांप के काटे जाने पर रोगी को यदि दो या तीन घंटे के अंदर एंटी वैनम का इंजेक्शन लग जाए तो रोगी को बचाया जा सकता है।

मानसून की दस्तक के बाद स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट हो गया है। एसीएमओ डॉक्टर दिनेश कुमार भारती ने बताया कि बारिश के मौसम में सांप के डसने की घटना अक्सर बहुत ज्यादा सामने आती है। ऐसे में लोग झाड़ फूंक में अपना



समय नष्ट कर देते है, जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए क्योंकि समय पर उपचार नहीं मिलने से रोगी की मौत हो सकती है। डा. दिनेश कुमार भारती ने कहा कि सरकारी अस्पताल में इसका बेहतर उपचार है। इसलिए जितना जल्दी हो रोगी को उपचार दिलाकर उसकी जान बचाई जाए।

## एक नजर

### राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत प्रशिक्षण देकर महिलाओं को बनाया जाएगा वित्तीय साक्षर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** अब महिलाओं को वित्तीय साक्षर बनाया जाएगा। राष्ट्रीय आजीविका मिशन से फाइनेंशियल लिट्रेसी कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन (एफएल सीआरपी) वित्तीय प्रबंधन के लिए स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को पाठ पढ़ाने का काम करेंगी। वह मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग तथा एटीएम आदि का ज्ञान कराकर साइबर ठगी से बचने की जानकारी दी जाएगी। शीघ्र ही इस पर कार्य शुरू हो सकेगा।

महिलाओं की स्वरोजगार की राह आसान करने के लिए राष्ट्रीय आजी. विका मिशन से क्षेत्र के अलग अलग गांवों में स्वयं सहायता समूह गठित हैं। इनमें महिला जुड़ी हैं। इससे जुड़ने के बाद महिलाएं अलग अलग रोजगार को कर रही है। मगर, स्वरोजगार के साथ कमाई के रुपयों का वित्तीय प्रबंधन करना बेहद जरूरी है, इसलिए महिलाओं के लिए वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम चलेगा। इसके लिए एफएल सीआरपी वित्तीय साक्षरता का कार्य करेंगी। एफएल सीआरपी माह में अलग अलग दों महिलाओं को वित्तीय साक्षरता का प्रशिक्षण देंगी।

### पिता-पुत्र के साथ मारपीट के मामले में जिला पंचायत सदस्य समेत चार पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** देहात थाना क्षेत्र के असौड़ा गांव में पिता-पुत्र पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने जिला पंचायत सदस्य अर्जुन समेत चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित सचिन सैनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 7 जुलाई की शाम को वह अपने चाचा जयपाल सैनी के साथ खेतों की ओर जा रहे थे। सागर होटल के पास होटल में काम करने वाले गौरव और उसके साथियों ने उनके साथ गाली-गलौज की और विरोध करने पर मारपीट की। चूंकि आरोपी मोहल्ले के ही थे, उस समय कोई कार्रवाई नहीं की गई। आरोप है कि 8 जुलाई की सुबह सचिन के बेटे हिमांशु पर हमला हुआ। जब हिमांशु खेतों की ओर जा रहा था तो चामंड मोहल्ले में तालाब के पास आरोपी नीरज और सोनू ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे। इसी दौरान जिला पंचायत सदस्य अर्जुन भी वहां आ गया। आरोप है कि नीरज, सोनू और अर्जुन ने हिमांशु को जान से मारने की धमकी दी और फरार हो गए। पुलिस ने सचिन सैनी की शिकायत के आधार पर गौरव, नीरज, सोनू और अर्जुन के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में मामला दर्ज किया है। कुछ अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### चैकिंग के दौरान दो संदिग्ध गिरफ्तार, तमंचा व चाकू बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** डीआईजी रेंज मेरठ कलानिधि नैथानी के निर्देशानुसार जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड नगर पुलिस ने चैकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थान से दो संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध हथियार बरामद किए हैं।

थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो संदिग्ध युवकों की चेकिंग की तो उनके पास से अवैध हथियार बरामद हुए। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के नगर पालिका से जान मौहम्मद उर्फ कालवा पुत्र मौहम्मद सरीफ निवासी फूलगढी थाना हापुड़ देहात जनपद हापुड़ को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। साथ ही थाना क्षेत्र के रेलवे रोड पर चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने करण पुत्र टेकचंद निवासी घास मंडी कस्बा व थाना पिलखुवा जनपद हापुड़ को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दोनों को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### शिव आराधना का महापर्व हुआ शुरू, जानिए शिव साधना से जुड़ी परंपराएं व पूजा विधि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढमुक्तेश्वर।** हिन्दू धर्म में सावन का महीना बहुत ही शुभ और पवित्र माना जाता है। जो कि कल यानि 11 जुलाई से शुरू हो गया है। जो कि 9 अगस्त तक चलेगा। सावन के महीन में शिवलिंग पर जलाभिषेक, रुद्राभिषेक करते हैं और कांवड़ यात्रा निकाली जाती है।

इस वर्ष सावन माह में चार सावन सोमवार व्रत रखे जाएंगे। पहला सोमवार व्रत 14 जुलाई को, दूसरा सावन सोमवार 21 जुलाई को, तीसरा सावन सोमवार 28 जुलाई को और चौथा सावन सोमवार 04 अगस्त को रहेगा। सावन माह में आने वाली शिवरात्रि का विशेष महत्व होता है। इस वर्ष सावन शिवरात्रि 23 जुलाई को मनाई जाएगी।

पंचांग के अनुसार श्रावण माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 23 जुलाई को सुबह 4 बजकर 39 मिनट से आरंभ होगी जो 24 जुलाई को सुबह 02 बजकर 28 मिनट तक रहेगी। सावन माह में आने वाले हर मंगलवार को मंगला गौरी व्रत रखा जाता है।

इस वर्ष सावन माह में 15, 22, 29 जुलाई और 05 अगस्त को मंगला गौरी व्रत रखा जाएगा। ऐसी मान्यता है कि सावन के महीने में भगवान शिव जल्द प्रसन्न होते हैं। सावन में शिवलिंग पर जलाभिषेक करने से सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। इस वर्ष सावन का पवित्र महीना 11 जुलाई से शुरू होकर 09 अगस्त तक चलेगा। इस बार सावन माह में चार सोमवार व्रत रखे जाएंगे। सावन सोमवार व्रत के दिन ब्रह्ममुहूर्त में उठकर स्नान कर शुद्ध वस्त्र धारण करना चाहिए। रुद्राभिषेक और रुद्राष्टक पाठ इस दिन विशेष पुण्यदायी माने जाते हैं।

## बारिश में नहाते समय तालाब में मासूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना देहात क्षेत्र के गांव सलाई में गुरुवार को बारिश में नहाने गए 9 वर्षीय मासूम आरिब पुत्र नोसेर मिन्ना तालाब में डूब गया। यह घटना गांव के पीर वाले तालाब में हुई, जहां बच्चा बारिश से खुश होकर खेलने गया था और बिना किसी को बताए नहाने के लिए तालाब में कूद गया।

मिली जानकारी के अनुसार के 9 वर्षीय मासूम आरिब को तालाब की गहराई का अंदाजा नहीं था और देखते ही देखते वह डूब गया।

मासूम के डूबने की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही थाना देहात प्रभारी विजय गुप्ता पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे



और ग्रामीणों के साथ मिलकर तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया। स्थानीय गोताखोरों और पुलिस टीम द्वारा तालाब में लगातार आरिब की तलाश की गई उसका कोई सुराग नहीं लग सका।

## नहर में कूदे व्यक्ति का नहीं लगा कोई सुराग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव बड्डा में नहर में कूदकर जान देने वाले व्यक्ति महेश निवासी गांव लाड़पुर का तीसरे दिन भी कोई सुराग नहीं लग सका है। परिजन ने अब नहर का पानी कम करने की अपील की है।

गांव निवासी महेश तीन दिन पूर्व मानसिक तनाव के चलते अपने घर से सिंभावली के गांव बड्डा पहुंचा गया। वहां उसने अपने भाई योदान सिंह को फोन कर नहर में कूदने की बात कहीं थी। तभी से उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। तीन दिन से निरंतर उनको तलाश कर रहे है। शुक्रवार को परिजन ने पुलिस का सहयोग लेते हुए नहर का पानी कम करने की मांग की है। पुलिस ने नहर सिंचाई विभाग से वार्ता कर पानी कम कराने की बात कहीं है।

### क्षेत्र में बिना लहसुन प्याज का मिलेगा खाना, सभी होटलों पर किए नोटिस चस्पा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** ब्रजघाट गंगा नगरी समेत कांवड़ मार्ग पर स्थित होटल ढाबों पर बिना लहसुन प्याज का खाना दिया जाएगा। इसको लेकर खाद्य आषौधि विभाग की टीम निगरानी करेगी, ताकि किसी भी प्रकार की परेशानी न हों।

कांवड़ यात्रा के दौरान जगह खाने को लेकर होने वाले विवाद के बाद स्थानीय गंगा नगरी समेत आस पास के कांवड़ मार्ग पर खुले ढाबे और होटलों पर मिलने वाले भोजन में में लहसुन प्याज नहीं मिलाया जाएगा। इसके अलावा सभी होटल ढाबों पर खाने की रेट लिस्ट को चस्पा करा दिया गया। इसको लेकर पुलिस ने भी शुक्रवार को सभी ढाबे और होटल पर जाकर खाने की जांच की है। खाद्य सुरक्षा औषघि विभाग के क्षेत्रीय अधिक. ारी सोवेंद्र सिंह ने बताया कि सभी होटल ढाबों की निरंतर जांच कराई जाएगी। इसके अलावा भंडारों में भी बनने वाले खाद्य सामग्री की जांच की जाएगी।

## पुलिस ने टूटते परिवार को बचाया, लोगों ने की प्रशंसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** साहब मैं पूरे दिन में करीब तीन से चार हजार रुपये कमा लेता हूं, घर में रसगुल्ले,बर्फी के अलावा फलों की कोई कमी नहीं है। पत्नी जो मांगती है उसको समय पर लाकर देता हूं उसके बाद भी पत्नी पड़ोसी के साथ जाने की बात कहती है। पीड़ित युवक की बात सुनकर पुलिस ने दंपित के बीच वार्ता कराते हुए परिवार को टूटने से बचा दिया। उसके बाद दोनों साथ रहने की सहमति कर घर लौट गए। इसके बाद वहां पर मौजूद लोगों ने थाना अध्यक्ष सुमित तोमर समेत पुलिस की प्रशंसा की।

गांव निवासी युवक ने बताया कि उसकी शादी को करीब चार साल हो गए। दो बच्चे भी है वह प्रतिदिन तीन से हजार रुपये कमा लेता हैं। उसने बताया कि उसको जानकारी मिली की उसकी पत्नी गांव निवासी एक युवक से बात करती और समय समय पर आ जाती है। पीड़ित ने बताया कि अब उसने पत्नी को रंगेहाथ पकड़ लिया तो पत्नी ने साथ रहने से मना कर दिया। पीड़ित थाने पहुंचा और कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने दोनों के बीच वार्ता कराते हुए उनका मतभेद खत्म करा दिया। उसके बाद उन्होंन जीवन भर साथ रहने की बात कहीं और दूसरे युवक से बात नहीं करने की बात कहीं। उसके बाद दोनों घर चले गए।

## कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस ने की विशेष तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हाफिजपुर थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने हर साल की तरह इस बार भी कांवड़ यात्रा को लेकर बड़ी तैयारियां की हैं। थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने आस्था की इस कांवड़ यात्रा के लिए कुछ खास और अलग तरह की तैयारियां की हैं। इस बार हरिद्वार से जल लेकर आने वाले सभी कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था पर ड्रोन कैमरे से निगरानी रखने का फैसला लिया गया है। इसके अलावा, जगह-जगह सड़कों पर कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए कैमरे भी लगाए गए हैं, जिनके जरिए उनकी सुरक्षा का विशेष ख्याल रखा जाएगा। इससे पहले भी हाफिजपुर थाना प्रभारी आशीष कुमार कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर चर्चा में रहे हैं और




उन्होंने कांवड़ियों सहित आम नागरिकों का भी खूब मन जीता है। थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने बताया कि सावन के महीने में आस्था की कांवड़ को लेकर भोले भक्तों का विशेष ध्यान रखा जाता हैं। कावड़ यात्रा को सकुशल संपन्न करने के लिए सभी तैयारियां पहले ही पूरी कर ली गई हैं। कांवड़ियों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो इसको लेकर कांवड़ियों के ठहरने के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं और उनकी सुरक्षा को लेकर जगह-जगह पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत जनपद के मौहल्ला देशराज निवासी मुस्लिम समाज के लोगों ने शुक्रवार को जामुन, सिसम व नीम के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस मौके पर युवा सदर तसलीम राजपुत व चौधरी साजिद ने कहा कि पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि उन्हें संरक्षित करना भी हम सबकी जिम्मेदारी है। जितने अधिक वृक्ष लगाए जाएंगे, आने वाली पीढ़ियों को उतना ही सुरक्षित भविष्य मिलेगा। उन्होंने कहा कि योगी सरकार द्वारा एक ही दिन में 35 करोड़ वृक्ष लगाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया जा रहा है, जो पर्यावरण सुरक्षा के प्रति प्रदेश




की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने मौहल्ले वासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक फलदार और छायादार वृक्ष लगाएं और उनकी देखभाल करें, ताकि यह अभियान केवल एक दिन का न रह जाए, बल्कि जन आंदोलन बन जाए। इस अवसर पर युवा सदर तसीम राजपुत, चौ. साजिद, मौ. जाहिद, चौ. इकबाल व चौ. यामिन आदि उपस्थिति रही।

## लोन लेने के चक्कर में खुद दरोगा हो गए साइबर ठगो के शिकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** मुद्रा लोन लेने के लिए डाउनलोड किए गए एप से थाने में तैनात दरोगा को ठगी का शिकार होना पड़ गया। ठगी होने की जानकारी पर पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

थाने में तैनात दरोगा श्रीकृष्ण ने बताया कि उन्होंने अपने फोन में प्रधानमंत्री मुद्रा लोन एप को डाउनलोड किया था। उसके डाउनलोड होने के बाद उनके फोन पर एक युवती का फोन आया और उसने एप के बारे में जानकारी दी। उसके बाद युवती ने एप चालू रखने के लिए दो हजार रुपये का खर्चा बताया।

उन्होंने उनको दो हजार रुपये डाल दिए। उसके बाद उनको चार लाख रुपये का लोन पास होने की जानकारी दी गई। इसके बाद उसने बीमा करने के लिए भी अलग अलग समय में कुल 13200 रुपये अपने खाते में डलवा लिए।

उसके बाद उनको ठगी का अहसास हुआ। पीड़ित दरोगा ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दहेज के लिए महिला को मारपीट कर घर से निकालने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** ब्रजघाट क्षेत्र के गांव अल्लाबख्शपुर निवासी महिला को दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने उसको घर से निकाल दिया। पीड़िता के पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी सिराजुद्दीन ने बताया कि उसकी बेटी रहनुमा का निकाह जनपद अमरोहा के धनौरा क्षेत्र निवासी युवक से छह वर्ष पूर्व हुआ था। निकाह में उसने अपनी हैसियत अनुसान दान दहेज दिया। दिए गए दान दहेज से ससुराल पक्ष के लोग खुश नहीं हुए। आए दिन बेटी का उत्पीड़न करने लगे। पीड़ित ने बताया कि पिछले दिनों आरोपियों ने उसकी बेटी को पीटकर घर से निकाल दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# चोरी करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

## मुठभेड़ में पुलिस पर किया फायर, होंडा सिटी, आधा किलो जूलरी, दो लाख कैश मिला, जेल में बनाया गैंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने 100 से अधिक चोरी की घटना कर चुके तीन बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया। इनके नाम संजीव कुमार यादव उर्फ फौजी, अमन बग्गा और सर्वपाल सिंह है। गैंग का सरगना संजीव कुमार है। इस पर 31 मुक. दमा दर्ज है। तीनों को मिलाकर दिल्ली एनसीआर के थानों में 100 से ज्यादा मुकदमे है। इनके पास से एक घड़ी (एपल), आधा किलो पीली धातु, 2 लाख रुपए कैश, होंडा सिटी कार और अन्य सामान मिला है। ये पॉश सोसाइटी और सेक्टर में बंद मकानों का ताला तोड़कर चोरी करते है।



एडीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि गुरुवार रात को सेक्टर 35 की तरफ पुलिस चेकिंग कर रही थी। अंडरपास की तरफ से एक होंडा सिटी कार आती दिखी। रुकने का इशारा करते ही कार सवार तीनों ने पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस पार्टी की सरक. ारी गाडी में गोली जाकर लगी। कार सवार बदमाशों ने सेक्टर 33 के पीछे गन्दे नाले वाली सड़क पर कार को तेजी से दौडा दिया। पुलिस पार्टी ने करीब एक किमी तक पीछा किया। बदमाशों की कार डिस्बैलेंस होकर नाले की दीवार से टकराकर बंद हो गई। अपने को घिरता हुआ देख कार से नीचे उतरकर दोबारा पुलिस पर फायर किया। पुलिस नम फायर किया जिसमें एक बदमाश संजीव कुमार उर्फ फौजी को गोली लगी। इसकी उम्र करीब 29 साल है। कांबिंग के दौरान अमन बग्गा और सर्वपाल को गिरफ्तार किया। सर्वपाल की उम्र करीब 54 साल है। पूछताछ करने के बाद सामने आया कि इन तीनों ने मिलकर ताबड़तोड़ चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है।

**कैसे करते थे चोरी:** एडीसीपी ने बताया कि तीनों होंडा सिटी कार से पॉश सोसाइटी और सेक्टर में प्रवेश करते है। इसके बाद वहां बंद पड़े मकानों की रेकी करते है। एक बदमाश कार में रहता है। बाकी दोनों फ्लैट का ताला तोड़कर आराम से चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो जाते है। सीसीटीवी फुटेज में तीनों की फुटेज भी है। जिसमें ये चोरी कर सामान लेकर फरार हो रहे है। हाल में तीनों ने सेक्टर-12 और 20 में चोरी की घटना को अंजाम दिया।

**दिल्ली की जेल में बनाया गैंग:** पूछताछ में तीनों ने बताया कि हम तीनों जिसमें संजीव बिहार का रहने वाला है, अमन पंजाब और सर्वपाल हरियाणा का रहने वाला है। तीनों दो साल पहले दिल्ली कह जेल में बंद थे। वहीं पर तीनों की दोस्ती हुई। वहीं पर गैंग बनाया और चोरी करने की योजना बनाई। जेल से बाहर निकलकर तीनों ने दिल्ली, हरियाणा, नोएडा व गाजियाबाद में चोरी की घटनाएं की। अभी हाल ही में तीनों ने मिलकर नोएडा में अलग अलग जगह चोरी की घटनाएं की है।

**100 से ज्यादा कर चुके चोरी:** इन तीनों ने पूछताछ में बताया कि अब तक दिल्ली एनसीआर में 100 से ज्यादा चोरी की घटनाएं कर चुके है। इनमें संजीव पर 31 मुकदमे, अमन पर 13 और सर्वपाल पर 28 मुकदमे दर्ज है। इन तीनों का रिकार्ड बिहार, दिल्ली और हरियाणा के अलग-अलग शहरों में भेजा जा रहा है। जानकारी मिलेगी कि इनके ऊपर और कितने मुकदमे दर्ज है।

# सावन शुरू होते ही शिवालयों में भीड़ उमड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सावन के पवित्र महीने की शुक्रवार से शुरुआत हो गई। पहले दिन मंदिरों और शिवालयों में सुबह से भगवान भोलेनाथ की पूजा और जलाभिषेक के लिए भीड़ रही। शिवालयों और मंदिरों में हर-हर महादेव और बोल बम की गूंज सुनाई दी। जिले भर के मंदिरों को सावन के उपलक्ष्य पर लाइटों और फूलों में सजाया गया है। इस सावन मास में चार सोमवार होंगे। नौ अगस्त को खत्म होगा। शुक्रवार को सावन शुरू होते ही शहर के सेक्टर-19 सनातन धर्म मंदिर, सेक्टर-11 शिव मंदिर, सेक्टर-22 शिव मंदिर, सेक्टर-20 हनुमान मंदिर में लोगों ने विधि-विधान से पूजा की।



भक्तों ने दूध, दही, घी, जल, शहद, बेलपत्र, फल और पुष्प चढ़ाए और आशीर्वाद मांगा। मंदिरों में घंटी, घड़ियाल, शंख और झालर के बीच भोलेनाथ के उदघोष से माहौल भक्तिमय बना रहा। सेक्टर-19 सनातन धर्म मंदिर के पूजारी हरेंद्र नाथ ने बताया कि कई लोगों ने पंडितों की मौजूदगी में शिव महाभिषेक किया। महामृत्युंजय के जाप हुए और रुद्राभिषेक किया गया। उन्होंने बताया कि सावन मास में एक महीने तक हर दिन शिव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना होगी।

हर सोमवार को सामूहिक रुद्राभिषेक किया जाएगा। सेक्टर- 20 स्थित श्रीहनुमान मंदिर में शिवलिंग को फूलों से सजाकर महाआरती की गई। मंदिर समिति के सचिव संदीप ने बताया कि पहले दिन भोलेनाथ का फूलों से श्रृंगार किया गया। महाआरती के बाद शंखनाद किया गया। मंदिर में भक्तों ने भगवान का जलाभिषेक किया। उन्होंने बताया कि मंदिर में प्रत्येक सोमवार भजन-कीर्तन के साथ रुद्राभिषेक किया गया। सेक्टर - 62 रजत विहार सी ब्लॉक स्थित शिवशक्ति मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। मंदिर परिसर के पास पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए हैं। कांवड़ शिविर की तैयारी शुरू शहर में कई स्थानों पर कांवड़ शिविर की तैयारियां शुरू हो गई हैं। हालांकि, अब तक शिवभक्तों की संख्या काफी कम है। बाद में इनकी संख्या बढ़ेगी। सावन के पहले दिन कांवड़ लेने के लिए निकलने वाले शिव भक्तों ने शहर के शिवालयों में भगवान शिव के दर्शन किए।

# पुलिस की बदमाश से मुठभेड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में राह चलते लोगों को तमंचा दिखाकर डरा धमकाकर उनसे मोबाइल फोन और पैसे छीनने वाले एक गिरोह के शातिर बदमाश को आज पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के कब्जे से 1 अवैध तमंचा मय कारतूस, एक मोबाईल फोन छिना हुआ व चोरी की मोटर साइकिल आदि बरामद हुआ है। मुठभेड़ के दौरान घायल अभियुक्त को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। इस बदमाश के खिलाफ एनसीआर के विभिन्न थानों में 13 मुकदमें पंजीकृत है।



एडीसीपी नोएडा सुमित कुमार शुक्ला ने बताया कि थाना सेक्टर-58 पुलिस द्वारा आज सेक्टर-62 के पास चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक मोटर साइकिल सवार व्यक्ति सामने से आता दिखाई दिया। जिसको पुलिस द्वारा रूकने का ईशारा किया गया लेकिन वह नहीं रूका, और वह भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम द्वारा उक्त बाईक सवार का पीछा किया गया तो मोटर साइकिल सवार डिवाइडर से टकराने के बाद गिर गया। उसने अपने आप को घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। उन्होने बताया कि पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी कार्रवाई में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। घायल अभियुक्त की पहचान अंकित तिवारी पुत्र अवधेश तिवारी निवासी दीपक विहार खोडा कालोनी गाजियाबाद के रूप में हुई है।

उन्होंने बताया कि पूछताछ में अभियुक्त अंकित तिवारी ने बताया कि वह मोटर साईकिल चुराकर नोएडा के विभिन्न सेक्टरों में राह चलते व्यक्तियों को तमंचा दिखाकर डरा धमकाकर उनसे मोबाइल फोन और पैसे छीनने का काम करता है। बरामद मोबाइल फोन इसी मोटर साईकिल पर सवार होकर कुछ दिन पहले ही ग्राम विशनपुरा सेक्टर-58, नोएडा से राह चलती एक लडकी से छीना था। वहीं बरामद मोटर साइकिल को मैंने लगभग 3 माह पूर्व दिल्ली से चोरी की थी।

# सीसीटीवी कैमरों से होगी कांवड़ यात्रा की निगरानी

**नोएडा।** कांवड़ यात्रा को लेकर रूटों पर लोहे के खंभों पर पॉलिथीन लगाने के बाद बिजली विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को इसका निरीक्षण किया। वहीं पांच कांवड़ चौकियां भी बनाई गई हैं। साथ ही सीसीटीवी कैमरों से भी नजर रखी जाएगी। कांवड़ यात्रा का रूट प्लान तैयार किया गया है।

बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता प्रवीण कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बिसरख मोड़ से लेकर दादरी कोतवाली क्षेत्र के जीटी रोड स्थित चिटहेरा गांव तक कांवड़ मार्ग पर पांच सौ बिजली के खंभे लगे हैं। सड़क के किनारे कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर भी हैं। ट्रांसफार्मर को बैरिकेड तथा खंभों पर रबड़ प्लास्टिक लगाकर कवर्ड किया गया है जिससे भोले के भक्तों को बिजली के कारण से कोई परेशानी न हो सके। बिजली व्यवस्था को लेकर भी विभाग ने तैयारी कर ली है। बरसात होने पर खंभों में करंट न आ सके, इसके लिए विभाग के मुख्य अभियंता एसएम गर्ग, रितेश आनंद समेत अन्य अधिकारियों ने निरीक्षण किया और निर्देश दिए कि समय रहते अधिकारी व कर्मचारी सतर्कता बरतते रहें।

# आवासीय भूखंड योजना में 276 आवेदकों का भाग्य चमका




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास आवास बनाने का सपना देख रहे 54225 लोगों की किस्मत का फैसला शुक्रवार हो गया। आवासीय भूखंड योजना में सिर्फ 276 लोगों का भाग्य ही चमका, जबकि शेष का ड्रॉ बॉक्स में ही कैद होकर रह गया। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने 21 अप्रैल को सेक्टर-18 के पॉकेट 9बी में 200 वर्गमीटर के 274 आवासीय भूखंडों की योजना शुरू की थी। करीब एक माह तक चली आवे. दन प्रक्रिया में 54289 आवेदन प्राप्त हुए थे। तीन जुलाई तक प्राधिकरण ने प्राप्त आवेदनों का सत्यापन किया, जिनमें 64 आवे. दनों में गड़बड़ी मिली थी।

इनमें कई आवेदकों के कागज पूरे नहीं थे, जबकि कुछ में अन्य गड़बड़ी सामने आई थीं। आपत्तियों का निस्तारण कर चार जुलाई को 54225 आवेदक की सत्यापित सूची का प्रकाशन किया गया। शुक्रवार को इंडिया एक्सपो मार्ट में इन सभी लोगों के भाग्य का फैसला हो गया। एक्सपो मार्ट में सुबह 10 बजे ड्रॉ प्रक्रिया शुरू हुई, जो करीब सात घंटों तक चली।

स्कूली बच्चों के हाथों से पर्ची निकलवाने का क्रम शुरू किया गया, जो शाम पांच बजे तक जारी रहा। ड्रॉ प्रक्रिया हाईकोर्ट के तीन सेवानिवृत्त न्यायधीश के पैनल की मौजूदगी में हुई।

चुने गए आवेदकों को 60 दिनों में भुगतान करना होगा ड्रॉ में चुने गए आवेदकों को 60 दिनों के भीतर भूखंड की पूरी कीमत का भुगतान करना होगा। 61वें दिन से जुर्माने का प्रावधान है। ड्रॉ से भूखंड प्राप्त करने वाले आवंटियों को सप्ताहभर में आवंटन पत्र डाक के जरिए दर्ज कराए गए पते पर भेज दिए जाएंगे। वहीं, जिन लोगों का भूखंड नहीं निकल पाया है, उन्हें तीन कार्यदिवस में जमा की गई 10 फीसदी रकम खाते में वापस भेजी जाएगी।

## एक नजर

### फ्लैट का ताला तोड़कर गहने-नगदी चुराई

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** पत्नी के साथ अल्मोड़ा गए व्यक्ति के सेक्टर-19 स्थित किराये के फ्लैट के दरवाजे की कुंडी तोड़कर बदमाश नगदी और गहने समेत अन्य सामान चुरा ले गए। घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने मामले की शिकायत सेक्टर-20 थाने की पुलिस से की। शिकायत में विपुल गुप्ता ने बताया कि वह मूलरूप से देवबंद के रहने वाले हैं। बीते चार जुलाई को विपुल पत्नी के साथ अल्मोड़ा गए थे। छह जुलाई को रात ढाई बजे के करीब विपुल वापस आए तो फ्लैट के दरवाजे का कुंडा टूटा था। फ्लैट से 15 हजार रुपये, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच और पत्नी के गहने समेत अन्य कीमती सामान गायब था। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### टीकाकरण के लिए किया जागरूक

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** महिला उन्नति संस्था ने शुक्रवार को कासना स्थित अमीचंद इंटर कॉलेज में जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया। इस दौरान एचपीवी वैक्सीन के बारे में जानकारी दी गई। टीकाकरण के लिए भी प्रेरित किया गया। संस्था महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए अभियान चला रही है। इसके तहत 9 से 15 वर्ष तक की लड़कियों को वैक्सीन लगवाने के लिए जागरूक कर रही है। इस दौरान डॉ॰ वंदना सिंह ने सर्वाइकल कैंसर के लक्षण, कारण और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के कोई भी लक्षण महसूस होने पर तुरंत जांच कराएं।सही समय पर बीमारी की पहचान कर इसके खतरे से बचा जा सकता है।

### ढाबे के दो कर्मचारियों में विवाद

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में एक ढाबे पर काम करने वाले दो कर्मचारियों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि एक कर्मचारी ने दूसरे पर लोहे के पंच से हमला कर दिया। घायल कर्मचारी दीपू को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। घटना गुरुवार रात की है। दीपू ने बताया कि वह रोज की तरह ढाबे पर काम कर रहा था। इसी दौरान उसके सहकर्मी से किसी बात पर कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसी बात से गुस्साए सहकर्मी ने उस पर लोहे के पंच से हमला कर दिया। हमले में दीपू के सिर, कंधे और शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई। परिजन उसे तुरंत अस्पताल ले गए। स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद शुक्रवार को दीपू ने कोतवाली दनकौर में शिकायत दर्ज कराई। दीपू का कहना है कि आरोपी हरियाणा का रहने वाला है और दनकौर में रहकर उसी ढाबे पर काम करता है। उसका आरोप है कि सहकर्मी पहले से उससे रंजिश रखता था और इसी कारण उसने हमला किया। पुलिस ने कहा कि शिकायत के आधार पर जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### किसान महापंचायत की तैयारी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के आह्वान पर 30 जुलाई को होने वाली किसान महापंचायत की तैयारियां जोरों पर हैं। इसी संदर्भ में शुक्रवार को सलारपुर दनकौर में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। बाबा उदयवीर की अध्यक्षता और सुभाष सिलारपुर के संचालन में हुई इस बैठक में किसानों ने अपनी समस्याएं रखीं। अर्जुन प्रधान ने बताया कि गांव में लंबे समय से बारात घर की समस्या है। बिजली के ट्रांसफार्मर जलने पर भी उन्हें नहीं बदला जाता। ग्रामीण बिजली घर के चक्कर लगाते रहते हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती। प्रताप कसाना ने बताया कि प्राधिकरण ने अभी तक 7 प्रतिशत के प्लॉट नहीं दिए हैं। योगेश नागर और सुनील ने कहा कि यमुना प्राधिकरण ने गांव की आबादी का निस्तारण नहीं किया है। प्राधिकरण की तोड़फोड़ की धमकी के कारण लोग भय में जी रहे हैं। ग्रामीणों ने घोषणा की है कि 30 जुलाई को वे हजारों की संख्या में ट्रैक्टर-ट्रॉली से गलगोटिया यूनिवर्सिटी अंडरपास

# सोसाइटी के बाहर सड़क की हालत खराब

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-3 स्थित पंचमुखी जनता फ्लैट तक जाने वाले मार्ग की हालत खराब है। इसके कारण लोगों को घरों तक जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शैलेंद्र शर्मा ने बताया कि सोसाइटी तक आने वाले मुख्य मार्ग में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। बरसात में सड़क पर जलभराव होने से वाहन चालक परेशान हैं। कई बार पानी भरने के कारण गड्ढे का पता नहीं चलने पर दो पहिया वाहन चालक हादसे का शिकार हो चुके हैं। सोसाइटी में 600 परिवार रहते हैं, जो सड़क जर्जर होने से परेशानी झेलने के लिए मजबूर हैं। प्राधिकरण के अधिकारियों से शिकायत करने पर अधिकारी सर्वे करने के बाद भी सड़क का कार्य शुरू नहीं करा रहे।

# शहजाद की हत्या करने वाले को आजीवन कारावास, जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिला न्यायालय ने एक युवक की हत्या के मामले में आरोपी लोकेंद्र को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषी पर 60,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में उसे आठ माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। यह फैसला प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सोमप्रभा मिश्रा की अदालत ने सुनाया।




एडीजीसी धर्मेंद्र जैंत के अनुसार यह मामला दनकौर कोतवाली क्षेत्र के राजपुर कला गांव का है। 15 दिसंबर 2011 को गांव निवासी शहजाद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस वारदात का आरोप लोकेंद्र और उसके साथियों पर लगा था। पुलिस जांच में यह सामने आया कि लोकेंद्र ने शहजाद की हत्या अवैध संबंधों का विरोध करने के चलते की थी।

**दाखिल हुई थी चार्जशीट:** घटना के बाद पुलिस ने लोकेंद्र और उसके एक साथी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले की गहन जांच के बाद पुलिस ने अदालत में चार्जशीट दाखिल की। न्यायालय ने विस्तृत सुनवाई के बाद लोकेंद्र को दोषी ठहराया और उसे कठोर सजा सुनाई। यह फैसला पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# ग्रामीण तबके के युवाओं को गांव में ही मिलेगी लाइब्रेरी की सौगात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गांव-गांव में शिक्षा का उजियरा फैलाने के लिए प्रदेश सरकार के द्वारा अनेकों कार्य कराए जा रहे हैं। जिससे सभी को शिक्षा का अधिकारी मिले और शिक्षा उजियारा तेजी से फैले। इसी को देखते हुए सरकार के द्वारा गांव-गांव में बाल एवं किशोर डिजिटल पुस्तकालय की स्ध्थापना कराई जा रही है। योजना के तहत गौतमबुद्ध नगर में 70 ग्राम पंचायतों का चयन हुआ है। पहले चरण में 35 ग्राम पंचायत में लाइब्रेरी की स्ध्थापना होगी। जहां पर छात्रों को किताबों के साथ ही वाइफाई की सुविधा भी निशुल्ध्क मिलेगी।

डिजिटल पुस्तकालय की स्थापना हेतु क्रियान्वयन समिति की बैठक में डीएम मनीष कुमार वर्मा ने कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। पुस्तक चयन, फर्नीचर एवं आईटी उपकरणों की गुणवत्ता, समयबद्ध क्रियान्वयन, मॉनिटरिंग एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निर्णय लिया गया कि पुस्तकालयों के संचालन हेतु पंचायत सहायक/डाटा एंट्री ऑपरेटर की सहायता ली जाएगी, जबकि ग्राम प्रधान एवं सचिव क्रियान्वयन की निगरानी करेंगे। ग्राम पंचायतों में पहले चरण में डिजिटल पुस्तकालय विकसित किए जाएंगे, जिनमें ई-पुस्तकों, बाल साहित्य, शैक्षिक विडियो, प्रतियोगी परीक्षाओं की सामग्री और इंटरनेट सुविधा से युक्त काउंटर स्थापित किए जाएंगे।

# हैबतपुर के डूब क्षेत्र में चला ग्रेनो प्राधिकरण का बुलडोजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने हैबतपुर के डूब क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ शुक्रवार को बुल्डोजर चलाया। प्राधिकरण ने करीब 30 हजार वर्ग मीटर डूब एरिया को अतिक्रमण से मुक्त करा लिया है। हिंडन के किनारे काला. नाइजरों से जमीन लेकर लोगों ने घर बना लिए थे, जिसे एनजीटी के आदेश पर ग्रेनो प्राधिकरण ने तोड़ दिया।



दरअसल, डूब क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए एनजीटी ने सिंचाई विभाग से कार्रवाई कर रिपोर्ट मांगी थी। प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में होने के नाते ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण व सिंचाई विभाग ने पुलिस के सहयोग से यह कार्रवाई की। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक एके सिंह ने बताया कि ग्राम हैबतपुर के खसरा संख्या 209, 210, 211, 212, 213 और 217 की जमीन हिंडन नदी के डूब क्षेत्र में आता है। डूब क्षेत्र होने के बावजूद कालोनाइजर चोरी-छिपे प्लॉटिंग कर रहे हैं। शिवम एंक्लेव के नाम से अवैध कालोनी बसा रहे थे। दूरदराज से रोजगार की तलाश में आने वाले लोग घर की चाहत में इन कालोनाइजरों से जमीन खरीदकर निर्माण कर लिए थे। इन लोगों को प्राधिकरण की तरफ से नोटिस भी जारी अतिक्रमण हटाने को कहा गया था, लेकिन कोई असर नहीं पड़ा। एनजीटी के आदेष पर प्राधिकरण के परियोजना विभाग के वर्क सर्किल एक के प्रभारी प्रभात शंकर के नेतृत्व में सिंचाई विभाग व पुलिस के सहयोग से अवैध निर्माण को ढहा दिया गया। इस कार्रवाई में 10 से अधिक निर्मित घर और दो दर्जन बाउंड्री वॉल को तोड़ दिया गया। सुबह करीब 5.30 से कार्रवाई शुरू हुई और तीन घंटे तक चली। इस कार्रवाई में 5 जेसीबी और 3 डंफरों का इस्तेमाल किया गया। अतिक्रमण हटाने के दौरान महाप्रबंधक एके सिंह और प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक प्रभात शंकर के अलावा वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार निम, वरिष्ठ प्रबंधक विनोद शर्मा, पुलिस अफसर दीक्षा सहित प्राधिकरण की टीम और बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

> ग्रेनो प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने अतिक्रमण करने वाले को चेतावनी दी है कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अधिसूचित एरिया में अनुमति के बिना या फिर बिना नक्शा पास कराए बिना अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, फिर वह एरिया चाहे डूब क्षेत्र ही क्यों न हो। एसीईओ ने लोगों से भी अपील की है कि ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें। अवैध कॉलोनी में अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं।

# ग्रेटर नोएडा में श्मशान घाट तक पहुंचने का संकट खत्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना विकास प्राधिकरण ने रीलखा गांव के श्मशान घाट तक जाने वाले रास्ते के निर्माण का टेंडर जारी कर दिया है। यह कदम किसान एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान की मांग पर उठाया गया है।

प्रधान ने गुरुवार को प्राधिकरण के महाप्रबंधक को पत्र सौंपा था। इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को टेंडर जारी कर दिया गया। रास्ते पर पत्थर डालने का काम भी शुरू हो गया है।वर्तमान में श्मशान घाट तक जाने का रास्ता बेहद खराब स्थिति में है। गड्ढे और कीचड़ के कारण अंतिम संस्कार के लिए शव ले जाने में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

हाल ही में एक ऐसी ही घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसमें ग्रामीण कीचड़ भरे रास्ते से शव ले जाते दिखाई दे रहे थे।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# कांवड़ मेले में न रहे किसी प्रकार की कोई कमी:जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने पूरा महादेव मंदिर पहुंच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पूरा महादेव का भी निरीक्षण किया, जिसमें फार्मासिस्ट नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने मंदिर परिसर में बैरिकेडिंग, साफ-सफाई आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मंदिर कमेटी को भी आवश्यक निर्देश दिए।



इस दौरान जिलाधिकारी ने कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराए जाने को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ पूरा महादेव मंदिर परिसर पर मेले की तैयारियों के संबंध में बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि कांवड़ यात्रा से संबंधित किसी भी शिवभक्त को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। कांवड़ यात्रा को सरल और सुगम बनाए जाने के लिए संबंधित अधिकारी कटिबद्ध रहें। उन्होंने कहा कि कांवड़ मार्ग पर विद्युत पोलों पर पन्नी अवश्य लग जाए जहां भी अभी कार्य शेष है और प्रत्येक स्थान पर डेंजर साइनेज अवश्य लगे। जो ट्रांसफार्मर रखे हैं, उनके चारों तरफ मजबूत बैरिकेडिंग हो जानी चाहिए। मोबाइल ट्रांसफार्मर की व्यवस्था भी अवश्य रहे। उन्होंने कहा कि जो शिविर संचालक अस्थाई विद्युत कनेक्शन लेना चाहते हैं, उन्हें समय से विद्युत कनेक्शन उपलब्ध करा दिया जाए। इसमें कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कांवड़ मार्ग पर साफ-सफाई के निर्देश दिए। जिला पंचायत को निर्देशित किया कि मजबूत बैरिकेडिंग के साथ विद्युत व्यवस्था भी रहे और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर जिन गांवों से कांवड़ यात्रा निकल कर जाएगी। पंचायत राज विभाग सुनिश्चित करे कि उन गांवों में प्रत्येक पोल पर विद्युत लाइट अवश्य लगी हो। सड़क व्यवस्थित तरीके से हो, प्रकाश व्यवस्था, पानी, सड़क सुरक्षा, साफ-सफाई, चिकित्सा आदि की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी से कहा कि पानी के टैंक, मोबाइल टॉयलेट मेला परिसर में लगे हों और साफ-सफाई के लिए 24 घंटे कर्मचारियों की डयूटी रहनी चाहिए। सभी हैंडपंप सुचारू अवस्था में चलते रहें। कांवड़ मार्ग के दोनों तरफ की झाड़ियां अवश्य कट जानी चाहिए। जिलाधिकारी ने कांवड़ मार्ग व मेला परिसर में साइनेज बोर्ड लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक ही डिजाइन के साइनेज लगे होने चाहिएं। उन्होंने खाद्य सुरक्षा विभाग को निर्देशित किया कि मेले में जो भी दुकानें लगाई जाएंगी, उन पर खाद्य सामग्री की रेट लिस्ट अवश्य लगी हो और समय-समय पर निरीक्षण होता रहे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी तैनात रहें। कांवड़ मार्ग पर मांस-मछली की दुकानें नहीं खुलेंगी। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि कांवड़ मार्ग पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाए जाएं। जहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैं, उनके अलावा अस्थाई स्वास्थ्य केंद्र भी बनाए जाएं ताकि शिवभक्तों व श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने पार्किंग की व्यवस्था को भी अच्छे से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पार्किंग व्यवस्था में उचित प्रकाश व्यवस्था भी होनी चाहिए। स्थाई बस अड्डा बनाए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, मेला मजिस्ट्रेट भावना सिंह सहित संबंधित एसडीएम एवं समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## व्यक्ति ने ई-रिक्शा चालक पर बरसाय थप्पड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के गौरीपुर मोड़ पर एक ई-रिक्शा चालक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। एक व्यक्ति ने ई-रिक्शा चालक को थप्पड़ों से पीटा। घटना के दौरान मौके पर कई लोग मौजूद थे, लेकिन किसी ने भी पीड़ित की मदद नहीं की।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि आरोपी लगातार ई-रिक्शा चालक को थप्पड़ मार रहा है। पुलिस के पहुंचने की सूचना मिलते ही आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि गौरीपुर मोड़ पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस कर्मियों की तैनाती रहती है। इसके बावजूद यह घटना घटी, जो अब चर्चा का विषय बन गई है।

## युवती से छेड़छाड का विरोध करने पर आरोपियों ने घर की छत से किया पथराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिंघावली अहीर।** थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पड़ोस की दुकान से सामान लेने गई युवती के साथ वहां मौजूद कुछ युवकों ने छेड़छाड़ की और अश्लील हरकतें की।

युवती ने इसकी जानकारी अपने भाई को दी। जब भाई ने युवकों से इस बारे में शिकायत की, तो उन्होंने दुकान में घुसकर उसके साथ मारपीट कर दी। इस हमले में युवक की आंख में गंभीर चोट लगी। पीड़ित परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने घर की छत से पथराव शुरू कर दिया। इस हमले में कई लोग घायल हुए। लोगों को अपनी जान बचाने के लिए छिपना पड़ा। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

पीड़िता की बहन ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने घायल को पहले पिलाना सीएचसी और फिर बागपत जिला अस्पताल रेफर किया। थाना प्रभारी के अनुसार, युवती के परिवार की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## हादसे में घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत, मुआवजे की मांग





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** कोतवाली क्षेत्र के गांव खेड़ा हटाना सुल्तानपुर में पिछले दिनों बरसात के कारण या अन्य किसी आपदा के कारण रोशन लाल प्रजापत का दो मंजिला मकान भरभराकर गिर गया था जिसमें जिसमें 9 मवेशियों की मलबे में दबकर मौत हो गई थी। कई अन्य पशु घायल हो गए थे। यह क्षेत्र में बड़ा हादसा हुआ था। हादसे में कई लोग घायल हुए थे। मकान मालिक रोशन लाल प्रजापत गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसका उपचार चल रहा था। शुक्रवार को रोशनलाल प्रजापति की उचार के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस के साथ मिलकर उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, मुआवजे की मांग को लेकर जिलाधिकारी अस्मिता लाल से वरिष्ठ समाजसेवी मास्टर प्रहलाद सिंह खेड़ा हटाना, जिला पंचायत सदस्य सुनील कुमार आर्य बागपत राष्ट्रीय लोकदल बडौत विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष अमित चिकारा बडावद ने मृतक परिवार को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग जिलाधिकारी से की है।

### एक नजर

## बारिश के बाद सड़क पर जमी कीचड़ राहगीर और स्कूली बच्चे परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सरूरपुर कला गांव में बारिश के बाद मुख्य मार्ग की स्थिति खराब हो गई है। सड़क पर जमी कीचड़ से राहगीर और स्कूली बच्चे परेशान हैं। कई बच्चे फिसलकर चोटिल भी हुए हैं।

भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नीटू नैन ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया है। उन्होंने प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि वे कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन न तो सड़क की सफाई हुई और न ही मरम्मत का काम शुरू हुआ। किसान यूनियन ने प्रशासन को चेतावनी दी है। यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो बागपत के मुख्य चौराहे पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। यूनियन का आरोप है कि जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान और अधिकारी इस मामले में लापरवाह हैं। कोई भी समस्या का समाधान करने को तैयार नहीं है।

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, ससुराल पक्ष पर हत्या करने का आरोप





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** भागौट गांव में एक 24 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। विवाहिता के परिजनों ने गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए बागपत भेज दिया है।

भागौट निवासी विपिन पुत्र जयकरण की शादी 2021 में बरौला नोएडा निवासी महाराज सिंह की पुत्री सरिता से हुई थी जिनके दो पुत्री छवि और नवी भी है। महाराज सिंह ने बताया कि रात्रि उसके पास मोबाइल फोन पर सूचना मिली की उसकी पुत्री सरिता को हार्ट अटैक आया है वह अस्पताल ले जा रहे है। सुबह जब वह गांव पहुंचे तो वह मृत थी और उसके शव को शमशान घाट ले जाने की तैयारी चल रही थी। मृतक सरिता की बहन की शादी रिया की शादी भी भागौट गांव मे हुई है। उसे जब पता चला तो वह दौड़कर बहन के घर पहुंची और उसने बहन को देखने के बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी और बताया कि उसकी बहन की गला दबाकर हत्या कर दी गयी है। सूचना मिलते ही खेकड़ा सीओ रोहन चोरसिया चांदीनगर थाना प्रभारी संजय कुमार मय फोर्स के मौकें पर पहुंची जहा विवाहिता के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया। मौकें पर भारी भीड़ भी इकट्ठा हो गयी। वही पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

## एक पेड़ मां के नाम विभिन्न स्थानों पर किया वृक्षारोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** वृक्षारोपण अभियान के तहत आयोजित वन महोत्सव के अवसर पर गांव बाघू संतौषपुर के पंचायत सचिवालय, प्राथमिक विधालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय, मंदिर व अनेकों स्थानों पर 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' की भावना को हृदय से आत्मसात करते हुए वृक्षारोपण किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला महामंत्री भाजपा युवा मोर्चा शेर सिंह गुर्जर ने कहा यह सिर्फ एक पौधा नहीं, माँ के प्रति सम्मान, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, और आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली भरे भविष्य का प्रतीक है। उन्होंने सभी से एक पेड़ माँ के नाम लगाने की अपील करते हुए माँ को एक पेड़ समर्पित करने का आवाहन किया। इस दौरान शेरसिंह गुर्जर, दिनेश कुमार, शकुंतला गौतम, सुभाष दरोगा, भरत सिंह, प्रदीप, नवाब सिंह, रवि कुमार, अमनेश, यथार्थ गुर्जर, अमित कुमार, संदीपा भगत आदि मौजूद रहे।

## जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर किया धरना प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के बैनर तले सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बागपत में जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने सिसाना गांव से जिला मुख्यालय तक मार्च निकाला। इस दौरान फाउंडेशन के पदाधिकारी मनु पाल बंसल ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या एक बड़ी चुनौती बन गई है। उन्होंने कहा कि संसाधनों की कमी हो रही है। कुछ लोग 8 से 10 बच्चे पैदा कर रहे हैं। बंसल ने जाति-धर्म से ऊपर उठकर सभी के लिए एक समान कानून बनाने की मांग की। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के नाम कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा। उन्होंने देश हित में जल्द से जल्द इस कानून को लागू करने की मांग की। जनसंख्या समाधान फाउंडेशन पिछले 10 वर्षों से इस कानून की मांग कर रहा है। फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने कहा कि वे जल्द ही एक बैठक करेंगे। मांग पूरी न होने पर आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा।

## 2027 में भारतीय जनता पार्टी की धूमधाम से करनी है विदाई: मिठाई लाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को बाबा साहब आंबेडकर वाहिनी सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने समाजवादी पार्टी कार्यालय पर प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि सपा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशन पर पूरे प्रदेश में जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि बाबा साहब का लिखा हुआ संविधान खतरे में है, आरक्षण पर डाका डाला जा रहा है, लोकतंत्र की हत्या हो रही है, बहुजन समाज की आबरू के साथ खेल किया जा रहा है बहुजन समाज की आवाज को दबाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीडीए के माध्यम से एक आंदोलन खड़ा किया है। पीडीए ही एक आंदोलन है। उन्होंने कहा कि पीडीए ने समाजवादी पार्टी को 2024 में नंबर वन पार्टी बनाया। उन्होंने कहा कि 2027 में भारतीय जनता पार्टी की धूमधाम से विदाई करनी है और सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को धूमधाम के साथ भारी बहुमत से उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बाबा सब के सम्मान में बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अंबेडकर वाहिनी बनाई और कहा कि अंबेडकर वाहिनी के माध्यम से गांव-गांव जाकर जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है और हर बूथो पर अंबेडकर वाहिनी यूथ खड़ा कर रहे हैं ताकि दलित समाज की एक आवाज वहां से निकले कि अगर बाबा साहब का कोई सपना साकार कर सकता हैं तो वो समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव है।

## जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड बैठक में खराब प्रदर्शन वाले विभागों को किया सचेत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक की। बैठक में जिले की विकास कार्यों की खराव रैंकिंग बालों विभागों से नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन जिले की छवि को प्रभावित करता है। जिलाधिकारी ने रैंकिंग में गिरावट वाले सभी विभागों को तत्काल सुधार के करने के निर्देश दिए। बैठक में पंचायत राज, श्रम विभाग, सेवायोजन, समाज कल्याण, निपुण मिशन और उद्योग विभाग की विशेष समीक्षा की गई। इन विभागों की खराब रैंकिंग पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कार्यों में गति नहीं लाई गई तो व्यक्तिगत जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि पंचायतों में 15वें वित्त आयोग की धनराशि का उपयोग समयबद्ध ढंग से कराना सुनिश्चित करें ताकि गांवों में सफाई, जलनिकासी, सड़कों और अन्य मूलभूत सुविधाओं का लाभ जनता को मिले। जिलाधिकारी ने ग्राम सचिवों को भी निर्देश दिए कि उन्हें अपनी पंचायत की प्रत्येक योजना की पूरी जानकारी होनी चाहिए और कार्यों की प्रगति पर नियमित निगरानी रखें। उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाले जनसुनवाई संदर्भों की विभागवार समीक्षा की और लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डिफाल्टर वाले विभागों को सचेत किया सबसे अधिक असंतुष फीडबैक विद्युत सिंचाई के मिले जिन्हें कार्य शैली सुधार करने के निर्देश दिए। अंत में उन्होंने कहा कि विभागीय लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी शासन की प्राथमिकताओं को गंभीरता से लें और जिले की रैंकिंग सुधारने के लिए समन्वित प्रयास करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी आदि रहे।

## गौशालाओं में चारे, पानी और स्वच्छता की व्यवस्था पूर्ण रूप से सुनिश्चित की जाए:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी ने गौशालाओं की व्यवस्था संबंधी समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने जिले की गौशालाओं की स्थिति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि गौवंश के संरक्षण और देखभाल की व्यवस्था शासन की प्राथमिकता है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि गौशालाओं में चारे, पानी और स्वच्छता की व्यवस्था पूर्ण रूप से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी नियमित रूप से गौशालाओं का निरीक्षण करें तथा गौशाला परिसर, चारदीवारी, हरे चारे की उपलब्धता, डोनेशन व्यवस्था और केयर टेकर की उपस्थिति की भी भलीभांति जांच करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्राम सचिव को प्रतिदिन और खंड विकास अधिकारी को सप्ताह में कम से कम दो बार गौशालाओं का निरीक्षण करना अनिवार्य होगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि गौशालाओं में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था रहे और बरसात के मौसम में वहां पानी का भराव न होने पाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त /राजस्व पंकज वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अरविंद कुमार त्रिपाठी, संबंधित एसडीएम समेत जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

न्यायालय श्रीमान सिविल जज सीनियर डिवीजन महोदय बागपत।

विविध वाद्य संख्या-130 सन् 2025

अब्दुल रहमान पुत्र यामीन खान भारती निवासी 17/153 कोकब विहार, 20 फुटा रोड, बडौत, बागपत, उत्तर प्रदेश - 250611, ...प्रार्थी / वादी, बनाम, 1. इकबाल पुत्र यामीन खान भारती, 2.जुबैर खान पुत्र यामीन खान भारती निवासीगण 17/153 नियर गोल मस्जिद, कोकब विहार, बडका रोड, बडौत, बागपत, उत्तर प्रदेश 250611, 3.गुड्डी पत्नी उस्मान निवासी भ.नं0 136, म. नं. 94, जैन मौहल्ला, बागपत, उत्तर प्रदेश 250609 .. प्रतिवादीगण, जैसा कि उपरोक्त वाद वादी ने आप विपक्षीगण के विरूद्ध मान्य न्यायालय में मृतक यामीन खान भारती की जमा धनराशि को प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बनवाने हेतु योजित किया है। लिहाजा यह इस्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को निश्वत दरखास्त वास्ते उत्तराधिकार प्रमाण पत्र हेतु उजर हो असालतन या वकालतन समय 10 बजे दिनांक 08.08.2025 को अदालत सिविल जज सीनियर डिवीजन बागपत में उपस्थित होकर उजर पेश करे और दरसूरत इन्कायज तारीख मजकूर कें फिर उजर किसी का ना सुना जायेगा और हुक्म दरखास्त मजकूर के सादर होगा।, आदेशत:, मसरिम, सिविल जज सीनियर डिवीजन बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र मोहित से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा ।

शिमला पत्नि स्व.विनोद निवासी ग्राम मुकीमपुर थाना बिनौली तहसील बडौत जनपद बागपत।

## कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त कार्यकारिणी का शपथग्रहण समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के दिल्ली रोड़ स्थित अमर बैकट हॉल में शहर कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त कार्यकारिणी का भव्य शपथग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता पूर्व प्रदेश महासचिव एवं पूर्व जिलाध्यक्ष चौ. रामकुमार सिंह ने की तथा संचालन पूर्व पीसीसी देवेन्द्र चौहान ने किया। बडी संख्या में शहर व क्षेत्र के बुजुर्गो युवा महिलाए की उपस्थिति के साथ खास बात ये रही कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारियों ने उपस्थित दर्ज कराकर गर्व के साथ पदभार ग्रहण कर पार्टी संगठन को मजबूत गतिशील बनाने का संकल्प लिया। सभी का सम्मान स्वागत किया गया।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक वरिष्ठ नेता केके शर्मा प्रदेश महासचिव नबाब अहमद हमीद वरिष्ठ नेता औमवीर सिंह पूर्व शहर अध्यक्ष राकेश शर्मा कमिश्नर बेगराज सिंह शहर को आर्डिनेटर डा.संजीव शर्मा व शहर को आर्डिनेटर सतेन्द शर्मा जिला प्रभारी सुखराज सिंह जिला संगठन प्रभारी नसीम खान कोताना मंचासीन रहे। पूर्व विधायक केके शर्मा ने अपने सम्बोधन मे कहा कि परिवर्तन के इस दोर मे काग्रेस का जनाधार तेजी से बढ रहा है। उन्होंने कहा देश हित में कांग्रेस को मजबूत बनाने मे काग्रेस का कर्यकर्ता कांग्रेस की नीतियों को जन जन तक पहुँचाने का काम करेगा। चौ. औमवीर सिंह नबाब अहमद हमीद पूर्व शहर अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा संगठन को हमे एकजुट होकर बूथ स्तर तक शहर से गांव तक मजबूत बनाना है। शहर को आर्डिनेटर डा.संजीव शर्मा व शहर कोआर्डिनेटर सतेन्द शर्मा को संगठन को रात दिन मजबूती से खडा करने के लिए वरिष्ठ नेताओ ने सराहना प्रशंसा की। पूर्व जिलाध्यक्ष चौधरी रामकुमार सिंह ने सभी का आभार जताया। कहा कांग्रेस नई कार्यकारिणी उर्जा से फलीभूत है। कहा कि संगठन सर्जन अभियान के बाद कांग्रेस अपने प्लेटफार्म पर मजबुती से खडी होगी। संगठन सर्जन अभियान की प्रक्रिया के लिए राहुल गाँधी प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का आभार जताया। शहर अध्यक्ष रामहरी पंवार ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत सभी के सहयोग से काग्रेस को बूथ स्तर तक मजबूती के साथ हमे खडा करना है। इस अवसर पर कोषधायक्ष देवेन्द्र शर्मा उपाध्यक्ष शमीम अहमद उपाध्यक्ष प्रियंका आजाद उपाध्यक्ष बिजेन्दर शर्मा महासचिव सुभाष शर्मा महासचिव संजीव महासचिव अकबर चोधरी महासचिव जरीना महासचिव बिमलेश आशा रानी योगेश प्रधान निशान्त चोधरी महिला जिला अध्यक्ष उर्मिला सिंह पुष्पेन्दर राणा रामकुमार मुखिया कान्ता जैन अनुज कुमार औमवीर सिंह देशपाल जयप्रकाश सरोहा रविन्द्र तोमर आदिल वसीम मनोज जैन पप्पू दानिश फरजुदीन रामरंग पंवार कृष्णहरी पंवार औकार दत्त आदि रहे।

## लोहे की एंगल ले जा रहे रिक्शा ने कराया बवाल

# चपेट में आने से दो हिंदूवादी नेता घायल

■ मिल रोड पर हुआ हादसा, घटना के विरोध में हिंदू संगठन के लोगों ने किया हंगामा



घटनास्थल पर हंगामा करते हिंदू संगठन के कार्यकर्ता।





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** नगर में मिल रोड पर ई रिक्शा में लदी लोहे की एंगल से हिंदू संगठन के दो पदाधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे लोहा व्यापारी ने गलती मानने के बजाय दोनों पदाधिकारियों के साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। उधर, घटना की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ता पहुंच गए और हंगामा कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह कार्यकर्ताओं को शांत किया। पीड़ित ने आरोपियों के नामजद करते हुए तहरीर दी है।

हिंदू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष रजनीश रोहल और राष्ट्रीय हिंदू महासभा के जिला संयोजक सतीश भारद्वाज बाइक पर सवार होकर मिल रोड से निकल रहे थे। गुड़ मंडी तिराहे पर अमरपाल की कोठी के पास एक ई रिक्शा चालक लोहे के एंगल लेकर जा रहा था, जो रिक्शा से काफी बाहर तक निकले हुए थे। रिक्शा चालक की लापरवाही से बाइक सवार दोनों पदाधिकारी को लोहे की एंगल लग गई। जिसमें रजनीश रोहल के चेहरे पर व सतीष भारद्वाज के पैर में गंभीर चोट आई है। व्यापारी के कर्मचारियों की लापरवाही से उक्त दोनों पदाधिकारियों की जान भी जा सकती थी। सूचना पर जब एंगल व्यापारी मौके पर पहुंचा तो उसने उल्टा ही दोनों के साथ गाली गलौज की। भीड़ इकट्ठा होने पर आरोपी वहां से चले गए। इस पर हिंदू संगठन के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पहुंचे और हंगामा कर दिया। इससे मिल रोड पर जाम लग गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह स्थिति संभाली और उन्हें समझा-बुझाकर शांत किया। इस मामले में रजनीश रोहल ने आरोपियों को नामजद करते हुए तहरीर दी है।

### जागी पुलिस, घटना के बाद हटवाया अतिक्रमण

मिल रोड पर जाम की समस्या के मद्देनजर पुलिस ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। पुलिस के साथ नगर पालिका की टीम ने अतिक्रमण करने वाले फल व अन्य व्यापारियों का दुकान के बाहर रखा सामान जब्त कर लिया। इस बीच पुलिस का विरोध भी हुआ।

## मेरठ कॉलेज में हुआ शिक्षकों का विदाई समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शुक्रवार को मेरठ कॉलेज के विशाल सेमिनार हॉल में मेरठ कॉलेज टीचर एसोसिएशन द्वारा वर्तमान सत्र में सेवानिवृत हुए विभिन्न विभागों के प्रोफेसरों को विदाई दी गई। इस कार्यक्रम की शुरुआत प्रोफेसर अंजलि मित्तल एवं प्रोफेसर सीमा पंवार ने दीप प्रज्वलित करके की। प्रो. सीमा पंवार ने अपने संबोधन में बताया कि आज के तकनीकी युग में शिक्षक की भूमिका और भी प्रासंगिक है। नई पीढ़ी को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक मूल्यों को महत्ता देना भी सीखना होगा। कार्यक्रम की शुरुआत में मेक्टा के अध्यक्ष प्रो. हेमंत पांडे एवं सचिव प्रो. आनंदवीर ने सभी शिक्षकों का स्वागत किया। इस कार्यक्रम का संचालन सरस्वती महिला छात्रावास की वार्डन डॉ. श्वेता जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी सेवा. निवृत्त शिक्षक साथियों ने अपने सेवा काल की खट्टी मीठी यादें साझा की। कार्यक्रम में प्रोफेसर नरेश कुमार ने अपने संस्मरण सुनाए। वहीं इतिहास विभाग के प्रोफेसर वकुल रस्तोगी ने अपनी कविता के द्वारा उपस्थित जन समुदाय का भरपूर मनोरंजन किया। इस सत्र में सेवा. निवृत होने वाले शिक्षकों में जंतु विज्ञान विभाग की प्रो. सीमा शर्मा, गणित विभाग के प्रो. नरोत्तम कुमार, इतिहास विभाग के प्रो. वकुल रस्तोगी, भूगोल विभाग के प्रो. नरेश कुमार, जंतु विज्ञान विभाग की प्रो. निशा मनीष, रसायन विज्ञान विभाग के बीपी यादव को कॉलेज की टीचर एसोसिएशन ने भावभीनी विदाई दी।

# डीएम ने एनएच-58 तथा गंगनहर पटरी कांवड़ मार्ग का किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

मेरठ। कांवड़ यात्रा को सकुशल, शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में शुक्रवार को जिलाधिकारी डॉ. वी. के. सिंह एवं एसएसपी विपिन ताडा द्वारा एनएच-58, सठेडी पुल, सलावा पुल, अटेरना पुल, दौराला पुल, नानू पुल, भलसौना पुल, पूठखास पुल, भोला की झाल, जानी पुल, सिवाल खास पुल से बाबा भूरेशाह दरगाह तक कांवड़ मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, सड़क मरम्मत, जल निकासी, शौचालय, पेयजल, साईनेज, स्ट्रीट लाईट, विद्युत खंभो को पालिथीन से कवर कराने, ट्रांसफार्मर को जाली से कवर कराने, चिकित्सा शिविर आदि व्यवस्थाओ का जायजा लिया। उन्होंने कांवड़ यात्रा मार्ग में शिविर संचालको से वार्ता कर व्यवस्थाओ के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने डयूटी पर तैनात पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियो को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय और सहयोग के साथ आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सीडीओ नूपुर गोयल, एसडीएम सरधना दीक्षा जोशी, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग वंदना फोगाट, एसपी ट्रैफिक राघवेन्द्र मिश्रा, एसपी देहात राकेश कुमार मिश्रा, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## गुरु ब्रह्मा-गुरु विष्णु, गुरु देवो महेश्वरा गुरु साक्षात परम ब्रह्मा, तस्मै श्री गुरुवे नम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरु पूर्णिमा पर झारखंडेश्वर महादेव मंदिर मटौर में दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला के नेतृत्व में मंदिर के मुख्य पुजारी जय गोविंद शर्मा को माला पहनाकर व शॉल उड़ाकर सम्मान किया और आशीर्वाद लिया इस दौरान ललित चौहान, विपिन चौधरी, भरत चौधरी, राकेश चौहान, रवींद्र चौहान, प्रमोद चौहान, अरुण चौहान, शौकेंद्र डागर, विवेक सैन आदि मौजूद रहे।

### श्री दक्ष प्रजापति जयंती मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शुक्रवार को सोनू प्रजापति दौराला के आवास पर दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला के नेतृत्व में श्री दक्ष प्रजापति जयंती मनाई गई। उन्होंने कहा कि सभी महाराज श्री दक्ष प्रजापति जी की जयंती मना रहे हैं, जो सृष्टि के महान सृजनकर्ता, यज्ञ के प्रवर्तक और धर्म के संरक्षक थे। उनका जीवन संस्कार, त्याग और सत्य का प्रतीक है। महाराज श्री दक्ष प्रजापति ने समाज को सद्मार्ग दिखाया और यज्ञ, तप व धर्म के माध्यम से मानवता को उच्च आदर्शों से जोड़ा। उन्होंने समाज को जोड़ने का काम किया है। इस पावन अवसर पर हम उनके जीवन से प्रेरणा लें और धर्म, संस्कृति व समाज कल्याण के मार्ग पर चलें। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष संजय नामदेव, भारत चौधरी, विपिन चौधरी, शिवम शर्मा, विजयपाल प्रजापति, विनोद प्रजापति, पवन प्रजापति, सोनू प्रजापति, इंद्रपाल प्रजापति, राहुल प्रजापति, टिंकू प्रजापति, सचिन प्रजापति, कपिल प्रजापति आदि मौजूद रहे।

### तीन से सात नवंबर तक सांसद खेल महोत्सव का होगा आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्राचार्य जे.पी. एकेडमी ने बताया कि मेरठ हापुड़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद अरूण गोविल के सौजन्य से एवं जे.पी. एकेडमी मवाना रोड मेरठ के तत्वाधान में एक भव्य सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 3 नवम्बर से 7 नवम्बर तक किया जा रहा है। इस महोत्सव में सीबीएसई, आईसीएसई तथा यूपी बोर्ड से संबद्ध मेरठ एवं हापुड़ लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयो के कक्षा-12 तक के छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिताएं जे.पी. एकेडमी के खेल परिसर में आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिताओ में फुटबॉल, बास्केट बॉल, वालीबाल, क्रिकेट, कबड्डी, ताईक्वांडो, खो खो खेलो का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के आयोजन में सम्मानित लोग भी हिस्सा लेंगे।

# अग्निवीर योजना ने युवाओं को देशभक्ति से किया दूर

■ युवाओं को सेना में भर्ती के लिए, टॉकिज अभियान चलाने को हुई मजबूर

■ अग्निवीर योजना से टूटा युवाओं का मनोबल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कंकरखेड़ा।** भारत सरकार ने देश में अग्निवीर योजना स्कीम लागू की उसके बाद से युवाओं में देश के प्रति सेवा भक्ति भाव में कमी सामने आ रही हैं। सरकार की अग्निवीर योजना से युवाओं को कही न कही आहत अवश्य हुए हैं। देश के प्रति जोश जज्बा 4 साल की नौकरी ने सब समाप्त सा कर दिया है।

अग्निवीर योजना में भर्ती युवाओं के सामने अपने भविष्य की चिंता हमेशा सताती रही हैं। विवाह को लेकर भी अग्निवीर जवानों के जीवन में बड़ी कठिनाईयों सामना करना पड़ रहा है। देश की आजादी के बाद से यह पहला मौका का जब भारतीय सेना को युवाओं को सेना में भर्ती होने के लिए टॉकिज अभियान चलाकर गांव-गांव घूमने पर मजबूर कर दिया है। उत्तर प्रदेश के पिछड़े इलाकों के युवाओं को सेना में करियर बनाने के लिए प्रेरित करने हेतु भारतीय सेना ने कारवां टॉकीज नामक चार दिवसीय अभियान शुरू किया है। गौतमबुद्ध नगर में चल रहे इस अभियान में, ग्रामीण युवाओं को विशेष वैन, वीडियो, संवाद और गतिविधियों के माध्यम से सेना से जोड़ा जा रहा है। भारतीय सेना कारवां टॉकीज उत्तर प्रदेश के सुदूर और पिछड़े इलाकों के युवाओं को सेना में करियर बनाने के लिए प्रेरित करने हेतु भारतीय सेना ने एक अनूठी और अभिनव पहल शुरू की है। इस पहल का नाम है। कारवां टॉकीज जन जागरूकता अभियान। यह चार दिवसीय अभियान 9 जुलाई से गौतमबुद्ध नगर जिले के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में आयोजित किया जा रहा है। यह जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम भारतीय सेना के भर्ती निदेशालय और मुख्यालय भर्ती क्षेत्र लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में और एआरओ मेरठ के समन्वय से आयोजित किया गया है। इसका उद्देश्य देश के युवाओं, विशेषकर किशोरों और ग्रामीण क्षेत्रों के नवयुवकों को सेना में भर्ती प्रक्रिया, जीवनशैली, करियर की संभावनाओं और राष्ट्रीय सेवा के महत्व से अवगत कराना है। अभियान के तीसरे दिन, हाई स्कूल महादेवपुरम भाईपुर ब्राह्मणन और ऑक्सफोर्ड ग्रीन पब्लिक स्कूल, मोहम्मदाबाद खेड़ा में बड़े पैमाने पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में सैकड़ों छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और ग्रामीण समुदाय के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम की खासियत सीधा संवाद के माध्यम से संचार और सहभागिता व गतिविधियां थीं, जिनके माध्यम से सेना ने युवाओं को करीब लाने का प्रयास किया।

# फलावदा में करंट लगने से बच्ची की मौत

## नगर पंचायत की खाली जमीन पर बच्चों के साथ खेल रही थी आठ वर्षीय आफिया

■ पोल में करंट आने से हुआ हादसा, ग्रामीणों में गहरा रोष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** नगर के मोहल्ला बंजारन निवासी आठ वर्षीय बच्ची शुक्रवार को कई बच्चों के साथ पड़ोस के मोहल्ला जाटान में स्थित तिराहे पर नगर पंचायत की खाली पड़ी जमीन पर लगे स्ट्रीट लाइट खंम्बा व सबरसेविल पंप का इलेक्ट्रिक बोक्स के पास खेल रहे थे। वहां फैले केबल से खंबे में विद्युत करंट चल रहा था। जिससे 8 वर्षीय आफिया पुत्री सलमान को करंट लगने से मौत हो गई।

जानकारी मिलते ही परिजन तुरंत घटना स्थल पर पहुंच गए। लेकिन जब तक बच्ची ने दम तोड़ दिया था। परिजन अपनी मृतक बच्ची को घर ले आए जिससे परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल हो गया जानकारी मिलने पर कांग्रेस नेता सैयद रिहानुद्दीन व डॉ. शाहबाज आलम आदि नेता ने मृतक के परिवार से मिलकर बच्ची की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया और नगर पंचायत के कर्मचारियों को घटना के संबंध में फोन द्वारा जानकारी दी गई। कर्मचारियों ने मौके पर पहुंच कर वहां फैल रहे विद्युत केबल को हटा दिया। घटना को लेकर मृतक बच्ची के परिजनों में नगर पंचायत के कर्मचारियों के खिलाफ गुस्सा पनप गया जिसको लेकर काफी देर तक हंगामा हुआ। सूचना पर थाना प्रभारी संजय कुमार द्विवेदी भी मृतक बच्ची के घर पहुंच गए। परिजनो ने बताया कि शुक्रवार दोपहर 1:30 बजे करीब उनकी बच्ची आफिया व मोहल्ले के और बच्चे पड़ोस के मोहल्ला जाटान में स्थित विद्युत स्ट्रीट लाइट खंबे के पास खेल रहे थे। इस विद्युत खंबे के पास सरकारी नलकूप के पेयजल पाइप लाइन में सबमर्सिबल लगाने का कार्य चल रहा था। जिसके विद्युत केबल खुले में नीचे पड़े थे। जिस कारण स्ट्रीट लाइट के खंभे में करंट फैल रहा है। मृतक बच्ची के परिजनों द्वारा पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। घटना की जानकारी करने राजस्व विभाग के कानूनगो सीताराम, लेखपाल वरुण कुमार, लेखपाल विकास कुमार, भी मोके पर पहुंचे, शाम को परिजनों द्वारा मृतक बच्ची के शव को दफना दिया गया। इस संबंध में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सचिन पंवार का कहना है कि घटना की जानकारी मिल गई है मामले की जांच करा रहा हूं जो भी कर्मचारी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# आबकारी विभाग की टीम ने शराब की दुकाने हटवाने का चलाया अभियान

## मुख्यमंत्री पोर्टल पर लोगों की शिकायत के बाद हुई कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** शासन प्रशासन द्वारा शराब की दुकानों का ठेका छोड़ने के बाद दुकानों को मुख्य मार्गों पर लाने के लिए आदेश के बाद दुकानदार अपनी दुकान को मार्ग पर ले आये। लेकिन दुकान के बीचों-बीच आ गई। जिसमें शहीद भगत सिंह का पार्क एवं पीछे मंदिर है।

जिसको लेकर कुछ नागरिको द्वारा मुखयमंत्री पोर्टल पर दुकान हटवाने को लेकर शिकायत की थी। शुक्रवार की दोपहर आबकारी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर जांच करने के लिए पहुंचे। जिसमें नागरिकों ने उनके सामने जमकर हंगामा किया और कहा कि जब तक यह दुकान नहीं हटेगी तब तक हंगामा किया जाएगा। अधिकारियों ने अपनी जांच करने के बाद वापस लौट गये। बताते चले कि मौहल्ला कैलाश पुरी में ठेका शराब की दुकान स्थापित की गई थी। जिसमें सरकार द्वारा मुख्य मार्ग पर शराब की दुकान खोलने के आदेश पारित किये गये थे। जिसको लेकर शराब ठेके के संचालक कैलाशपुरी एवं उसके बराबर में दुकान को स्थापित कर दिया गया।

लेकिन मोहल्ला कैलाशपुरी में शहीद भगत सिंह के पार्क तथा उसके पीछे मंदिर के आगे कर दिया। लेकिन नागरिक सोनू डोडवाल, आर्यन ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की दुकान सहित भगत सिंह के पार तथा मंदिर के आगे खोल दी गई है। जिससे शराब पीने वाले लोग शराब पीकर उत्पात मचाते हैं और गंदी-गंदी गालियां भी देते हैं। जिसको लेकर मोहल्ले के लोग परेशान है। शुक्रवार को जांच करने पहुंचे आबकारी विभाग के अधिकारी शरद कुमार, राकेश कुमार पुलिस फोर्स को लेकर शराब की दुकानो पर पहुंचे। जहा अधिकारियों ने फीता डालकर नपाई कराई। जिसमें आबकारी विभाग के अधिकारियों ने कहा कि ठेका देशी शराब की दुकान धार्मिक स्थल से 50 मीटर से दूरी पर है। इस दौरान सभासद वीरेंद्र नागर, सभासद दीपक गुर्जर, राजू राठी, जयकुमार आदि सैकड़ो लोग मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने दुकान को दूसरी जगह शिफ्ट करने की बात कही। अधिकारियों का कहना है कि मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करने के बाद उच्च अधिकारियों के आदेश पर जांच करने के लिए मौके पर पहुंचे थे। जांच करने के बाद उच्चाधिकारियों को सौंप दी जाएगी। नागरिकों का कहना है कि यदि शराब की दुकान नहीं हटाई गई तो वह अधिकारियों से शिकायत करेंगे।

## लिसाड़ी गेट पुलिस ने वापस कराए साइबर ठगी के एक लाख 77 हजार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट पुलिस ने साइबर ठगी के एक लाख 77 हजार रुपये वापस दिलाए। थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के कांच का पुल अहमद नगर का रहने वाला एक युवक को झांसा देकर साइबर ठगों ने एक लाख 77 हजार रूपए ट्रांसफर करा लिए थे। पीड़ित की थाना पुलिस व साइबर सेल से शिकायत की। पीड़ित युवक की शिकायत पर सक्रिय हुई लिसाड़ी गेट पुलिस ने साइबर टीम के सहयोग से उसके खाते में एक लाख 77 हजार रुपये वापस दिलाए। लिसाड़ी गेट पुलिसकर्मी रीना हेड कांस्टेबल, मुंशी जितेंद्र, और एस आई यतेंद्र पाल ने पीड़ित को रुपये वापस होने की स्लिप प्रदान की तो उसका चेहरा खिल उठा। लिसाड़ी गेट क्षेत्र में अहमद नगर के रहने वाले पीड़ित शादान ने 2 जुलाई को डायल फॉर ट्रेड से बिसिनेस परपस के लिए डील की थी। जिसमें शादान ने डावल फॉर ट्रेड को एक लाख 77 हजार रूपए गूगल पेय के द्वारा दिए थे। लेकिन पैसों की एवज में कोई बिल प्राप्त नहीं हुआ था। पीड़ित युवक शादान ने बीते शनिवार को कम्पनी के खिलाफ साइबर क्राईम और थाना लिसाड़ी गेट पुलिस को शिकायत पत्र दिया था। वहीं थाना लिसाड़ी गेट पुलिस की हेड कांस्टेबल रीना, मुंशी जितेंद्र और एस आई यतेंद्र पाल ने पीड़ित युवक शादान की मदद करके डावल फॉर ट्रेड से शादान को एक लाख 77 हजार रुपए वापस दिलाए।

## मकान में बिक रहा था मीट, हिंदू संगठनों ने किया हंगामा

### मौके पर पहुंची पुलिस ने की वीडियोग्राफी, सीओ ने दिया कार्रवाई का आश्वासन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** सावन मास को लेकर मीट दुकानों के बंद होने के आदेश के बावजूद अटौरा रोड पर एक मकान में इसकी बिक्री की जा रही थी। सूचना पर पहुंचे हिंदू संगठन के लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हंगामा शांत किया। पुलिस ने मकान के अंदर प्रवेश कर मीट बिक्री की वीडियोग्राफी की। सीओ मवाना ने फोन पर संगठन पदाधिकारी से बात कर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। अटौरा रोड पर शाम के समय एक मकान में मीट की बिक्री होने की जानकारी हिंदू संगठनों को लगी। इस पर राष्ट्रीय हिंदू संघर्ष समिति के विनोद गुप्ता, रजनीश रोहल, संदीप खटीक, शुभम जैन, कुलदीप खटीक अंकुर सैनी, गौरव गुर्जर, सचिन मोतला, सचिक कौशिक, सोनू आदि उस मकान के बाहर जमा हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्यकर्ताओं से वार्ता कर अंदर जाने से मना किया। इंस्पेक्टर मवाना अखिलेश मिश्र ने कहा कि यदि अंदर मीट की बिक्री होती पाई गई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सीओ मवाना अभिषेक पटेल ने भी फोन पर संगठन पदाधिकारी रजनीश रोहल से बात की और कहा कि सावन में मीट बिक्री करने वालों को कतई बख्शा नहीं जाएगा। शांति और कानून व्यवस्था का हवाला देते हुए सीओ मवाना ने फोन पर ही सभी कार्यकर्ताओं को वहां से हटने को कहा। इस पर सभी कार्यकर्ता उनकी बात मानकर वहां से चले गए। उसके बाद पुलिस उस मकान में घुसी और मीट बिक्री की वीडियो बनाई। पुलिस के अंदर घुसने से पहले ही अंदर मौजूद आरोपी युवक छत के रास्ते से फरार हो गया और घर में बस महिलाएं थीं।

## दूषित पानी पीने को मजबूर है परीक्षितगढ़ के वार्ड-13 के लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर में टंकी से दूषित पानी निकलने से लोगों में भारी रोष व्याप्त है। वार्ड 13 निवासी व सहकारी समिति के चेयरमेन समाजसेवी विक्की त्यागी ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से अधिक नगर की टंकी से दूषित पानी निकल रहा है जो पीला व करकट भी है। विक्की त्यागी ने बताया कि उन्होंने इसकी शिकायत नगर पंचायत व जल निगम में की है क्योंकि इस पानी को पीने से कैंसर जैसी भयानक बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। यदि शीघ्र ही इस समस्या का निदान नहीं किया गया तो वह अधिकारियों से संपर्क करेंगे।

## वार्ड-72 के लोग गंदगी से परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वार्ड नंबर 72 में पुलिया धंसने के कारण तीन दिनों से वार्ड के विकास पुरी कालोनी में घरों के सामने भरे गंदे पानी से लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। कालोनी में गंदे पानी व गोबरो से अटके नालों और गंदगी से लोग परेशान है। यह गंदा पानी और नालों में गोबर अटका पड़ा है जिसमें बीमारी फैलने का खतरा है वार्ड के विकास पुरी कालोनी में बीचों बीच भरा गंदा पानी नालों में भरा गोबर लोगों का सरदर्द बन चुका है। प्रशासन व पार्षद इस मामले को लेकर कतई ध्यान नहीं दे रहा है। इस वार्ड के लोग इस गंदे पानी और गंदगी सहित अनेकों बीमारियों को भी झेल रहे है। कई बर्षो से कालोनी वासियों नाले के निर्माण को लेकर पार्षद से शिकायत भी कर चुके हैं लेकिन गोबर से भरे इस गंदे नाले से आस-पास बने मकानों के अंदर गंदा पानी घुस जाते है। जिससे लोगों के घरों में गंदा पानी भरने से बिमारियों का सामना करना पड़ा है और काफी भय व्याप्त रहता है।

# हजरत सय्यद नजफ अली शाह का 167 वां उर्स मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** हजरत सय्यद नजफ अली शाह का 167 वां उर्स उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन गफरान फरीद नियाजी ने किया जबकि अध्यक्षता अमरोहा से आए उवैश काजिमी ने की तथा दरगाह के सज्जादा नशीन हाफिज शाहिद नियाजी ने आए लोगों की दस्तारबंदी की। शुक्रवार को शास्त्रीनगर सेक्टर तीन नई सड़क पर स्थित दरगाह पर हजरत सय्यद नजफ अली शाह का 167 वां उर्स मनाया।

सुबह नौ बजे कुरानख्वानी हुई जिसके बाद कव्वाली और दोपहर 12:30 पर चादर पोशी की गई। हजारों अकीदतमंदों ने चादर पोशी करके अपनी मुराद मांगी। इस मौके पर इरफान कव्वाल ने अपने कलाम का उम्दा प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कानपुर से आए मौ. सलमान कुरैशी, शरफत कुरैशी एडवोकेट, अमरोहा से हम्माद रिजवी, शेख गुलाम मुईउददीन साबरी, गुलाम हैदर, आदिल फरीद, राशिद फरीद, खालिद फरीद, हकीम मुख्तार, सुफी ताहिर, सुफी निसार, नदीम हसन, इमरान नईम साबरी, हाफिज आबिद, बदरूद्दीन साबरी आदि का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर बदरूद्दीन साबरी ने बताया कि मेरठ हजरत नजफ अली शाह चिश्ती कादरी निजामी नियाजी साबरी जिला रामपुर के रहने वाले थे। हजरत नजफ अलीशाह हजरत नियाज के खलीफा थे। पीर के हुक्म से वे मेरठ आए और भैय्या जी परिवार के शेख मुईउद्दीन साहब को मुरीद किया। काफी समय हजरत मेरठ में रहे फिर हजरत का इंतकाल हो गया और शेख मुईउद्दीन साहब ने हजरत का मकबरा बनवाया। शेख मुईउद्दीन साहब सबसे पहले दरगाह जरफ अली साहब के पहले सज्जादा नशीन बने थे जिनकी याद में उर्स मनाया जाता है।

# राहुल-नायर ने भारतीय पारी संभाली

● फिफ्टी पार्टनरशिप कर चुके दोनों बल्लेबाज, 13 रन पर जायसवाल का विकेट गिरा था, इंग्लैंड के 387 रनों पर 10 विकेट

**लंदन, वार्ता।** भारत ने इंग्लैंड को लार्ड्स टेस्ट की पहली पारी में 387 रन पर ऑलआउट कर दिया है। जवाबी पारी में भारत ने 13 रन पर यशस्वी जायसवाल (13 रन) का विकेट गंवा दिया है।

4 साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी कर रहे जोफ्रा आर्चर ने यशस्वी को स्लिप पर हैरी ब्रुक के हाथों कैच कराया। आखिरी सेशन में भारतीय टीम का स्कोर 65/1 है। केएल राहुल और करुण नायर नाबाद हैं। दोनों के बीच फिफ्टी पार्टनरशिप हो चुकी है। शुक्रवार को मैच के दूसरे दिन इंग्लैंड ने 251/4 के स्कोर से खेलना शुरू किया। टीम ने लंच से पहले 271 रन पर 7 विकेट गंवा दिए थे। यहां से जैमी स्मिथ (51 रन) ने ब्रायडन कार्स (56 रन) के साथ 8वें विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी करके स्कोर 350 पार पहुंचाया। लाड्र्स मैदान पर आज 99 रन से पारी को आगे बढ़ाने वाले जो रूट ने 104 रन बनाए। उन्हें जसप्रीत बुमराह ने बोल्ड कर दिया। बुमराह ने पारी में 5 विकेट झटके। उन्होंने इस सीरीज में दूसरी और करियर में 15वीं बार पारी में 5 विकेट झटके हैं। उन्होंने जोफा आर्चर, क्रिस वोक्स, जो रूट बेन स्टोक्स और हैरी ब्रुक को आउट किया। 18वें ओवर में केएल राहुल और करुण नायर ने फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली है। करुण नायर ने ब्रायडन कार्स के ओवर की दूसरी बाल पर दो रन लेकर साझेदारी को 50 पार पहुंचाया। 16वें ओवर में भारतीय टीम ने पहली पारी में 50 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। करुण नायर ने ब्रायडन कार्स की तीसरी बाल पर चौका लगाकर टीम स्कोर 50 पार पहुंचाया। करुण नायर तीसरे सेशन के पहले ओवर में डीआरै लेकर आउट होने से बच गए। कप्तान बेन स्टोक्स ने दूसरी बाल लेग स्टंप पर रखी थी, जो उछाल लेते हुए विकेटकीपर जैमी स्मिथ के पास गई। इंग्लिश प्लेयर्स की अपील पर फील्ड अंपायर ने उंगली भी उठा दी। ऐसे में नायर ने डीआर लिया। रिप्ले से पता चला कि बाल ने बल्ले का किनारा नहीं लिया था। लाड्र्स टेस्ट का दूसरा सेशन भी मिला. जुला रहा है। 21.3 ओवर के इस सेशन में 78 रन बने और 4 विकेट गिरे। इनमें से एक विकेट भारत ने 44 रन बनाने में गंवा दिया। जबकि इंग्लैंड ने आखिरी 3 विकेट गंवाने में 34 रन बना डाले। इंग्लिश टीम पहली पारी में 387 रन पर आलआउट हुई। 8वें ओवर में करुण नायर ने जोफ्रा आर्चर की बाल पर लगातार को चौके लगाए। उन्होंने ओवर की चौथी बाल पर सामने की ओर चौका लगाया। 5वीं बाल पर अनियंत्रि शाट खेलकर शार्ट फाइन लेग पर आउट होने से बचे। यह बाल भी बाउंड्री से बाहर चली गई। आर्चर के इस ओवर से 10 रन आए। भारतीय टीम ने दूसरे ओवर में ही पहला विकेट गंवा दिया है। 4 साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी कर रहे आर्चर ने यशस्वी जायसवाल को दूसरे स्लिप पर हैरी ब्रुक के हाथों कैच कराया। भारतीय पारी का पहला ओवर डाल रहे क्रिस वोक्स ने 13 रन खर्च कर दिए। उनके ओवर में ओपनर जायसवाल ने 3 चौके लगाए।




# कर्टिस ने पांच गेंद में पांच विकेट लेकर रचा इतिहास

● कर्टिस कैम्फर को अपने दूसरे और तीसरे ओवर के दौरान यह पांचों विकेट हासिल हुए

**डबलिन, वार्ता।** आयलैंड के ऑलराउंडर कर्टिस कैम्फर पेशेवर क्रिकेट में पांच गेंदों में पांच विकेट लेकर इतिहास रच दिया है। वह यह कारनामा करने वाले पहले गेंदबाज हैं। मुनस्टर रेड्स के कप्तान कैम्फर ने इंटर-प्रोविंसियल टी-20 ट्रॉफी में नॉर्थ-वेस्ट वॉरियर्स के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। कैम्फर को अपने दूसरे से तीसरे ओवर के दौरान यह पांचों विकेट हासिल किए। वॉरियर्स 189 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 87/5 के बाद 88 पर सिमट गई। पाँच विकेटों में से पहले विकेट जेरेड विल्सन 12वें ओवर की आखिरी गेंद पर आउट हुए, जब कैंपर की गेंद लस्वग होकर ऑफ स्टंप से टकरा गई। अगली गेंद पर, ग्राहम ह्यूम बैकफुट पर पगबाधा हो गए यह इनस्विंगर उनके पैड पर लगी। इसके साथ ही कैंपर ने अपने अगले ओवर की शुरुआत में हैट्रिक बना ली और यह हैट्रिक तब आई जब 14वें ओवर की पहली गेंद पर एंडी मैकब्राइन डीप मिडविकेट की ओर स्लॉग शॉट खेलने में चूक गए। कैम्फर ने इस मैच कुल 2-3 ओवर की गेंदबाजी करते हुए 16 रन देकर पांच विकेट झटके। कैम्फर ने अपनी इस उपलब्धि पर कहा कि ओवरों के बदलाव के बीच मुझे समझ नहीं आ रहा था कि क्या हो रहा है। मैं बस चीजो को बहुत सरल रखने पर बल दिया और सौभाग्य से मैं ऐसा कर पाने में सफल रहा। जब उनसे पूछा गया कि अगर कोई और बल्लेबाज आता तो क्या वह छह में से छह रन बना पाते, तो कैम्फ़र ने कहा कि नहीं, मुझे नहीं लगता। दोनों ही चीजें मुझे स्वीकार्य होतीं। मैं बस खेलकर खुश हूं। उंगली की चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय और टी-20 सीरीज से बाहर होने के बाद यह कैम्फर का दूसरा मैच था। मंगलवार को लेइनस्टर लाइटनिंग के खिलाफ अपने वापसी मैच में उन्होंने 35 गेंदों पर 57 रन बनाए थे, लेकिन गें. दबाजी नहीं की थी। गुरुवार को भी उन्होंने 24 गेंदों पर 44 रन बनाए और फिर पांच विकेट लिए। कैम्फर अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैचों में चार गेंदों पर चार विकेट लेने वाले गेंदबाजी की सूची में शामिल हैं यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी नहीं हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### लगातार तीसरी बार विंबलडन फाइनल में पहुंचे अल्काराज

**लंदन, वार्ता।** दूसरी वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज ने पांचवीं सीड अमे. रिका के टेलर फ्ट्िज को शुक्रवार को चार सेटों के संघर्षपूर्ण मुकाबले में हराकर लगातार तीसरी बार विम्बलडन टेनिस प्रतियोगिता के पुरुष एकल फाइनल में प्रवेश कर लिया। दो बार के गत विजेता कार्लोस अल्काराज ने अमेरिकी टेलर फ्ट्िज को 6-4, 5-7, 6-3, 7-6(6) से हराकर लगातार तीसरी बार विंबलडन फाइनल में प्रवेश किया। धूप से तपते सेंटर कोर्ट पर खेलते हुए, अल्काराज ने अपने पहले सर्व के 88 प्रतिशत अंक जीते, लेकिन दो घंटे 48 मिनट तक चले मुकाबले के दौरान उन्हें कई बार दबाव में रहना पड़ा। दूसरे सेट के अंतिम चरण में स्पेनिश खिलाड़ी थोड़ी देर के लिए बराबरी पर आ गए, लेकिन तीसरे सेट में उन्होंने प्रभावशाली वापसी की और अपनी बेसला. इन पावर और निरंतरता से पांचवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को पीछे छोड़ दिया।

### कार्लसन ने बिना कोई मोहरा गंवाए चैटजीपीटी को हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** शतरंज के दिग्गज मैग्नस कार्लसन, जो पहले ही पांच क्लासिकल विश्व चैंपियनशिप और रैपिड तथा ब्लिट्ज दोनों प्रारूपों में शीर्ष वैश्विक रैंकिंग के साथ ओवर-द-बोर्ड शतरंज की दुनिया में अपना दबदबा बना चुके हैं, अब अपना ध्यान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की चुनौतियों का सामना करने पर केंद्रित कर रहे हैं। नॉर्वे के इस खिलाड़ी ने हाल ही में ओपनएआई के संवादी एआई, चैटजीपीटी के साथ शतरंज के खेल में मुकाबला किया और बिना एक भी मोहरा गंवाए निर्णायक जीत हासिल की।

# माही को युगल पार्टनर चुनूंगा विंबलडन 2025 में सूर्यकुमार

● मैं निश्चित रूप से नोवाक जोकोविच को देखने आया हूं, मैंने उनके करियर पर नजर रख रखी है

**लंदन, वार्ता।** विंबलडन रॉयल बॉक्स में सितारों का आना जारी है, ऐसे में भारतीय टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव भी वहां रुकने वाले नए भारतीय क्रिकेटर हैं। उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार से टेनिस के प्रति अपने प्रेम, अपने खेल के दिग्गजों और अपने जीवन में क्रिकेट-टेनिस के अप्रत्याशित मेल के बारे में बात की। विंबलडन में पहली बार आने की वजह पर सूर्या ने कहा कि मैं टेलीविजन पर टेनिस काफी देखता हूं।

मैंने हमेशा सेंटर कोर्ट के माहौल के बारे में सुना है, खासकर जब आप अंदर कदम रखते हैं। मैं यहां उस अद्भुत एहसास का अनुभव करने आया हूं। विंबलडन में पहली बार टेनिस देखने और अपने सूट के पीछे की प्रेरणा के बारे में उन्होंने कहा कि मैं पहली बार यहां आया हूं, और मैं सब कुछ सही करना चाहता था। सच कहूं तो, मेरी पत्नी मेरा बहुत ख्याल रखती है।

वह पिछले तीन-चार दिनों से मेरे साथ रही है और मुझे इस शानदार टूर्नामेंट में क्या पहनना है, यह तय करने में मदद कर रही है। इतने सारे लोग बड़ी संख्या में आए हैं, मैं भी उनमें से एक हूं, बस यही अनुभव करने आया हूं। जिन सितारों को देखने का वह बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, उनके बारे में सूर्या ने कहा कि मैं निश्चित रूप से नोवाक जोक. ोविच को देखने आया हूं। मैं बहुत लंबे समय से उनके करियर पर नजर रख रहा हूं। मैंने उनकी किताब 'सर्व टू विन' भी पढ़ी है, जिसने मुझे वाकई प्रेरित किया। मैंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण थोड़ी देर से किया, हालांकि 30 साल की उम्र ज्यादा नहीं, लेकिन मैं उनके सफर और दृढ़ता से खुद को जोड़ पाया। जिस तरह से वह आगे बढ़ते रहते हैं, वह अद्भुत है। सूर्या ने अपने पसंदीदा टेनिस खिलाड़ियों, भूतपूर्व और वर्तमान, के बारे में कहा कि अगर हम खास तौर पर विंबलडन की बात कर रहे हैं, तो निश्चित रूप से पीट सम्प्रास और रोजर फेडरर। मुझे याद है कि जब भी इनमें से कोई यहां आता था, तो दर्शक कैसे पागल हो जाते थे। लेकिन मेरे सर्वकालिक पसंदीदा खिलाड़ी नोवाक जोकोविच हैं। और वर्तमान में, मैं कार्लोस अल्काराज का नाम लूंगा, वह कोर्ट पर धमाल मचा रहे हैं।

# गेंदबाजी में सुधार का श्रेय कमिंस-मॉर्कल को: रेड्डी

**लॉर्ड्स, वार्ता।** इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन एक ही ओवर में दो विकेट झटकने वाले भारतीय तेज गेंदबाज नीतीश कुमार रेड्डी ने कहा कि उनकी गेंदबा. जी में सुधार का श्रेय इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उनके कप्तान पैट कमिंस और भारतीय गेंदबाजी कोच मोर्न मॉर्कल को जाता है।

पहले दिन के खेल के बाद रेड्डी ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद मुझे महसूस हुआ कि मुझे अपनी गेंदबाजी और निरंतरता पर काम करने की आवश्यकता है। मैंने पैट से जब इस संबंध में बात की तो उन्होंने मुझे बताया कि मुझे ऑस्ट्रेलिया में कैसी गेंदबाजी करनी चाहिए थी और मैं ऑस्ट्रेलिया में कैसी गेंदबाजी कर सकता हूं। यह मेरे लिए बड़ा अनुभव था और इस दौरे की शुरुआत से पहले मॉर्कल के साथ काम करना भी मेरे काम आया। वह पिछले कुछ सप्ताह से मेरे साथ लगातार काम कर रहे हैं और मेरी गेंदबा. जी में बहुत सुधार दिखा है। उनके साथ काम करने में मजा आ रहा है। उन्होंने कहा कि चूंकि मुझे दोनों ओर लस्वग प्राप्त होती है इसलिए हम लगातार मेरी निरंतरता पर काम कर रहे हैं। मैं केवल उन एरिया में निरंतर होना चाहता हूं जहां जरूरत है और हम इस पर काम कर रहे हैं। मैं मेहनत कर रहा हूं लेकिन अंत में चीजों को समझना और स्वयं पर भरोसा रखना सबसे अहम है। जब आप स्वयं पर भरोसा करते हैं तभी आपकी कड़ी मेहनत रंग लाती है और मुझे अब यह बात समझ आ रही है। उन्होंने कहा कि चोट के बाद लय में आना मेरे लिए कठिन था। आईपीएल सीजन के आखिर में मैंने गेंदबाजी करना

## लारा ने कहा कि मुझे उनका रिकॉर्ड तोड़ने के लिए जाना चाहिए था : मुल्डर

**बुलावायो, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर वियान मुल्डर ने कहा है कि ब्रायन लारा ने उनसे कहा था कि उन्हें टेस्ट में सर्वाच्च व्यक्तिगत स्कोर का उनका रिकॉर्ड तोड़ने के लिए जाना चाहिए था। बुलावायो में जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट में मुल्डर ने लंच ब्रेक के दौरान पारी घोषित कर दी थी तब मुल्डर 367 के निजी स्कोर पर नाबाद थे। इस फैसले के बाद मुल्डर 2004 में, एंटीगा में इंग्लैंड के खिलाफ लारा द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड नाबाद 400 रन से 33 रन दूर रह गए थे। मुल्डर ने पारी घोषित करने के बाद कहा था कि लारा का रिकॉर्ड लारा के नाम ही रहना चाहिए लेकिन बाद में उन्होंने खुलासा किया कि इस मामले पर लारा की दूसरी राय थी। मुल्डर ने सुपरस्पोर्ट से कहा कि अब चीजें पहले के मुकाबले बेहतर हुई हैं। मेरी ब्रायन लारा से भी बात हुई है। उन्होंने मुझसे कहा कि मैं अपनी लीगेसी बना रहा हूं और मुझे रिकॉर्ड के लिए जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड टूटने के लिए ही होते हैं और उन्होंने यह उम्मीद जताई कि मैं दोबारा उस स्थिति में आऊं कि रिकॉर्ड तोड़ पाऊं।

# भारत में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेगा पाक

● भारत में होने वाले एशिया कप और जूनियर विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट को लेकर पाक चौकस

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक तनाव के कारण खेल संबंधों में गतिरोध बना हुआ है। भारत में इस साल बाद में एशिया कप और जूनियर विश्व कप हॉकी टूर्नामेंटों का आयोजन होना है।

पाकिस्तान इन टूर्नामेंटों के लिए अपनी राष्ट्रीय हॉकी टीम भेजने पर फैसला लेने से पहले भारत में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेगा। पाकिस्तान सरकार के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि अगर कोई सुरक्षा खतरा होगा तो उनकी हॉकी टीम भारत नहीं भेजी जाएगी। प्रधानमंत्री युवा विकास एवं खेल कार्यक्रम के अध्यक्ष राणा मसूद ने कहा कि पाकिस्तान की हॉकी टीम टूर्नामेंट के लिए भारत तभी जाएगी जब सरकार सुरक्षा स्थिति से पूरी तरह संतुष्ट होगी। पूर्व मंत्री ने कहा कि पाक नागरिकों के लिए भारत में स्थिति से अगर वह संतुष्ट नहीं है, तो वह हमारे किसी भी खिलाड़ी को भारत में खेलने के लिए भेजकर उसे जोखिम में नहीं डालेगा।

## नए पाक कोच माइक हेसन ने बाबर आजम व शाहीन अफरीदी की वापसी की राह बताई

● दोनों खिलाड़ी इस समय कराची में अपने साथियों के साथ एक प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रहे हैं

**इस्लामाबाद, वार्ता।** पाकिस्तान के नए सीमित ओवरों के कोच माइक हेसन ने उन कदमों का खुलासा किया है जो अनुभवी जोड़ी बाबर आजम और शाहीन अफरीदी को टी-20 अंतर्राष्ट्रीय टीम में वापसी के लिए उठाने होंगे।

बाबर और शाहीन ने 2021 और 2022 में आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के नॉकआउट चरणों में पाक को लगातार जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी, लेकिन हाल ही में वे टी-20 विश्व कप में टीम से बाहर हो गए हैं और पिछले महीने की शुरुआत में घरेलू धरती पर बांग्लादेश को 3-0 से हराने वाली हेसन की पहली टीम में भी नहीं थे।

हेसन ने सुझाव दिया कि बाबर और शाहीन दोनों ही अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए उनकी दीर्घकालिक योजनाओं में शामिल हैं और दोनों इस समय कराची में अपने साथियों के साथ एक प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रहे हैं।

ये साथी खिलाड़ी इस महीने के अंत में मीरपुर में तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला के लिए बांग्लादेश जाएंगे। हेसन ने स्पष्ट किया कि बाबर की टीम में वापसी विकेटकीपर के रूप में पहली पसंद बनकर नहीं हुई, बल्कि पूर्व कप्तान अपने साथी शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों फखर व सैम अयूब के साथ सलामी बल्लेबाज के रूप में दो में से एक स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे।

# पंत लॉर्ड्स टेस्ट के दूसरे दिन भी रहेंगे बाहर



● जुरेल कर रहे हैं कीपिंग, लॉर्ड्स टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड की पारी के 34वें ओवर में पंत को लगी थी चोट जिसके बाद वह मैदान से बाहर चले गए थे

**लंदन, वार्ता।** भारत के विकेटकीपर ऋषभ पंत, जिन्हें लॉर्ड्स टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड की पारी के 34वें ओवर में चोट लगी थी और उसके बाद मैदान से बाहर चले गए थे, दूसरे दिन भी वह अब मैदान पर नहीं लौटेंगे और उनकी जगह ध्रुव जुरेल ही विकेटकीपिंग करेंगे। बीसीसीआई ने पंत की चोट को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस बात की जानकारी दी है कि उनकी चोट पर मेडिकल टीम नजर बनाए हुए है और दूसरे दिन भी वह मैदान पर नहीं आएंगे। उस पोस्ट में ये भी लिखा है कि जुरेल ही दूसरे दिन भी विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी निभाएंगे। इससे पहले लॉर्ड्स टेस्ट के पहले दिन के दूसरे सत्र में ध्रुव जुरेल को विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी के लिए बुलाना पड़ा था। दरअसल, ऋषभ पंत को दूसरे सत्र में लेग स्टंप के बाहर जाती हुई गेंद को कलेक्ट करते हुए बाएं हाथ की उंगली में चोट आ गई थी। जिसके बाद उनके उपचार के लिए खेल को काफी देर रोकना भी पड़ा, इसके बावजूद पंत दर्द में नजर आए। उन्होंने इंग्लैंड की पारी का वह 34वां ओवर तो पूरा किया लेकिन उसके बाद उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। 2017 से ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में नियम में बदलाव आया था जिसके बाद से मैच के दौरान विकेटकीपर को चोट लगने पर दल में मौजूद विशेषज्ञ विकेटकीपर से सब्सटिट्यूट किया जा सकता है, लेकिन वह सिर्फ कीपिंग कर सकता है। बल्लेबाजी करने की अनुमति उस सब्सटिट्यूट विकेटकीपर की नहीं होती है। अगर पंत बल्लेबाजी कर पाने में सक्षम रहते हैं तो वही करेंगे नहीं तो फिर भारत को एक कम बल्लेबाज के साथ उतरना पड़ेगा। डेब्यू करने के बाद से पंत भारत के लिए टेस्ट में दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने इस सीरीज के पहले टेस्ट में भी दो

# येरे अल्वारेज ने स्वीकारा उनका ड्रग टेस्ट पॉजिटिव था

● सकारात्मक नतीजा इस उपचार के कारण था जिसका उपयोग कीमोथैरिपी के बाद बाल झड़ने को रोकने के लिए कर रहे थे

**मैड्रिड, वार्ता।** यूरोपा लीग के सेमीफाइनल के बाद एथलेटिक क्लब बिलबाओ के डिफेंडर येरे अल्वारेज ने स्वीकार किया है कि उनकी प्रतिबंधित पदार्थ की जांच का नतीजा पॉजिटिव था और उन पर चार साल तक का निलंबन लग सकता है।

स्पेन के पेशेवर फुटबॉल खिलाड़ी अल्वारेज ने 2016 में वृषण कैंसर का इलाज कराया था और बीमारी से उबरने के बाद उन्हें फिर से यह बीमारी हो गई थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा कि पिछले सीजन में मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाफ यूरोपा लीग सेमीफाइनल के बाद उनका प्रतिबंधित पदार्थ के लिए जांच का नतीजा सकारात्मक था। बचाव पक्ष की ओर से बताया कि सकारात्मक नतीजा उस उपचार के कारण था जिसका उपयोग वह कीमोथेरेपी के बाद बालों के झड़ने को रोकने के लिए कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अपनी बीमारी पर काबू पाने के बाद, मैं कई वर्षों से एलोपेसिया का इलाज करा रहा हूं और मेरे मामले का अध्ययन करने के बाद हमने पाया है कि सकारात्मक परिणाम इसलिए आया क्योंकि मैंने बालों के झड़ने के इलाज के दौरान अनजाने में प्रतिबंधित पदार्थ ले लिया था। येरे ने सोशल मीडिया मंच पर लिखा कि यह खबर पाकर मुझे गहरा सदमा लगा, मुझे यकीन ही नहीं हो रहा था, क्योंकि मैंने जिंदगी में कभी भी प्रतिबंधित पदार्थों का सेवन नहीं किया है।

# यह मुझे उम्रदराज महसूस कराता है: 100वें टेस्ट पर स्टार्क




स्टार्क फ्रंट लाइन तेज गेंदबाजों में इस उपलिब्ध तक पहुंचने वाले 12 खिलाड़ी बनेंगे

**किंग्स्टन, वार्ता।** पिछले सप्ताह क्रेग ब्रैथवेट 100वें टेस्ट की उपलब्धि तक पहुंचने वाले 82वें खिलाड़ी बने थे जबकि मिशेल स्टार्क फ्रंटलाइन तेज गेंदबाजों में इस उपलब्धि तक पहुंचने वाले केवल 12वें खिलाड़ी बनेंगे।

अपने 14 वर्ष के लंबे करियर में स्टार्क वेस्टइंडीज के खिलाफ सबीना पार्क में रविवार से खेले जाने वाले तीसरे टेस्ट के दौरान इस उपलब्धि तक पहुंच जाएंगे, वह 400 टेस्ट विकेट हासिल करने से भी केवल पांच विकेट दूर हैं। स्टार्क ने कहा कि उनके लिए यहां तक पहुंचना अपने आप में एक बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि बड़ा होते समय मैं हमेशा ही ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलना चाहता था लेकिन मुझे नहीं लगता था कि मैं कभी एक टेस्ट मैच भी खेल पाऊंगा। लेकिन 99 टेस्ट खेलना मेरे लिए बड़े गर्व की बात है। स्टार्क ने अपनी इस यात्रा में जॉश हेजलवुड और पैट कमिंस के साथ अपनी मित्रता पर भी बात की जिन्होंने उन्हें बतौर गेंदबाज विकसित होने में मदद की जिसमें वोबल सीम पर पकड़ बनाना भी शामिल है। स्टार्क ने कहा कि जब गेंद अधिक हरकत नहीं कर रही होती थी तो मेरे पास अधिक अलग करने के लिए कुछ नहीं हुआ करता था। हां मेरे पास गेंद को रिवर्स कराने की क्षमता थी लेकिन यह खेल के मध्य के हिस्से में संभव था। बतौर गेंदबाज विकसित होने में मेरे दो करीबी मित्रों जोश हेजलवुड और पैट कमिंस जो कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक हैं, ने मेरी काफी मदद की। मैंने उनसे काफी कुछ सीखा है। इसके बाद अलग-अलग चरणों में और दुनिया के अन्य हिस्सों में गेंदबाजी करने में मदद मिली। तीनों तेज गेंदबाजों के बीच का रिश्ता और उनके करियर की ओवरलैपिंग प्रकृति, जिसमें उन्होंने एक साथ 37 टेस्ट मैच खेले हैं, ने भी दोनों की मदद की है। स्टार्क ने कहा कि मुझे या हम तीनों को इस बात का एहसास है कि हम कितने भाग्यशाली हैं कि हम सब एक ही जगह से हैं। हम साथ में ट्रेनिंग करते हैं, सालों से रिहैब रूम में साथ बैठते हैं। एक-दूसरे को आगे बढ़ाने की क्षमता, चाहे वो एक खराब हफ्ता हो या टेस्ट हफ्ता। मुझे लगता है कि यही हम तीनों के लंबे करियर में खास तौर पर योगदान देता है। स्टार्क ने खुद 2022 के अंत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उंगली में चोट लगने के बाद से कोई भी टेस्ट मैच नहीं छोड़ा है, जिसके कारण उन्हें तीन मैचों से बाहर होना पड़ा था। हालांकि उन्होंने एमसीजी में खेले गए उस मैच में भी गेंदबाजी की थी। तेज गें. दबाजी के नुकसान के बारे में उन्होंने कहा कि ज्यादातर दिनों में कुछ निशान और कुछ दर्द वाले हिस्से होते हैं। चाहे वो झटके हों या दर्द निवारक दवाएं, मुझे पता है कि मैं क्या कर सकता हूं और क्या नहीं। मैं कभी भी ऐसे मैच में नहीं जाऊंगा जिसके बारे में मुझे नहीं लगता कि मैं अपना 100 फीसदी दे सकता हूं।

# श्रीलंका ने बांग्लादेश को सात विकेट से हराया

**पल्लेकेले, वार्ता।** कुसल मेंडिस (73) की शानदार अर्द्धशतकीय पारी के दम पर श्रीलंका ने पहले टी-20 मुक. ाबले में बांग्लादेश को छह गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया। इसी के साथ श्रीलंका ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली है।

155 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका के लिए पथुम निसंका और कुसल मेंडिस की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरआत करते हुए पहले विकेट के लिए 78 रनों की साझेदारी की। पांचवें ओवर में मेहदी हसन मिराज ने पथुम निसंका को आउटकर बांग्लादेश को पहली सफलता दिलाई। पथुम निसंका ने 16 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए 42 रनों की पारी खेली। 13वें ओवर में कुसल परेरा 24 रन बनाकर आउट हुये। 18वें ओवर में श्रीलंका का तीसरा विकेट कुसल मेंडिस के रूप में गिरा। कुसल मेंडिस ने 51 गेंदों में पांच चौके ओर तीन छक्के लगाते हुए 73 रन बनाये। श्रीलंका ने 19 ओवर में तीन विकेट पर 159 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया। अविष्का फर्नांडो 11 और कप्तान चरित असालंका एक रन बनाकर नाबाद रहे। बांग्लादेश की ओर से मोहम्मद सैफुद्दीन, मेहदी हसन मिराज और रिशाद हुसैन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले श्रीलंका ने टॉस जीतकर बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश के परवेज हुसैन इमॉन और तंजिद हसन ने पहले विकेट के लिए 46 रन जोड़े।

# भागवत की टिप्पणी

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने उम्र को लेकर एक ऐसा बयान दे डाला, जिससे देश में एक नई बहस छिड़ गई। राम जन्म भूमि आंदोलन के प्रेरक दिवंगत मोरोपंत पिंगले पर लिखी एक पुस्तक का विमोचन कार्यक्रम में भाग लेते हुए मोहन भागवत ने कह डाला कि 75 साल की उम्र के बाद नेताओं को रिटायरमेंट ले लेना चाहिए। उनका कहना था कि जब आपको 75 साल पूरे होने पर शॉल ओढ़ाई जाने लगे, तो समझिए कि दूसरों को मौका देने का समय आ गया है। उनके इस बयान के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं शुरू हो गई हैं कि आखिर मोहन भागवत का इशारा किस तरफ है। जैसाकि होता है विरोधी दलों ने तुरंत मोहन भागवत के बयान को प्रधानमंत्री मोदी से जोड़ दिया। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कहा कि बेचारे पुरस्कार जीवी प्रधानमंत्री! यह कैसी घर वापसी है। लौटते ही उन्हें याद दिला दिया गया कि 17 सितम्बर 2025 को वह 75 साल के होने जा रहे हैं। हालांकि मोहन भागवत भी 11 सितम्बर 2025 को 75 साल के हो जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी दस जुलाई को पांच देशों की यात्रा से लौटे हैं और कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने शायद इसी आधार पर उनकी घर वापसी बताया। यूं तो भाजपा के भीतर एक निश्चित उम्र तक पद पर रहने को लेकर कोई आधिकारिक नियम नहीं है, लेकिन फिर भी उन्होंने कई अवसरों पर पार्टी लाइन से हटकर कुछ नियम बनाए हैं विशेषकर 2014 के बाद। 2014 के लोकसभा चुनाव में भी हमने देखा था कि किस तरह भाजपा में 75 साल की उम्र से ज्यादा उम्र के नेताओं को रिटायर करने का ट्रेंड शुरू हुआ था। जिन नेताओं ने 75 साल पूरे कर लिए थे, उनमें लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी जैसे नेता थे। उस समय एक मार्गदर्शक मंडल भी बनाया गया था। ताकि उस मंडल के माध्यम से उनके अनुभवों का लाभ पार्टी उठा सके। इतना ही नहीं पहली बार बने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी कैबिनेट में 75 साल से कम उम्र के नेताओं को जगह दी थी। अब सवाल यह है कि क्या यह नियम आगे भी जारी रहता है या केवल वहीं तक था। अगर यह नियम जारी रहता है, तो 17 सितम्बर 2025 को पीएम मोदी 75 साल के होने जा रहे हैं। जाहिर है, अगले लोकसभा में वह प्रधानमंत्री के दावेदार नहीं हो सकते। हालांकि यह केवल कयास ही हैं, क्योंकि जैसाकि हमने पहले ही कहा कि यह पार्टी का कोई आधिकारिक नियम नहीं है या पार्टी हितों को ध्यान में रखकर अलग से कुछ स्थानों के लिए सीमाएं लागू की गई हैं, लेकिन यह तो मानना ही पड़ेगा कि पिछले कुछ वर्षों में यह नियम कड़ाई से लागू किया गया और भाजपा के कई कद्दावर नेता संविधानिक पदों की जिम्मेदारी से बाहर हो गए। 2016 में गुजरात की मुख्यमंत्री आनंदी पटेल ने भी इस्तीफा दे दिया था, जबकि उनकी आयु 75 की हो गई थी। इसी वर्ष नज्मा हयातुल्ला ने भी मोदी कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था और लोकसभा व विधानसभा के उम्मीदवारों के टिकटों के कटने की लंबी लाइन है, जिन्हें 75 वर्ष की आयु के चलते टिकट नहीं मिला। वैसे यह पार्टी का अपना मामला है कि उसका अगला पीएम कौन होगा।

## बेहद ही सफल रहा ऑपरेशन सिंदूर



कई विदेशी समाचार एजेंसियों ने भारत को लेकर भ्रामक और तथ्यहीन जानकारी प्रकाशित की है, भारत का ऑपरेशन सिंदूर बेहद ही सफल रहा, हमने पाकिस्तान में नौ ठिकानों को निशाना बनाया था, इसमें से एक भी नहीं चूका, विदेशी प्रेस ने कहा कि पाकिस्तान ने यह किया, वो किया, आप मुझे एक भी फोटो या सबूत दिखाइए, जिसमें भारत में किसी इमारत को नुकसान हुआ हो, एक कांच तक टूटा हो, उन्होंने बातें लिख दीं और छाप दीं, विदेशी मीडिया द्वारा जारी की गई सैटेलाइट तस्वीरों में 10 मई से पहले और बाद में पाकिस्तान के 13 एयरबेस दिखाए गए, चाहे वह सरगोधा हो, रहीम यार खान हो या चकलाला, मैं सिर्फ वही बता रहा हूं जो उन्होंने अपनी रिपोर्टिंग में छापा, हममें यह क्षमता है कि अगर हम चाहें तो पाकिस्तान के एयरबेस को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

**–अजित डोभाल, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार**

# चंद्रचूड़ बंगला विवादः सुप्रीम कोर्ट का पत्र सरकार को चेतावनी!





**श्रवण गर्ग**

इस खुलासे से कि न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ से सरकारी आवास खाली कराने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को पत्र लिखा क्या देश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश की जनता में प्रतिष्ठा कम नहीं हुई होगी या फिर क्या ऐसा हुआ होगा कि चंद्रचूड़ और उनके परिवार के प्रति जनता की सहानुभूति बढ़ गई और चर्चा या आलोचना सुप्रीम कोर्ट प्रशासन द्वारा उठाए गए अभूतपूर्व कदम और सरकार की भूमिका पर केंद्रित हो गई?

देश भर के अखबारों/टीवी चैनलों ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित/प्रसारित किया था कि सेवानिवृत्ति के आठ महीने बाद भी चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट के आवास पूल में मुख्य न्यायाधीश के लिए निर्धारित बंगला खाली नहीं किया। न्यायाधीशों को सेवानिवृत्ति के बाद केवल छह माह तक ही सरकारी आवास के उपयोग की पात्रता है। सुप्रीम कोर्ट को चार वर्तमान न्यायाधीशों के लिए आवासों की आवश्यकता है।

चंद्रचूड़ साहब ने अपने स्पष्टीकरण में जिन बातों का खुलासा किया उनमें प्रमुख यह था कि उनकी बेटियां गंभीर जेनेटिक और न्यूरोलॉजिकल समस्याओं से जूझ रही हैं। उनके इलाज के लिए आवास में एक विशेष प्रकार के चिकित्सीय सेट-अप की जरूरत पड़ती है। उन्होंने सरकार से किराए पर वैकल्पिक आवास उपलब्ध करवाने की प्रार्थना की थी, जिसे स्वीकार कर लिया गया था।

चंद्रचूड़ साहब ने तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना से दिसम्बर 2024 में निवेदन किया था कि वर्तमान आवास में 30 अप्रैल तक रहने की अनुमति प्रदान की जाए। अनुमति दे दी गई थी। उन्होंने न्यायमूर्ति खन्ना से 28 अप्रैल को पुनः आवेदन किया कि चूंकि वैकल्पिकआवास प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है अतः अनुमति की अवधि को 30 अप्रैल तक बढ़ा दिया जाए। इस आवेदन का उन्हें कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। खबरों के मुताबिक चंद्रचूड़ साहब ने वर्तमान मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई के संज्ञान में भी यह बात ला दी थी कि सरकार ने वैकल्पिक आवास आवंटित कर दिया है और आवश्यक मरम्मत के बाद ठेकेदार ने उसे 30 जून तक सौंपने का वायदा किया है।

वर्तमान आवास में ही निवास जारी रखने की अवधि आगे बढ़ाने संबंधी चंद्रचूड़ साहब के आवेदनों के पीछे मुख्य कारण यही समझा जा सकता है कि सरकार ने बंगला तो आवंटित कर दिया पर आठ महीनों में भी उसकी मरम्मत करवा कर उनके शिफ्ट होने लायक नहीं बनवाया जा सका। चंद्रचूड़ साहब ने यह भी बताना चाहा कि चूंकि आवंटित किया गया बंगला दो वर्षों से खाली पड़ा था उसमें काफी मरम्मत की जरूरत थी। सामान अब पैक्ड है और ठेकेदार का ओके मिलते ही शिफ्ट कर देंगे।

चंद्रचूड़ साहब के इस कथन के बाद कि जिस आवंटित बंगले में मरम्मत चल रही है वह दो साल से खाली पड़ा था नागरिक-जिज्ञासा इस सवाल पर टिक जाती है कि एक ऐसे समय जब विशिष्ठ और अति-विशिष्ठ व्यक्तियों के लिए आवासों की किल्लत चल रही हो पिछले साल इन्हीं महीनों में कोई दो सौ पूर्व सांसदों को बंगले खाली करने के नोटिस जारी किए गए थे दिल्ली के पॉश लुटियंस झोनमें कोई बंगला दो साल तक खाली कैसे पड़ा रह सकता है?

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश मार्कण्डेय काटजू ने पिछले साल अक्टूबर में आरोप लगाया था कि चंद्रचूड़ साहब के पास न सिर्फ वह बंगला (5, कृष्ण मेनन मार्ग) है जिसका वे मुख्य न्यायाधीश के रूप में इस्तेमाल करते हैं कथित तौर पर उन्होंने तुगलक रोड स्थित उस बंगले का आधिपत्य सरकार को वापस नहीं सौंपा है जिसमें वे न्यायाधीश के रूप में दो वर्षों तक रहते रहे हैं। काटजू साहब ने अपने मेल को तब (संभवतः) न्यायमूर्ति खन्ना और न्यायमूर्ति गवई सहित न्यायपालिका के अन्य व्यक्तियों के साथ भी शेयर किया था।

काटजू साहब ने अपने मेल के अंत में यह भी लिखा था कि उन्हें प्राप्त जानकारी अगर गलत है तो मुख्य न्यायाधीश या उनकी ओर से कोई अन्य व्यक्ति सार्वजनिक तौर पर वक्तव्य जारी करके खंडन कर सकता है। काटजू साहब की उक्त चुनौती के बाद सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री या किसी अन्य के द्वारा कोई खंडन व्यक्तिशः उन्हें अथवा मीडिया को भेजा गया हो ऐसा जानकारी में नहीं आया जिससे कि मामले में संदेह उत्पन्न होता है।

काटजू साहब के साल भर पहले के कथन में अगर सत्यता थी तो क्या यह माना जा सकता है कि जिस बंगले में मरम्मत चल रही है वह वही होगा, जिसमें चंद्रचूड़ साहब मुख्य न्यायाधीश बनने के पूर्व तक निवास करते थे या फिर वह कोई अन्य बंगला है? अपनी सेवानिवृत्ति के पहले किसी बातचीत के दौरान इस सवाल के जवाब में कि पद छोड़ने के बाद क्या कोई सरकारी पेशकश स्वीकार करेंगे चंद्रचूड़ साहब ने जो कहा उसका आशय यही समझा गया था कि वे ऐसा कोई काम नहीं करेंगे जिससे मुख्य न्यायाधीश के पद की प्रतिष्ठा और सुप्रीम कोर्ट की गरिमा को ठेस पहुंचे। क्या माना जा सकता है कि उनके द्वारा की गई सरकारी बंगले की मांग सरकार द्वारा उन्हें की जा सकने वाली किसी पद की पेशकश से भिन्न है?

अनुमान लगाया जा सकता है कि सुप्रीम कोर्ट प्रशासन को इस घटनाक्रम की पूरी जानकारी रही होगी कि चंद्रचूड़ साहब को वैकल्पिक बंगला आवंटित हो गया है और उसकी मरम्मत का काम अंतिम चरणों में है। इसके बावजूद उसके द्वारा अभूतपूर्व कदम उठाते हुए सरकारी आवास खाली करवाने को लेकर सरकार को पत्र लिखे जाने के नागरिक-अर्थ क्या हो सकते हैं? क्या यह नहीं कि सुप्रीम कोर्ट का पत्र हकीकत में सरकार को चेतावनी है कि न्यायपालिका के कामकाज में किसी भी तरह का प्रलोभन या हस्तक्षेप स्वीकार नहीं होगा?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पुराने वाहनों पर प्रतिबंध कितना असरदार

**क्या यह फैसला जल्दबाजी में लिया गया? निश्चित रूप से, नीति के कार्यान्वयन से पहले पर्याप्त जन जागरूकता अभियान, वैकल्पिक परिवहन समाधान और स्क्रैपिंग सुविधाओं की कमी ने इसे जल्दबाजी का फैसला साबित किया। साथ ही, तकनीकी बुनियादी ढांचे की अपर्याप्तता ने इसकी विफलता को और उजागर किया। दिल्ली सरकार का पुराने वाहनों पर ईंधन प्रतिबंध और जब्ती का फैसला पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक साहसिक कदम था, लेकिन इसकी खराब योजना और कार्यान्वयन ने इसे जनता के लिए परेशानी का सबब बना दिया।**



**रजनीश कपूर**

दिल्ली, भारत की राजधानी, जो अपनी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक समृद्धि के साथ-साथ वायु प्रदूषण की गंभीर समस्या के लिए भी जानी जाती है, एक बार फिर चर्चा में है। इस बार चर्चा का विषय है दिल्ली सरकार का पुराने डीजल और पेट्रोल वाहनों पर ईंधन आपूर्ति रोकने और उनकी जब्ती का फैसला।

इस नीति का उद्देश्य वायु प्रदूषण को कम करना था, लेकिन इसके लागू होने और फिर स्थगित होने की प्रक्रिया ने जनता के बीच भ्रम और असंतोष को जन्म दिया। क्या यह फैसला जल्दबाजी में लिया गया या जन दबाव का परिणाम था? क्या सरकारें ऐसे फैसले बिना सोचे-समझे लेती हैं?

दिल्ली सरकार ने 1 जुलाई 2025 से 10 वर्ष से अधिक पुराने डीजल वाहनों और 15 वर्ष से अधिक पुराने पेट्रोल वाहनों को ईंधन देने पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया। यह निर्णय कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट के निर्देश पर आधारित था, जो 2014 के नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और 2018 के सुप्रीम कोर्ट के आदेशों से प्रेरित था। इन आदेशों में दिल्ली में पुराने वाहनों के उपयोग और सार्वजनिक स्थानों पर पार्किंग पर रोक लगाने की बात कही गई थी। इस नीति के तहत, ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन कैमरों का उपयोग कर वाहनों की उम्र की पहचान की जानी थी, और जो वाहन एंड ऑफ लाइफ श्रेणी में आते, उन्हें ईंधन देने से मना किया जाता। साथ ही, उल्लंघन करने वाले वाहनों को जब्त करने और स्क्रैप करने का भी प्रावधान था।

इस नीति का प्राथमिक उद्देश्य दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण को कम करना था। आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में वाहनों से होने वाला प्रदूषण स्थानीय प्रदूषण का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा है। पुराने वाहन, जो आधुनिक उत्सर्जन मानकों का पालन नहीं करते, PM 2.5 और अन्य हानिकारक प्रदूषकों के प्रमुख स्रोत हैं। इस नीति को लागू करने के पीछे पर्यावरण संरक्षण और सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार का लक्ष्य था।

हालांकि इस नीति का उद्देश्य सराहनीय था, लेकिन इसके कार्यान्वयन ने जनता के बीच व्यापक भ्रम और असंतोष पैदा किया। 1 जुलाई को नीति लागू होने के कुछ ही दिनों बाद, पेट्रोल पंपों पर पुराने वाहनों को ईंधन देने से मना किया जाने लगा और कुछ मामलों में वाहनों को जब्त भी किया गया। इससे मध्यम वर्ग और निम्न-मध्यम वर्ग के लोगों में खलबली मच गई, जो अपनी आजीविका के लिए इन पुराने वाहनों पर निर्भर हैं।

दिल्ली में लगभग 62 लाख वाहन इस नीति से प्रभावित होने वाले थे, जिनमें कार, दोपहिया वाहन, ट्रक और यहां तक कि विंटेज वाहन भी शामिल थे। कई लोगों के लिए, यह वाहन केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि उनकी आर्थिक स्थिरता का आधार थे। उदाहरण के लिए, छोटे व्यापारी, डिलीवरी कर्मचारी और ऑटो-रिक्शा चालक जैसे लोग इन वाहनों पर निर्भर हैं। अचानक ईंधन की आपूर्ति बंद होने से उनकी आजीविका पर संकट मंडराने लगा।

इसके अलावा, नीति के कार्यान्वयन में तकनीकी खामियां भी सामने आईं। ANPR कैमरों की स्थापना और उनके संचालन में समस्याएं थीं, जैसे कि गलत सेंसर, डेटाबेस के साथ एकीकरण की कमी और हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट्स की पहचान में असमर्थता। इन तकनीकी समस्याओं ने नीति को और जटिल बना दिया। पर्यावरण के दृष्टिकोण से, पुराने वाहनों पर प्रतिबंध लगाना एक तार्किक कदम था। लेकिन इसके साथ ही यह भी तर्क दिया जा रहा था कि यदि कोई पुराना वाहन मौजूदा प्रदूषण के मानकों में पास पाया जाता है, उसके पास वैध प्रदूषण प्रमाण पत्र है तो वह प्रदूषण नहीं कर रहा। तो ऐसी स्थित में इस श्रेणी की गाड़ी को प्रतिबंधित क्यों किया जाए? नीति के लागू होने के कुछ ही दिनों बाद, 3 जुलाई को दिल्ली सरकार ने इसे स्थगित कर दिया और इसे 1 नवंबर 2025 तक टाल दिया। इस फैसले के पीछे जनता का तीव्र विरोध और तकनीकी चुनौतियां प्रमुख कारण थे। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा ने पत्र लिखकर इस नीति को समय से पहले और संभावित रूप से प्रतिकूल बताया और तकनीकी और बुनियादी ढांचे की कमियों का हवाला दिया। इसके अलावा, एक सर्वेक्षण में 79 प्रतिशत दिल्लीवासियों ने इस नीति का विरोध किया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि जन दबाव ने सरकार को पीछे हटने के लिए मजबूर किया। पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन ने भी दिल्ली हाई कोर्ट में इस नीति की व्यवहार्यता को चुनौती दी, जिसने भ्रम को और बढ़ाया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बिहार चुनावों में महिलाओं पर दांव के निहितार्थ



**ललित गर्ग**

बिहार में इस साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव आयोग ने अभी तक मतदान की तारीखों की घोषणा नहीं की है, लेकिन राज्य में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। विभिन्न राजनीतिक दल लुभावनी घोषणाएं कर रहे हैं, नए-नए मुद्दों को उछाला जा रहा है। गोपाल खेमका हत्याकांड हो या तंत्र मंत्र के चलते एक ही परिवार के पांच लोगों को जला देने की त्रासद घटना- नीतीश कुमार पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं।

विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मतदाता सूचियों के विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान पर संदेह के सवालों के साथ मुखर विपक्षी दल इसके खिलाफ राजनीतिक लड़ाई के साथ ही कानून विकल्पों पर भी गंभीरता से विचार कर रहे हैं। इस बीच, एनडीए की सहयोगी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान ने एनडीए से दूरी बनाते हुए बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का संकेत देकर सियासी परि.श्य को दिलचस्प बना दिया है।

इन्हीं परिदृश्यों के बीच बिहार सरकार ने सरकारी नौकरियों में स्थानीय महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने के फैसला लेकर चुनावी सरगर्मियों को एक नया मोड़ दे दिया है। बिहार सरकार का यह निर्णय केवल एक चुनावी रणनीति भर नहीं, बल्कि एक गहरे सामाजिक परिवर्तन का संकेतक भी है। तय है कि इस बार के बिहार चुनाव के काफी दिलचस्प एवं हंगामेदार होंगे। सरकारी नौकरियों में स्थानीय महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण के गहरे निहितार्थ हैं।




एनडीए की नीतिश सरकार ने स्थानीय महिलाओं को प्राथमिकता देने एवं उनके लिए सरकारी रोजगार उपलब्ध कराने के इस ब्रह्मास्ध्त्र को दाग कर चुनावी समीकरण अपने पक्ष में कर लिए हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसे ह्महिला सशक्तिकरण का राजनीतिक समाधान बताया, क्योंकि राज्य की महिलाएं कई चुनावों में निर्णायक भूमिका निभा रही हैं। पिछली लोकसभा चुनाव में महिलाओं की मतदान दर पुरुषों से कहीं अधिक रही, 59.45 प्रतिशत महिलाओं ने हिस्सा लिया जबकि पुरुष केवल 53 प्रतिशत मतदान करने पहुंचे। यह आंकड़ा दिखाता है कि चुनावी जीत में महिला मतदाता कितनी निर्णायक हो सकते हैं, साफ है, सत्ता की चाबी वहां महिलाओं ने अपने हाथों में ले ली है और वे धार्मिक व जातिगत आग्रहों से अधिक लैंगिक हितों से प्रेरित हैं।

बिहार उन शुरुआती राज्यों में एक है, जिसने पंचायत और स्थानीय निकायों में आधी आबादी के लिए 50 फीसदी सीटें आरक्षित की हैं। इस कदम ने यहां की स्त्रियों में जबर्दस्त राजनीतिक जागरूकता पैदा की है। चुनावों की दशा एवं दिशा बदलने में महत्वपूर्ण एवं निर्णायक किरदार निभाने के कारण ही हरेक राजनीतिक दल महिला वर्ग को आकर्षित करने में जुट गया है। राजद-कांग्रेस-वाम दलों का महागठबंधन 'माई-बहिन मान योजना' के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 2,500 रूपए देने का वायदा कर चुका है, तो राजद नेता तेजस्वी यादव बेरोजगारी और डोमिसाइल के मुद्दे को जोर-शोर से उठा रहे हैं। ऐसे में, नीतीश सरकार के इस नीतिगत दांव को समझा जा सकता है। जातिगत और स्थानीय समीकरण भुनाने के लिए निश्चित ही यह एक संगठित चाल है, जहां जाति और आवासीयता दोनों को आधार बनाया गया। यह सर्वविदित तथ्य है कि भारत में शैक्षिक क्षेत्र में लैंगिक खाई लगातार सिमट रही है। बिहार की बेटियां देश के अनेक महानगरों में अपनी योग्यता और मेहनत के दम पर पहचान बना चुकी हैं। सूचना क्रांति, बढ़ती अपेक्षाओं और सामंती बंधनों के ढीले पड़ते जाने के कारण अब ग्रामीण बिहार की बेटियां भी ऊंचे सपने संजो रही हैं। हाल ही में बिहार में शिक्षकों की नियुक्ति के दौरान यह देखा गया कि देश के विभिन्न प्रदेशों की योग्य लड़कियां इंटरव्यू देने आईं, जिनमें से अनेक ने सफलता प्राप्त की और अब बिहार के सरकारी स्कूलों में अध्यापन कर रही हैं। निस्संदेह, यह एक सैद्धांतिक रूप से प्रगतिशील और समावेशी समाज का प्रतीक है, जहां महिलाएं सीमाओं से परे जाकर अपनी पहचान बना रही हैं, लेकिन व्यावहारिक धरातल पर देखें, तो महिला सुरक्षा, सामाजिक असमानता, आवास व पारिवारिक बाधाएं, और प्रवास की मजबूरियां अब भी मौजूद हैं। ऐसे में यदि सरकारें योग्य महिलाओं को उनके घर के आस-पास ही रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएं, तो यह न केवल महिला सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक कदम होगा, बल्कि सामाजिक संरचना में स्थिरता और पारिवारिक सहूलियत का भी कारण बनेगा। यही कारण है कि नीतीश कुमार सरकार महिला मतदाताओं को लुभाने के लिए एक के बाद एक योजनाएं ला रही है। साइकिल योजना, पोशाक योजना, कन्या उत्थान योजना, वृद्धावस्था पेंशन में वृद्धि, पिंक टॉयलेट, महिला पुलिस भर्ती में आरक्षण जैसे कई कदम इस सिलसिले में पहले ही उठाए जा चुके हैं। यह मान्यता कि बेटियां अब सिर्फ अपने घरों की शोभा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की भागीदार हैं, नीति निर्माण में स्पष्ट झलकने लगा है।

यह न केवल बिहार की महिलाओं को उनके अधिकार का अनुभव कराएगा, बल्कि बेरोजगारी से जूझते प्रदेश में स्थानीय प्रतिभा के पलायन को भी रोकेगा। इस फैसले से खास तौर पर निम्न और मध्यमवर्गीय महिलाओं को फायदा होगा, जिनके लिए दूसरे शहरों में जाकर नौकरी करना एक बड़ा पारिवारिक और सामाजिक संकट बन जाता है। घर के पास नौकरी मिलने से न केवल सुरक्षा की भावना बढ़ेगी, बल्कि समाज में महिलाओं की स्थाई उपस्थिति और भूमिका भी मजबूत होगी। हालांकि इस फैसले को लेकर विपक्षी दलों की मिश्रित प्रतिक्रिया सामने आई है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने इसे नीतीश कुमार की चुनावी चाल बताया है और आरोप लगाया है कि सरकार महिलाओं की वास्तविक समस्याओं को दूर नहीं कर पा रही, बल्कि सिर्फ भावनात्मक मुद्दों को उछालकर वोट बटोरने की कोशिश कर रही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बलूचिस्तान में 9 बस यात्रियों की गोली मारकर हत्या

## बंदूकधारियों ने बस रोककर किडनैप किया, पहचान करने के बाद मारी गोली

**क्वेटा।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में गुरुवार देर रात क्वेटा से लाहौर जा रही एक यात्री बस को हथियारबंद लोगों ने रोककर 9 यात्रियों को अगवा किया और उन्हें गोलियों से भून दिया। यह घटना नार्थ बलूचिस्तान के सर धक्का इलाके में झोब के पास हुई, जो लंबे समय से चरमपंथियों की गतिविधियों का केंद्र रहा है। झोब के असिस्टेंट कमिश्नर नवीन आलम के मुताबिक, हमलावरों ने बस से यात्रियों को उतारा, पहचान की और फिर 9 लोगों को गोली मार दी।



**ये सभी शव बरखान जिले के रेखनी अस्पताल भेजे गए हैं हमलावर पहले से योजना बनाकर आए थे**

**पाकिस्तान सरकार ने मई में बलूचिस्तान के सभी विद्रोही संगठनों को फितना-अल-हिंदुस्तान का नाम दिया है**

आलम ने बताया कि ये सभी शव बरखान जिले के रेखनी अस्पताल भेजे गए हैं। हत्या का तरीका बताता है कि हमलावर पहले से योजना बनाकर आए थे और टारगेटेड किलिंग कर रहे थे। बलूचिस्तान की प्रांतीय सरकार इसे भारत समर्थित हमला बता रही है। सरकार ने इस हमले के पीछे फितना अल-हिंदुस्तान का हाथ होने की बात कही है। पाकिस्तान सरकार ने मई में बलूचिस्तान के सभी विद्रोही संगठनों को फितना-अल-हिंदुस्तान का नाम दिया है। इनमें बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) सबसे बड़ा और प्रमुख संगठन है। सरकारी प्रवक्ता शाहिद रिंद ने कहा यह सिर्फ एक हमला नहीं, निर्दोष पाकिस्तानियों की क्रूर हत्या है। यह फितना अल-हिंदुस्तान की बर्बर सोच का नतीजा है। रिंद ने बताया कि मास्तुंग, कालात और सरदगाई में भी फितना अल-हिंदुस्तान से जुड़े आतंकियों ने हमले किए, लेकिन वहां सुरक्षा बलों ने स्थिति को संभाल लिया। झोब में हमला अंधेरे का फायदा उठाकर किया गया, जिससे हमलावर बच निकले। रिंद ने यह भी बताया कि लोरालाई में भी यात्रियों के अगवा होने की सूचना है और उनके लिए तलाशी अभियान जारी है। इस्लामाबाद स्थित थिंक टैंक पाकिस्तान इंस्टीटयूट फार कान्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी (पीआईसीएनएन) की रिपोर्ट बताती है कि मई 2025 में देश में कुल 85 आतंकी हमले हुए। इनमें बलूचिस्तान सबसे ज्यादा प्रभावित रहा। यहां अकेले 35 हमले हुए जिनमें 51 लोगों की मौत और 100 से ज्यादा घायल हुए। इनमें नागरिकों की संख्या सबसे ज्यादा है। हमलों में 30 आम लोग, 18 सुरक्षाकर्मी और 3 आतंकी मारे गए।

## पाक अभिनेत्री हुमैरा का शव मौत के नौ महीने बाद फ्लैट में मिला

**कराची।** पाकिस्तानी मॉडल एवं अभिनेत्री हुमैरा असगर अली का शव आठ जुलाई को कराची के डिफेंस हाउसग अथॉरिटी (डीएचए) में उनके अपार्टमेंट में मिला। स्थानीय पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, अभिनेत्री का शव मृत्यु के नौ महीने से अधिक समय बाद बरामद किया गया। डॉक्टरों ने कहा कि शव इतना सड़ चुका था कि यह पता लगाना लगभग असंभव था कि उनकी मृत्यु कैसे हुई। दक्षिण पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) सैयद असद रजा के अनुसार, 32 वर्षीय अभिनेत्री के शव का पता तब चला जब पुलिस और अदालत का कर्मचारी बकाया किराया न चुकाने के कारण फ्लैट खाली कराने के अदालती आदेश के साथ उनके अपार्टमेंट पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि बार बार दरवाजा खटखटाने पर जब कोई जवाब नहीं मिला तो अधिकारी इत्तेहाद कमर्शियल, फेज छह के चौथे मंजिल वाले अपार्टमेंट में घुसे जहां उन्होंने अभिनेत्री की सड़ी-गली लाश बरामद की।

# ईरानी हमले में अमेरिकी एयरबेस हुआ था तबाह

## कतर स्थित अमेरिकी एयरबेस का संचार केंद्र आया निशाने पर




**वाशिंगटन।** गत माह ईरान के हमले में कतर स्थित अमेरिका के एयरबेस पर जियोडेसिक गुंबद को नुकसान पहुंचा। इस जियोडेसिक गुंबद का इस्तेमाल अमेरिकी वायुसेना द्वारा सुरक्षित संचार के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। सैटेलाइट तस्वीरों से यह खुलासा हुआ है।

हालांकि अमेरिका या कतर की सरकार ने इसे लेकर कोई बयान नहीं दिया है। अमेरिका ने बीते महीने बंकर बस्टर बमों से ईरान के तीन परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया था। इसके जवाब में ईरान ने कतर स्थित अमेरिकी वायुसेना के ठिकाने पर हमला किया था। हालांकि उसके बाद दोनों देशों में शांति समझौता हो गया था। ईरान ने 23 जून को कतर स्थित अल उदैद एयर बेस को निशाना बनाया था। ईरान के हमले में अमेरिकी एयरबेस को मामूली नुकसान हुआ। इसकी वजह ये रही कि अमेरिका ने हमले से पहले ही अपने लड़ाकू विमानों को सेना के सेंट्रल कमांड मुख्यालय स्थानांतरित कर दिया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भी बताया कि ईरान ने हमले से पहले ही संकेत दे दिए थे कि हमला कहां होने वाला है, जिससे अमेरिका को अपने बचाव में कदम उठाने का मौका मिला। प्लेनेट लैब्स की सैटेलाइट तस्वीरों से पता चला कि ईरानी हमले में अमेरिकी एयरबेस पर स्थित जियोडेसिक गुंबद को नुकसान पहुंचा है। जियोडेसिक गुंबद का इस्तेमाल अमेरिकी सेना सुरक्षित संचार के लिए इस्तेमाल करती थी। कतर के अल उदैद एयर बेस पर अमेरिकी वायुसेना की 379वीं एयर एक्सपीडिशनरी विंग तैनात है। 25 जून को ली गई सैटेलाइट तस्वीरों से पता चला है कि ईरानी हमले के बाद जियोडेसिक गुंबद तबाह हो गया है। हालांकि इसके अलावा और कोई नुकसान नहीं हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान के हमले को बेहद कमजोर बताया था और कहा कि हमले में अमेरिका को कोई नुकसान नहीं हुआ। हालांकि ईरान ने दावा किया कि उनके हमले में एयरबेस को भारी नुकसान हुआ है।

# ट्रम्प ने कनाडा पर 35% टैरिफ लगाया

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा किया है कि अमेरिका अगले महीने कनाडा से आयात पर 35 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा जबकि वह अन्य अधिकांश व्यापारिक साझेदारों पर 15 या 20 प्रतिशत का टैरिफ लगाने पर विचार कर रहा है।

**■ यह पत्र ट्रम्प और कार्नी के बीच मधुर होते संबंधों के बीच आया**

गुरुवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जारी एक पत्र में ट्रम्प ने कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी को बताया कि नई दर एक अगस्त से लागू होगी और अगर कनाडा ने जवाबी कार्रवाई की तो यह और बढ़ जाएगा। यह पत्र सोमवार से ट्रम्प द्वारा जारी किए गए 20 से अधिक ऐसे पत्रों में नवीनतम है क्योंकि वह दर्जनों अर्थव्यवस्थाओं के खिलाफ व्यापार युद्ध की धमकियां जारी रखे हुए हैं। यह पत्र ट्रम्प और कार्नी के बीच मधुर होते संबंधों के बीच आया है। कनाडाई नेता छह मई को व्हाइट हाउस गए थे और ओवल ऑफिस में ट्रम्प के साथ सौहार्दपूर्ण बैठक की थी। पिछले महीने कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन में उनकी फिर से मुलाकात हुई जहां नेताओं ने ट्रम्प पर उनके कठोर व्यापार युद्ध से पीछे हटने के लिए दबाव डाला।

# अमेरिका नाटो के जरिये यूक्रेन को देगा हथियार

## 2.5 हजार करोड़ के मिसाइल-रॉकेट, NATO 100% खर्च देगा, रूस पर बयान दे सकते हैं ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका नाटो के माध्यम से यूक्रेन को हथियार भेजेगा और नाटो इन हथियारों का पूरा खर्च देगा। ट्रम्प ने कहा-नाटो सहयोगियों और यूक्रेन के बीच अमेरिका से हथियारों की आपूर्ति को लेकर एक नया समझौता हुआ है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका 300 मिलियन डॉलर (2.5 हजार करोड़ रुपए) का पैकेज यूक्रेन को भेजने की तैयारी कर रहा है, जिसमें पैट्रियट मिसाइल सिस्टम और मीडियम रेंज के राकेट शामिल होंगे, हालांकि हथियारों पर अंतिम निर्णय अभी बाकी है। बता दे, अमेरिका खुद नाटो का सदस्य है। नाटो एक अंतर्राष्ट्रीय सैन्य गठबंधन है। 2025 तक नाटो के 32 सदस्य देश हैं। इसका मकसद सदस्य देशों की सामूहिक सुरक्षा सुनिश्चित करना और बाहरी हमलों से उनकी रक्षा करना है। अमेरिका



नाटो खर्च में 66 प्रतिशत हिस्सा देता है। इसके साथ ट्रम्प ने कहा कि वे सोमवार को रूस को लेकर बड़ा बयान दे सकते हैं। राष्ट्रपति बनने के बाद ये पहली बार होगा जब ट्रम्प प्रेसिडेंशियल ड्राडाउन अथारिटी के तहत यूक्रेन को हथियार भेजने की अनुमति देंगे। यह एक कानूनी तरीका है जो राष्ट्रपति को बुरे समय में अमेरिकी भंडार से सीधे हथियार भेजने की अनुमति देता है। इससे पहले ट्रम्प सरकार ने केवल पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा मंजूर किए गए हथियार ही यूक्रेन को भेजे थे। यह हथियारों का नया समझौता अमेरिका, नाटो और यूक्रेन के बीच है। पहले अमेरिका सीधे यूक्रेन को हथियार भेजता था, लेकिन अब यह प्रक्रिया नाटो के जरिए होगी। ट्रम्प ने कहा कि हम नाटो को हथियार भेजेंगे, और नाटो इनका पूरा पैसा देगा। फिर नाटो इन्हें यूक्रेन को देगा। ट्रम्प ने ये कदम रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रति उनकी बढ़ती नाराजगी के बाद लिया है। ट्रम्प ने 7 जुलाई को व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा कि वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से खुश नहीं हैं। उन्होंने कहा था- सच कहूं तो मैं इस बात से निराश हूं कि पुतिन ने अपनी हरकतें बंद नहीं की। दरअसल, ट्रम्प ने रूस और यूक्रेन से युद्ध विराम के लिए कई बार बातचीत की थी, लेकिन पुतिन ने सीजफायर से मना कर दिया था।

# अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई में अधिकारियों की वफादारी की जांच

**वाशिंगटन।** अमेरिकी जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो आफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) इन दिनों अपने ही सीनियर अधिकारियों की वफादारी जांचने के लिए पालीग्राफ टेस्ट यानी झूठ पकड़ने वाली मशीन का उपयोग कर रही है।

**■ झूठ पकड़ने वाली मशीन से पूछे जा रहे हैं सवाल**

जिन अफसरों से सवाल पूछे जा रहे हैं, उनमें कुछ से ये भी पूछा गया कि क्या उन्होंने एफबीआई निदेशक कश पटेल के खिलाफ कुछ नकारात्मक कहा था। अब तक एफबीआई इस तरह के टेस्ट उन्हीं कर्मचारियों पर करती थी जिन पर देशद्रोह या गोपनीय सूचनाएं लीक करने का शक होता था, लेकिन जब से कश पटेल ने एफबीआई निदेशक का पद संभाला है, तब से इस टेस्ट का उपयोग कई गुना बढ़ गया है। अब यह व्यक्तिगत निष्ठा जांचने का हथियार बनता जा रहा है। एफबीआई से मीडिया में लगातार खबरें लीक होने की वजह से एजेंसी में पालीग्राफ टेस्ट बढ़ गए हैं। दर्जनों अफसरों से पालीग्राफ टेस्ट में पूछा गया कि क्या उन्होंने काश पटेल के खिलाफ कोई बयान दिया है। सूत्रों के मुताबिक एक बार यह पता लगाने के लिए टेस्ट किया गया कि काश पटेल के सर्विस वेपन की मांग करने की खबर मीडिया को किसने दी। काश पटेल एफबीआई एजेंट नहीं है, उन्हें सर्विस वेपन (हथियार) का अधिकार नहीं है।



भुवनेश्वर। पार्टी के 'संविधान बचाओ समावेश' के दौरान बोलते लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

## अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने की 1300 से ज्यादा कर्मचारियों को निकालने की घोषणा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने ट्रम्प प्रशासन की एक पुनर्गठन योजना के तहत शुक्रवार को 1300 से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की घोषणा की है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 1107 सिविल सर्वेंट्स और 246 विदेश सेवा अधिकारियों को नौकरी से हटाने के नोटिस भेजे जा रहे हैं। विदेश सेवा अधिकारियों को 120 दिनों की प्रशासनिक छुट्टी पर रखा जाएगा, जिसके बाद उनकी नौकरी समाप्त हो जाएगी। सिविल सर्वेंट्स के लिए यह अवधि 60 दिन होगी। विदेश मंत्रालय का कहना है कि यह कदम गैर-जरूरी कामों को खत्म करने के लिए उठाया गया है ताकि विदेशों में विभाग को अधिक कुशल बनाया जा सके।

# बांग्लादेश में कट्टरपंथी पार्टियों को सेना का समर्थन

## हसीना की पार्टी चुनावी मैदान से गायब

**ढाका।** बांग्लादेशी आर्मी के चीफ जनरल वाकर-उज-जमान का झुकाव अब कट्टरपंथी इस्लामी दलों की ओर देखा जा रहा है।

जिनमें जमात- ए-इस्लामी, इस्लामी आंदोलन बांग्लादेश, खिलाफत मजलिस, मुत्ताहिदे मजलिस-ए-अमल, और तंजीमुल उलेमा जैसे दल शामिल हैं। ये सभी मिलकर एक कट्टरपंथी गठबंधन के रूप में उभर रहे हैं और एकजुट होकर प्रोपोर्शनल रिप्रेजेंटेशन प्रणाली (मत प्रतिशत आधारित सीट बंटवारा) की मांग कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि यह मांग नहीं मानी गई तो वे चुनाव बहिष्कार का रास्ता अपनाएंगे। मुख्य विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) अंदरूनी चुनौतियों

**■ मुख्य विपक्षी पार्टी खालिदा की बीएनपी मुश्किलों में घिरी**

से जूझ रही है। पार्टी अब तक उम्मीदवार तय नहीं कर पाई है और हर सीट पर कई दावेदारों के चलते अंतर्विरोध गहराते जा रहे हैं। ऐसे में नेता तारीक रहमान की संभावित वापसी को पार्टी संकट से उत्थान की अंतिम उम्मीद मान रही है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग चुनावी मैदान से लगभग गायब है। वहीं तेजी से उभर रही छात्रों की पार्टी नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) जबरदस्त प्रचार कर रही है। चीफ एडवाइजर के नेतृत्व में राष्ट्रीय सहमति आयोग व संविधान सुधार आयोग ने दो सदन वाली संसद की सिफारिश की है।

# अमेरिकी हमले में भी बच गया ईरानी परमाणु कार्यक्रम

## इजरायली अधिकारी ने किया चौंकाने वाला दावा

**तेल अवीव।** इजरायल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दावा किया है कि बीते महीने अमेरिका द्वारा किए गए हमले के बावजूद ईरान का परमाणु कार्यक्रम बच गया और ईरान अभी भी यूरेनियम संवर्धन की क्षमता हासिल कर सकता है।

अमेरिका के बंकर बस्टर बम बनाने वाली एजेंसी ने भी कहा है कि वे इस बात की समीक्षा कर रहे हैं कि बंकर बस्टर बम अपने लक्ष्य तक पहुंचे या नहीं। गौरतलब है कि इजरायली अधिकारी का यह दावा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे के विपरीत है, जिसमें ट्रंप ने कहा था कि अमेरिकी हमले में ईरान के परमाणु ठिकाने तबाह हो गए हैं और ईरान को यूरेनियम संवर्धन की क्षमता हासिल करने में अब कई साल लगेंगे। अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी ने भी एक प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा कि हमलों ने फोर्डो, नतांज और इस्फहान स्थलों को काफी नुकसान पहुंचाया, लेकिन वे पूरी तरह से नष्ट नहीं हुए हैं। वरिष्ठ इजरायली अधिकारी ने कहा कि ऐसा माना जा रहा है कि ईरान का अधिकांश संवर्धित यूरेनियम इस्फ़हान परमाणु ठिकाने में गहराई से दबा हुआ है।

आवश्यकता है हॉलैंड की प्रसिद्ध कंपनी
साऊदी अरब के लिए आवश्यकता है
श्रम-वेतन-1000 साऊदी रियाल, आयु - 21 से 28 वर्ष, ड्यूटी - 10 घंटे, सप्ताह में 6 दिन
केवल मुस्लिम उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं
नि:शुल्क भर्ती, ट्रांसपोर्ट फ्री, रहना व खाना फ्री
इच्छुक उम्मीदवार पासपोर्ट, फोटोग्राफ लेकर निम्न पते पर मिलें
दिल्ली: अम्बे कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, ए-3 ब्लॉक सी कम्यूनिटी सेंटर नारायण बिहार नई दिल्ली 011-45661111, 9910043893
चंडीगढ :- अम्बे कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
एससीओ 15, सेक्टर 20डी (लेबर चौंक) चंडीगढ M:73558-48978

# संकट में भारतीय: म्यांमार से रिहाई की तीव्र मांग उठी

## म्यांमार में फंसे 44 भारतीय नागरिकों में केरल के पांच नागरिक भी शामिल

**तिरुवनंतपुरम।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव और लोकसभा सदस्य केसी वेणुगोपाल ने म्यांमार में मानव तस्करी में फंसे 44 भारतीयों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए विदेश मंत्रालय से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

म्यांमार में फंसे 44 भारतीय नागरिकों में केरल के पांच नागरिक भी शामिल हैं। वेणुगोपाल ने कहा कि पीड़ितों पर क्रूर शारीरिक हमले किए गए तथा उनके फोन, पासपोर्ट और अन्य सामान जब्त कर लिए गए जिससे वे बाहरी दुनिया से कट गए हैं। पीड़ितों को कथित तौर पर म्यांमार के डोंगमेई पार्क में रैकेट चलाने वालों द्वारा खतरनाक परिस्थितियों में रखा गया है जिससे उनके परिवार गहरी चता में हैं। वेणुगोपाल ने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर एक पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने कहा है कि पीड़ितों में से एक, केरल के कासरगोड के पदन्ना निवासी मशूद



**■ पीड़ितों को यूरोप स्थित एक कंपनी के पैकिंग विभाग में नौकरी दिलाने का वादा किया जाता है**

अली ने 10 दिन पहले भारतीय दूतावास में शिकायत दर्ज की थी लेकिन उसपर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। मशूद अली ने खुलासा किया कि तस्कर विदेश में नौकरी चाहने वाले लोगों को भर्ती करने के लिए फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करते हैं। इस घोटाले में ऐसे लोगों को फर्जी नौकरी का ऑफर देकर फंसाया जाता है और फिर उनका इस्तेमाल दूसरों को भर्ती करने के लिए किया जाता है। पीड़ितों को यूरोप स्थित एक कंपनी के पैकग विभाग में नौकरी दिलाने का वादा किया जाता है। प्रत्येक व्यक्ति से तीन से पांच लाख रुपये वसूलने के बाद, तस्कर उनका विश्वास जीतने के लिए दो महीने का वीज़ा और हवाई जहाज का टिकट उपलब्ध कराते हैं। शुरुआत में, भर्ती किए गए लोगों को बैंकॉक भेजा जाता है और तथाकथित प्रदर्शन मूल्यांकन के तहत कुछ दिनों तक काम कराया जाता है। फिर उन्हें बताया जाता है कि बेहतर रोज़गार के लिए उन्हें ब्रिटेन भेजा जाएगा लेकिन इसके बजाय उन्हें गुप्त रूप से म्यांमार भेज दिया जाता है। मशूद अली ने बताया कि कोल्लम का एक और पीड़ित जिष्णु, जो उसके साथ एक कमरे में रहता था, पिछले दिन से लापता है।

# अमेरिका ने दी अपने लोगों को ईरान न जाने की सलाह

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने अपने नागरिकों के लिए ईरान की यात्रा न करने की एक 'नई यात्रा सलाह' जारी करते हुए कहा है कि भले ही बमबारी बंद हो गई हो लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वहां की यात्रा सुरक्षित है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने अपने नागरिकों खासकर ईरानी मूल के लोगों को ईरान की यात्रा के गंभीर खतरों के बारे में आगाह करते हुए एक नया जागरूकता अभियान शुरू किया है। विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने ईरानी मूल के लोगों से ईरान की यात्रा से बचने का आग्रह किया है। यह परामर्श ऐसे समय में आया है जब एक दिन पहले ही अमेरिका ने ईरानी प्रशासन की ओर से अवैध तेल व्यापार में शामिल कई जगहों में फैले एक नेटवर्क से जुड़ी 22 संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाया है। एक प्रेस वार्ता में सुब्रूस ने ज़ोर

**बमबारी हालांकि बंद हो गई है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि ईरान की यात्रा करना सुरक्षित है**

दिया कि ईरानी सरकार दोहरी नागरिकता स्वीकार नहीं करती है और हिरासत में लिए गए अमेरिकी नागरिकों को नियमित रूप से राजनयिक पहुंच देने से इनकार करती है।

उन्होंने कहा कि विभाग एक नए जागरूकता अभियान की घोषणा कर रहा है जिसमें अमेरिकियों खासकर ईरानी अमेरिकियों को ईरान की यात्रा के लगातार बढ़ते गंभीर खतरों के बारे में चेतावनी दी जाएगी। ईरानी शासन दोहरी राष्ट्रीयता को मान्यता नहीं देता है। और हिरासत में लिए गए अमेरिकी नागरिकों को नियमित रूप से कांसुलर सेवाएं देने से इनकार करता है।

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट